माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 2-, अंक -177, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16
वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 15

कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

लखनऊ। किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।

एक नजर

पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने इसके पहले 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था।

प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। इस यात्रा को शुरू हुए 34 दिन हो चुके हैं। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

एनआरआई शादियों के लिए अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

▸▸ विधि आयोग ने की सिफारिश, बनाया जाए सख्त कानून

नई दिल्ली। विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून एनआरआई और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा, चार बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की बम बनाने की जानकारी

अमृत विचार : एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ की।

एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने इनको निष्क्रिय किया। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि डालकर बम तैयार किए गए थे। यह बोतल बम उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। जावेद ने बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरर्शी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट से ली थी। इन बम का कहां प्रयोग करना था यह इमराना ही जानती है। जावेद पहले भी इस तरह के बम बनाकर बेच चुका है।

बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन की गई जान

संवाददाता फतेहपुर

▸▸ चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने हादसा, ट्रक छोड़ भागा चालक

अमृत विचार : हुसैनगंज की तरफ से शहर आ रहे बाइक सवार तीन युवक शुक्रवार दोपहर हादसे का शिकार हो गए। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने रौंद दिया, तीनों युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी।

राधानगर थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी नीलू, रमऊ तिवारी और गाजीपुर के महमदपुर निवासी सुजीत यादव खेती करते थे। शुक्रवार को तीनों एक ही बाइक से बेरागढ़ीवा स्थित बाजार में भैंस देखने गए थे। जहां से वह शहर के लिए निकले थे। लखनऊ रोड स्थित चौफेरवा पॉवर हाउस के सामने शहर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर ट्रक के नीचे आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में तीनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर सीओ समेत कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला, पुलिस ट्रक नंबर के जरिए मालिक और चालक की तलाश कर रही है।

प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे।

▸▸ भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक थे

लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनकी सांस उखड़ने लगी। परिवार के लोगों ने डॉक्टर से सम्पर्क किया लेकिन डॉक्टर के आने से पहले ही निधन हो गया।

उनके निधन की सूचना पाते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने के लिए रंगकर्मियों का हुजूम उमड़ पड़ा।

गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

9 पीपीएस अफसरों का तबादला

अमृत विचार : एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही के पद पर भेजा गया है, वहीं राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को अपर पुलिस अधीक्षक अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्डा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

अमृत विचार : शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

2025 कुंभ से पहले गंगाजल हो जाएगा आचमन करने लायक

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करके किया दावा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा को साफ व स्वच्छ बनाने में 30 हजार करोड़ से अधिक लागत से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराए गए हैं। यही वजह है कि गंगा पहले के मुकाबले काफी अविरल व निर्मल हुई हैं, लेकिन कुछ टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है, जिनपर कार्रवाई की जाएगी और वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले कुंभ से पहले गंगा का पानी आचमन लायक बना लिया जाएगा। यह बात जाजमऊ स्थित कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को कानपुर आए और उन्होंने जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि जाजमऊ का सीईटीपी व एसटीपी टेनरी सेक्टर में एशिया का सबसे बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी लागत सवा छह सौ करोड़ रुपये है। इसकी मदद से प्रतिदिन कई करोड़ लीटर दूषित पानी को स्वच्छ बनाया जा सकता है। 2014 में वाराणसी से चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री ने गंगा के सामने यह संकल्प लिया था कि गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित कराई जाएगी। तब नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य शुरू किए गए। पिछले नौ साल में अब तक लगभग 30 हजार करोड़ से ज्यादा से कार्य किया गया है। इस लागत से पानी का शोधन, इंफ्रास्ट्रक्चर, गंगा नदी की सहायक नदियों पर इसी तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर वेटलेंट का कंजरवेशन व गंगा नदी के पूरे ईको सिस्टम को सुधारने के लिए समन्वित प्रयास नमामि गंगे मिशन के तहत हुए हैं। कानपुर में गंगा की निर्मलता को देखकर यह कहना गलत नहीं कि होगा कि नमामि गंगे मिशन सफल हुआ है। कानपुर की लेदर इंड्रस्टी विश्व विख्यात है। जो पुराना ट्रीटमेंट प्लांट था, वह नौ एमएलडी का था। उसकी शिथिलता के चलते यहां उद्योगों को सरकारों व न्यायालयों ने आधे-अधूरी क्षमता से चलाने के निर्देश दिये थे या उन्हें बंद कर दिया था। वहीं, पुराना ट्रीटमेंट प्लांट भी पूरी तरीके से ट्रीट नहीं कर पा रहा था। इसलिए पीएम ने एशिया का सबसे बडा टेनरी सेक्टर का ट्रीटमेंट प्लांट कानपुर को दिया। अंग्रेजों के जमाने का बना सीसामऊ नाला बंद कराया।

प्रधानमंत्री के प्रयासों से यह गर्व से कह सकता हूं कि वर्ष 2025 तक गंगा नदी में एक बूंद अशुद्ध जल नहीं गिरेगा, कुंभ आने तक यह हालत कर दिए जाएंगे कि कुंभ में आने वाले श्रद्धालु गंगा के अविरल व निर्मल जल से स्नान और आचमन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वह एक साल बाद फिर आएंगे। तब तक पूरे सीईटीपी व एसटीपी परिसर में पौधरोपण होना चाहिए।

प्लांट के निरीक्षण के दौरान शोधित जल देखते केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

पहले गंगा में अंगुली डालने से काली हो जाती थी

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि मानक के तहत यहां से निकलने वाले पानी को खेतों में सिंचाई के लिए भेजा जा रहा है। पहले ट्रीटमेंट प्लांट न होने से जहरीला पानी गंगा में जाता था, जिस कारण जलीय जीवन बिलकुल समाप्त हो गया था। कानपुर में ऐसा कहा जाता था कि यदि गंगा में हाथ की अंगुलियों को डालकर बाहर निकालो तो अंगुलियां काली पड़ जाती थीं। ऐसे में नदी में रहने वाले जीव का यहां रहना सम्भव नहीं था। लेकिन अब ऐसा बिल्कुल नहीं है।

- 2025 तक गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा
- गंगा को प्रदूषित करने वाली टेनरियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

30 हजार करोड़ से ज्यादा से कराए काम

09 साल से युद्धस्तर पर हो रहा है काम

100 करोड़ से नाले बंद किये जाएंगे

चोर नाले पर चुप्पी साध गए केंद्रीय मंत्री

लेदर इंड्रस्टी के लिए कानपुर एशिया में सुप्रसिद्ध था, लेकिन गंगा में जा रहे टेनरियों के गंदे के पानी की वजह से कुछ टेनरियों को बंद कर दिया गया था। वहीं, कुंभ आदि धार्मिक आयोजन होने के कुछ माह पहले से टेनिरियों का संचालन बंद करा दिया जाता था, तब श्रद्धालु गंगा में स्नान कर पाते थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 तक पूर्ण रूप से गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा। इसके लिए सरकार 100 करोड़ की परियोजना लाकर इन नालों को बंद कराने का काम करेगी। वहीं, जब मीडिया कर्मियों ने प्लांट के पास ही गिर रहे एयरफोर्स चोर नाले के बारे में जानकारी करनी चाहिए तो वह चुप्पी साध गए।

मंत्री जी देखिए, यहां कैसे ली जा सकती सेल्फी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंत्री जी, आप कह रहे हैं कि सीसामऊ नाला पूरी तरह से बंद है और तो और यहां पर सेल्फी भी ली जा सकती है, लेकिन मंत्री जी हकीकत तो ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने के बाद सीसामऊ नाला फिर से गंगा में गिरने लगा था। जिम्मेदार अधिकारियों ने कागजों पर ही सीसामऊ नाले का पानी रोककर गुमराह किया है।

जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि जब मां गंगा की अविरलता व निर्मलता के संबंध में प्रश्न चिन्ह खड़े किए जाते हैं तब कानपुर के सीसामऊ नाले की फोटो व वीडियो दिखाया जाता है। इस सीसामऊ नाले से प्रतिदिन 14 करोड़ लीटर गंदा पानी गंगा में गिरता था, काफी प्रयासों के बाद यह नाला बंद कराया गया, जो अब पिकनिक स्पॉट जैसा बन गया है। लोग यहां पर जाकर सेल्फी लेते हैं। मंत्री जी की यह बात गले नहीं उतर रही है। क्योंकि वर्ष 2019 के दिसंबर माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने पर सीसामऊ नाले को बंद कर सेल्फी प्वाइंट जरूर बनाया गया था, लेकिन अब सीसामऊ नाले का पानी प्रतिदिन गंगा में गिर रहा है जो गंदा को दूषित कर रहा है। वहीं, कई छोटे व बड़े नालों व टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है।

गड्ढा युक्त सड़क से गुजरती सरकार...

गड्ढा युक्त सड़क पर हिचकोले खाती, धूल उड़ाती, सीवर भराव में दुर्गंध से गुजरी सरकार तो अफसरों के माथे पर पसीना आ गया। गाड़ी में बैठे माननीय व अफसरों ने तुरंत गाड़ी के शीशे बंद करवा दिए। वाक्या जाजमऊ वाजिदपुर इलाके का है जहां शुक्रवार को ट्रीटमेंट प्लांट सीईटीपी का निरीक्षण करने केंद्र सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति स्वतंत्र देव सिंह का काफिला टूटी व गड्ढे वाली सड़क सीवर भराव के बीच से गुजरा। फोटो – मनोज तिवारी

युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मॉल में काम करने वाली युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। शव से कुछ दूरी पर मोबाइल और सिम कार्ड अलग-अलग पड़ा मिला।

बर्रा छह में रहने वाले प्राइवेट कर्मी विजय सिंह ने बताया कि उनकी छोटी बेटी 23 वर्षीय निशा कल्याणपुर के एक मॉल में काम करती थी। वह किराए पर कमरा लेकर रहती थी। गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह निशा का मोबाइल पहुंच से बाहर बताता रहा। दोपहर करीब 12 बजे कल्याणपुर पुलिस ने उनको फोन कर बताया कि बेटी ने दलहन अनुसंधान क्रॉसिंग के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पिता विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम को ही पत्नी उससे मिलकर आई थीं। तब कोई परेशानी की बात नहीं थी।

होमगार्ड न फोटो खींचेंगे, न चालान करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गुरुवार को घंटाघर चौराहे पर होमगार्ड के अधिवक्ता को झापड़ मारने और अभद्रता करने के विरोध में लायर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला। बताया कि विवाद के दौरान अधिवक्ता की बाइक भी चोरी हो गई, जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं की।

पुलिस कमिश्नर ने तत्काल चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। इसी के साथ आश्वासन दिया कि होमगार्ड अब वाहनों का चालान नहीं करेंगे और न ही फोटो खींचेंगे।

केशव नगर निवासी अधिवक्ता बृज कुमार भारतिया को गुरुवार दोपहर एक बजे घंटाघर चौराहे पर हेलमेट न होने की वजह से होमगार्ड वीरेंद्र कुमार ने रोक लिया था और फोटो खींच कर चालान करने लगा। फिर 500 रुपये में छोड़ने के लिए कहा। विरोध करने पर होमगार्ड ने अधिवक्ता भारतिया को थप्पड़ जड़ दिया था। सूचना पर कई अधिवक्ताओं ने मौके पर पहुंच कर हंगामा किया था। विवाद के दौरान अधिवक्ता की मौके से गाड़ी भी चोरी हो गई, जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। शुक्रवार को लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिला।

अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि शहर भर के चौराहों पर होमगार्ड वाहनों की फोटो खींच कर अवैध वसूली कर रहे हैं। दूसरे शहरों की गाड़ियों होमगार्ड और ट्रैफिक कर्मी घेर कर रोकते हैं। पुलिस कमिश्नर ने तत्काल प्रभाव से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए।

उन्होंने साथ ही निर्देश दिए कि चौराहों पर होमगार्ड वाहनों की फोटो खींच कर चालान नहीं करेंगे। इस दौरान विजय सागर, अरविंद दीक्षित, देशबंधु तिवारी, नूर आलम, ऋषभ मिश्रा, युग अवस्थी, नितिन पांडेय, आयुष शुक्ला, श्रीकांत मिश्र मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से विरोध दर्ज कराते अधिवक्ता। अमृत विचार

- वकीलों की शिकायत पर पुलिस कमिश्नर ने दिए आदेश
- अभद्रता के विरोध में अधिवक्ता पुलिस कमिश्नर से मिले, की शिकायत
- घंटाघर चौराहे पर होमगार्ड ने अधिवक्ता की पिटाई की थी

11 वीं की छात्रा ने खाया जहर, मौत

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र में 11वीं की छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। छात्रा की मां ने हैलट में डॉक्टर पर इलाज न करने का आरोप लगाया है।

विजय नगर निवासी अनूप की 17 वर्षीय बेटी तान्या 11 वीं की छात्रा थी। मां सावित्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह बेटी उल्टी करने लगी। बेटी की जेब से चिठ्ठी मिली जिसमें जहर खाने की बात लिखी थी। उसे हैलट ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मां ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के बजाये नाम पता ही पूछते रहे। देरी से इलाज शुरू किया तो उसने दम तोड़ दिया।

अखिलेश यादव से मिले बेरिया, सपा में वापसी पर लगी मुहर

घर वापसी

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

कानपुर। सपा सरकार में मंत्री रहे वर्तमान में भाजपा नेता शिवकुमार बेरिया की सपा में वापसी का रास्ता तय हो गया है। शुक्रवार को लखनऊ में बेरिया ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर गिले-शिकवे दूर किए। इस दौरान मध्यस्थ रहे विधायक अमिताभ वाजपेयी भी उपस्थित रहे। अब बेरिया को सपा में किसी बड़ी सभा में औपचारिक रूप से शामिल कराया जाएगा।

अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे शिवकुमार बेरिया ने पांच बार अलग-अलग क्षेत्रों से विधानसभा का चुनाव जीता था। समाजवादी विचारधारा के वरिष्ठ नेता बेरिया ने पहला चुनाव सीसामऊ से 1989 में जीता था। दो बार वह बिल्हौर (सु) और दो बार रसूलाबाद (सु) से विधायक रहे। दलितों में उनकी मजबूत पकड़ है। मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाने वाले बेरिया राजनीतिक मतभेद के चलते भाजपा में शामिल हो गए थे। कानपुर में नेताजी के दौरे में चौधरी हरमोहन सिंह यादव और शिवकुमार बेरिया साथ होते थे।

सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से पहले बातचीत हो चुकी थी। उनकी स्वीकृति के बाद शुक्रवार की बैठक तय हुई। बेरिया की सम्मानजनक वापसी की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। प्रयास होगा कि कानपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में बेरिया और उनके समर्थकों की ज्वाइनिंग करायी जाए। विधायक वाजपेयी ने बताया कि नाराज होकर भाजपा में जाने वाले अन्य नेता भी चुनाव से पहले पार्टी में लौट आएंगे। सपा विधायक मोहम्मद हसन रूमी ने बताया कि बेरिया की ज्वाइनिंग को लेकर 11 फरवरी को अमिताभ के साथ पार्टी अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में वह भी थे। पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया ने विधानसभा चुनाव 2022 से पहले भाजपा की सदस्यता ली थी।

लखनऊ में अखिलेश यादव से मिले शिवकुमार बेरिया।

- विधायक अमिताभ वाजपेयी ने मतभेद दूर कराने में मध्यस्थता निभाई

स्टैंड संचालकों ने चालक को जमकर पीटा

कानपुर। दबंग स्टैंड संचालकों ने जमकर दबंगई दिखाई। हनुमंतविहार थाना क्षेत्र के उसमानपुर चौकी के पीछे सवारी बैठाने के विवाद में स्टैंड संचालकों और टाटा मैजिक के चालक में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद पुलिस चौकी के पीछे दबंग स्टैंड संचालकों ने चालक की जमकर पिटाई की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपना नाम शाह जहां खातून से बदलकर शांह जहां रख लिया है। मुझे इसी नाम से जाना–पहचाना जाए। – **शांह जहां पत्नी मकबूल अहमद नि0 ग्रा0 जारमऊ पो0 मंगौवा, बाराबंकी उ0प्र0**

सार्वजनिक सूचना

जी.एस. कालेज ऑफ लॉ

खजुरहट (गन्डई), तहसील–बीकापुर, जिला–अयोध्या (उ.प्र.), पिन कोड–224 206

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जी. एस. कॉलेज आफ लॉ खजुरहट (गंडई) बीकापुर, अयोध्या के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 14.2.2024 को अमर उजाला माई सिटी में पब्लिक नोटिस के माध्यम से प्रबंधक अनुरुद्ध कुमार तिवारी को हटाए जाने की सूचना दी गई है। जो पूर्णतया असत्य व निराधार है। कुछ माह पहले कॉलेज से महत्वपूर्ण प्रपत्र सहित थैला गुम हुआ था, काफ़ी खोजबीन के बाद भी न मिलने पर प्रबंधक जी द्वारा कोतवाली बीकापुर में दिनांक 13. 12. 2023 को गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। उन्हीं गुम हुए प्रपत्रों का दुरुपयोग एवं कूटरचना कर अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता व उनके पुत्र अनुज गोयल द्वारा प्रबंधक को गैरकानूनी तरीके से हटाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके संबंध में संजीव कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गोयल, राजेंद्र यादव उर्फ राजन आदि लोगों पर थ्प्ट पंजीकृत कराए जाने हेतु वाद श्रीमान न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) 3 अयोध्या के यहां विचाराधीन है। उपरोक्त सभी विपक्षी लोगों के द्वारा ट्रस्ट व कॉलेज के संबंध में प्रबंधक हस्ताक्षरित कोई कूटरचित लेख व प्रपत्र प्रस्तुत किए जाने पर बिना प्रबंधक की पुष्टि के उसे पूर्णतया असत्य, गैरकानूनी एवं कूटरचित माना जाय।

आज्ञा से
अनुरुद्ध कुमार तिवारी
प्रबंधक – जी. एस. कॉलेज आफ लॉ
सचिव – जी. एस. एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद रफीक, निवासी–मो0 लला कजियाना खुर्द जायस, जि0 अमेठी,** मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या–214496968 में मेरा नाम त्रुटिवश बाबू अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम बाबू उर्फ मो0 शकील है। यहकि मोहम्मद शकील व बाबू एक ही व्यक्ति के नाम हैं इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। अतः मेरी एलआईसी पॉलिसी में मेरा सही नाम बाबू उर्फ शकील दर्ज किया जाय।

सूचना

मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी इटावा का आवटन पत्र वास्तव मे कही खो गए है। जिसका डीड सं. 509 दिनांक 17.03.1966 है। जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा। **यतीन्द्र नाथ दुवे पुत्र सत्य नारायण दीक्षित निवासी मकान सं. 126 बी फ्रेन्डस कॉलोनी तुलसी नगर इटावा उ.प्र.**

सूचना

पहले मेरा नाम MITHILESH KUMARI था अब मैने बदलकर अपना नाम MITHILESH YADAV रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: AJAY KUMAR, R/O E-10, PANDEY KA TALAB COLONY TAL KATORA ROAD AISHBAGH LUCKNOW 226004**

सूचना

मैंने अपना नाम SAFINAJ से बदलकर SAYYED SAFINAZ रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/o- SAYYED MOHAMMAD AKRAM, Add- VILLAGE-SALAHUDDIN PATTI,Post-ZAMIN RASOOLPUR, JAMIN RASULPUR, AZAMGARH (U.P.)-276127**

पहल | तीन देशों की भारत सरकार के साथ चल रही बातचीत

एनएसआई में सीखेंगे विदेश के वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बेहतर चीनी उत्पादन के गुर सीखने के लिए फिजी और तंजानिया के वैज्ञानिक शहर आएंगे। इन देशों के साथ ही बांग्लादेश के विशेषज्ञों को भी चीनी उत्पादन से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए तीनों देशों की ओर से भारत सरकार से बातचीत चल रही है। प्रशिक्षण राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) में दिया जाएगा।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में विदेशी विशेषज्ञों को अत्याधुनिक शर्करा उत्पादन के तरीकों को समझाया जाएगा। इसके लिए संस्थान में विशेषज्ञों का पैनल बनाया जा रहा है। तकनीकी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि अनुमति मिलते ही विदेशी वैज्ञानिक यहां आ जाएंगे।

आवेदन पत्र दिखाते निदेशक नरेंद्र मोहन। अमृत विचार

चीनी मिलों का दौरा शामिल

तीनों देश से आने वाले वैज्ञानिकों को संस्थान की ओर से चीनी मिलों का दौरा भी कराया जा सकता है। यहां से सीखने के बाद वे अपने देशों में यहां के तरीकों को अपनाकर चीनी के उत्पादन में बढोत्तरी करेंगे। संस्थान में इससे पहले भी विदेशी विशेषज्ञ आकर चीनी उत्पादन से जुड़ी बारीकियों को सीख चुके हैं। इन देशों में केन्या प्रमुख रूप से शामिल हैं।

- संस्थान में चीनी उत्पादन के नए तरीके जानेंगे

कर्मचारियों का प्रशिक्षण देना जरूरी

चीनी मिलों में गुणवत्ता और रसायन नियंत्रण के लिए नवीनतम विश्लेषणात्मक तकनीक विषय पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में हुए कार्यक्रम में प्रदेश की बीस चीनी मिलों के तकनीकी कर्मियों ने भाग लिया। इस आयोजन में बताया गया कि कच्चे माल की गुणवत्ता और प्रक्रिया दक्षता के लिए गन्ने, चीनी व अन्य उत्पादों का सटीक विश्लेषण सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है। संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने कहा कि चीनी मिलों का कर्मचारियों का प्रशिक्षित होना बहुत जरूरी है। इससे उत्पादन क्षमता बेहतर होती है।

आम लोग भी सीख सकेंगे मशरूम खेती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएसए विश्वविद्यालय में आम लोग भी मशरूम की उन्नत खेती के गुर सीख सकेंगे। इसके लिए 19 फरवरी से विश्वविद्यालय में छह दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में मशरूम की खेती के फायदे और बाजार से भी रूबरू कराया जाएगा।

यह कार्यशाला चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मशरूम शोध एवं विकास केंद्र पादप रोग विज्ञान विभाग में होने जा रह है। मशरूम शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ एसके विश्वास ने बताया कि इस कार्यशाला में कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र व शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं वह शामिल हो सकते हैं।

विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग भी कराए जाएंगे। डॉ विश्वास ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के लिए एक हजार रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। इसके साथ ही अपनी आईडी (आधार की कॉपी) व पास पोर्ट साइज फोटो भी जमा करनी होगी। बाहर से आने वाले किसानों के लिए रहने की व्यवस्था भी होगी।

- सीएसए में एक सप्ताह की कार्यशाला, उन्नत मशरूम खेती के विशेषज्ञ बताएंगे गुर

आज का मौसम
तेज धूप के बीच हवा बहेगी, बादल भी आ सकते हैं।

26.4°	10.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 44	सूर्यास्त 06 : 02

शहर में आज

- **यात्रा :** बृजेंद्र स्वरूप पार्क में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में यात्रा सीसामऊ जैन मंदिर से सुबह 10 बजे।
- **कार्यशाला :** भारतीय बाल रोग अकादमी में आईएपी मेडिकोलीगल चैप्टर पर एक कार्यशाला दोपहर 12 :30 बजे।
- **जागरूकता :** मर्चेंट्स चैंबर ऑफ उप्र द्वारा संस्थानों में यौन उत्पीड़न की रोकथाम के संबंध में जागरूकता 12 :30 बजे।
- **कार्यशाला :** सखी केंद्र की ओर से थिंक टैंक कार्यशाला मर्चेंट चेंबर हाल में दोपहर 3 :30 बजे।
- **बैठक :** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की दर्शनपुरवा बग्गा टेंट हाउस के पास पप्पू के निवास पर बैठक तीन बजे।
- **कार्यशाला :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आईआईए भवन पनकी साइट पांच में कार्यशाला शाम चार बजे।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा होगी आज एसटीएफ और क्राइम ब्रांच मुस्तैद

पुलिस अफसरों ने तैयारियां कीं पूरी, खुफिया सक्रिय, सॉल्वरों पर रहेगी कड़ी नजर

परीक्षा की घड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शनिवार और रविवार को कानपुर के 110 सेंटरों में यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की आरक्षी नागरिक पुलिस लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अफसरों ने कमर कस ली है। शुक्रवार को दिन भर आलाधिकारियों ने इसकी तैयारियां कीं। साल्वर्स को रोकने के लिए एसटीएफ और क्राइम ब्रांच मुस्तैद होगी। इसके साथ ही खुफिया भी सक्रिय कर दी गई है। सेंटरों में किसी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस के साथ ही हर केंद्र पर एसटीएफ और क्राइम ब्रांच के जवानों का पहरा रहेगा।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) हरीश चन्दर ने बताया कि मुख्य चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मियों से सेंटर की जानकारी परीक्षार्थी ले सकेंगे। शहर में 110 सेंटर बनाए गए हैं। ये परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 से 12 और शाम 3 से 5 बजे तक होगी। दो दिन में चार पालियों में कुल 2,24,064 परीक्षा देंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि दो दिन में अभ्यर्थियों के अलावा काफी संख्या में अतिरिक्त लोग भी शहर में रहेंगे। दोनों लिखित परीक्षाएं दो- दो घंटे की होंगी।

सेंटरों पर पोस्टर में अंकित की गईं प्रतिबंधित की गईं चीजें। अमृत विचार

- परीक्षार्थियों के अलावा अन्य लोगों की भी भीड़ आएगी
- दो दिन तक शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

110 परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं शहर में

2.24 लाख अभ्यर्थी दो दिन में देंगे परीक्षा

02 दिन चार पालियों में कराई जाएगी परीक्षा

02 घंटे की होंगी लिखित परीक्षाएं

सेंटरों पर ये रहेगा प्रतिबंधित

जेसीपी ने बताया कि पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉलेट, चश्मा, टोपी, ज्वैलरी, खाना पीने की चीज, मोबाइल, पेन ड्राइव, कैमरा, घड़ी, चॉबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी भी अभ्यर्थी ने इसे छिपाकर ले जाने की कोशिश की या और कोई गलत कार्य किया तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

ये रहेगी पुलिस व्यवस्था

1000 से ज्यादा क्षमता वाले परीक्षा केंद्रों पर एसीपी तैनात रहेंगे। 501 से 1000 तक क्षमता के केंद्रों पर इंस्पेक्टर तैनात होंगे। 500 तक की क्षमता वाले सेंटरों पर सब इंस्पेक्टर तैनात होंगे। सेंटर के मेन गेट पर एक मुख्य आरक्षी, दो पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी रहेंगी।

अभ्यर्थी ध्यान दें

परीक्षा सेंटरों के एंट्री प्वाइंट पर ही एक्सेस कंट्रोल की समुचित व्यवस्था की गई है। मूल पहचान पत्र से ही प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने साथ आधार कार्ड, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस लेकर आएं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम में एक दरोगा की तैनाती होगी।

परीक्षार्थियों की भीड़ के कारण ट्रेनें ठसाठस रहीं। अमृत विचार

सेंट्रल स्टेशन पहुंचे हजारों परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। 17 व 18 फरवरी को नगर में पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण परीक्षार्थियों के आने का सिलसिला चालू है। शुक्रवार को सेंट्रल स्टेशन के सभी प्लेटफार्म खचाखच भरे रहे। भीड़ के कारण ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई। हाथों में बैग, सिर पर अटैची व गोद में बच्चा लिए लोगों को प्लेटफार्म बदलने और सीढ़ियां चढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण अभी दो दिन सेंट्रल स्टेशन का यही हाल रहने वाला है। सेंट्रल पर सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की सहूलियत के लिए प्रयागराज से आए 28 दरोगा व 100 सिपाही सेंट्रल पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। शुक्रवार को सुबह से लेकर रात तक सेंट्रल पर जबरदस्त भीड़ रही। दो दिन करीब 60,000 परीक्षार्थियों की भीड़ स्टेशन पर रहने वाली है। प्लेटफार्म, पांच, दो और आठ पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। हालत ये रही कि स्लीपर व आरक्षित कोचों में भी परीक्षार्थी घुसे थे। आरक्षण कराने वाले यात्रियों को बैठने तक में दिक्कत हुई। पूरे कोचों में ठसाठस परीक्षार्थी भरे थे।

प्लेटफार्म पर निरीक्षण करतीं एएसपी सुनीता सिंह। अमृत विचार

- **पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जबरदस्त भीड़, प्लेटफार्मों पर पैर रखने की जगह नहीं**
- **अटैची-बैग लेकर चलने व ट्रेनों को पकड़ने में यात्री हुए बेहाल**

एएसपी ने निरीक्षण किया

प्रयागराज से आई एएसपी सुनीता सिंह ने शुक्रवार को सेंट्रल के प्लेटफार्मों पर घूमकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यात्रियों को धक्कामुक्की से दूर रहने और आराम से इधर से उधर जाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि दो दिन यात्रियों का अधिक लोड होने के कारण सावधानी बरतें।

प्लेटफार्मों पर दोपहर से ही बाहर से हजारों परीक्षार्थी आ गए। अमृत विचार

दो दिन बदली रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

कानपुर। 17 व 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा में करीब सवा दो लाख परीक्षार्थी शामिल होने आ रहे हैं। 17 व 18 फरवरी को शहर के यातायात में तब्दीली की गई। दो दिन के लिए नो इंट्री पास को निरस्त किया गया है। कोई भी भारी वाहन शहर से नहीं गुजरेंगे। रूट डायवर्जन सुबह पांच बजे से शाम सात बजे तक लागू रहेगा।

इस तरह से होगा रूट डायवर्ट

- रामादेवी चौराहा से टाटमिल, घंटाघर की ओर जाने वाले ऑटो, टेंपो, सिटी बस घंटाघर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन टाटमिल चौराहे से 200 मीटर पहले लोको यार्ड मैदान में अपने वाहनों को खड़ा कर सवारी बैठायेंगे व उतारेंगे।
- किदवई नगर की ओर से टाटमिल होते हुए घंटाघर की ओर जाने वाले आटो, टेंपो टाटमिल से बाएं मुड़कर कोपरगंज तिराहा होते हुए घंटाघर जा सकेंगे।
- 17 व 18 फरवरी को कोई भी भारी वाहन नो इंट्री समय के दौरान के शहर की सीमा में नहीं सकेंगे। दो दिन के लिए नो इंट्री पास निरस्त किये गए है।
- पनकी रोड, आवास विकास नहर की ओर से आने वाले वाहन सीएनजी पंप से दाहिने मुड़ कर बगिया क्रासिंग होते हुए जाएंगे।
- गैस, पेट्रोल, डीजल के ट्रक, टैंकर व स्कूल बस आवास विकास चौकी से दाहिन मुड़ कर आवास विकास बगिया क्रासिंग होते हुए जाएंगे।
- हमीरपुर से आने वाले भारी व मध्यम वाहन घाटमपुर होते हुए शहर नहीं आ सकेंगे। ऐसे वाहन सजेती से धरमगधरपुर होते हुए गजनेर या मूसा नगर होते हुए शहर आ सकेंगे।
- हमीरपुर से लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन घाटमपुर से चौडगरा होते हुए जाएंगे।
- नौबस्ता से हमीरपुर की ओर जाने वाले वाहन घाटमपुर की ओर न जाकर नौबस्ता किसान नगर, रायपुर कानपुर देहात से गजनेर होते हुए घाटमपुर हमीरपुर की ओर जाएंगे।

एक नजर

ट्रेन में प्रसव पीड़ा पर डफरिन में भर्ती कराया

कानपुर। सेंट्रल स्टेशन पर शुक्रवार को एक महिला को प्रसव पीड़ा हुई। उसे डफरिन में भर्ती कराया गया है। कालका एक्सप्रेस से दिल्ली से वर्धमान जा रही महिला कनिका को इटावा के पास प्रसव पीड़ा हुई। महिला के पति संजय ने सूचना टीटीई को दी। ट्रेन सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म सात पर पहुंची तो महिला को स्टेशन पर उतारा गया, मगर रेलवे की डॉक्टर नहीं पहुंच सकी। करीब आधा घंटे बाद डॉक्टर पहुंची और चेकअप के बाद महिला को एंबुलेंस से डफरिन में भर्ती कराया गया।

प्रेमिका की अश्लील फोटो वायरल की

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र में प्रेमी ने प्रेमिका की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करते हुए प्रेमिका के लिए अपशब्द लिखे। इसके साथ ही प्रेमिका का नंबर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

कारोबारी से ठगी, राज्यमंत्री ने धमकाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र में एक ठग ने केमिकल कारोबारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली। कारोबारी ने आरोप लगाया कि पैसे वापस मांगने पर भाजपा के राज्यमंत्री के घर बुलाया और धमकाते हुए पैसे वापस न मांगने का दबाव बनाया। राज्यमंत्री ने भी धमकाया। जिसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक आयोग और पुलिस कमिश्नर से की। अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं।

फजलगंज के रहने वाले हरजीत सिंह केमिकल कारोबारी हैं। उन्होंने केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग, मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि उनका काकादेव में रहने वाले एक युवक से कारोबार के सिलसिले में लेनदेन चलता था। उसने 20 लाख रुपये नगद और करीब 31 लाख रुपये का माल ले रखा था। रुपये मांगने पर उन्हें काकादेव में रहने वाले राज्यमंत्री के घर बुलाया। आरोप है कि इसके बाद मंत्री ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपये के लिए दबाव बनाया या फिर शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उन्होंने राज्यमंत्री और धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत की। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। अल्पसंख्यक आयोग की जांच के दायरे में राज्यमंत्री भी हैं।

- **आरोप, राज्यमंत्री के घर बुलाकर धमकाया गया**
- **पुलिस कमिश्नर से लेकर मुख्यमंत्री तक की शिकायत**
- **अल्पसंख्यक आयोग ने दिए मामले की जांच के आदेश**

19 फरवरी तक जांच करके रिपोर्ट तलब

इस मामले में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अवर सचिव सुमन कुमार ने निष्पक्ष जांच कर 19 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। पुलिस इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ठग इससे पहले भी राज्यमंत्री के नाम पर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

बहकावे में आकर शौकत के खिलाफ दिया बयान

कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी कांड के आरोपी शौकत अली के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष ने अभियोजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि पेश किए गए गवाहों में किसी ने भी घटनास्थल पर शौकत अली को नहीं देखा। बहकावे में आकर पीड़ित परिवार ने गवाही दी है। नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में इरफान के सह आरोपी शौकत अली के वकील रवींद्र वर्मा ने कोर्ट में कहा कि नजीर फातिमा व उनके परिवार ने घटनास्थल पर शौकत को नहीं देखा था। पास स्थित पान की गुमटी में रोजाना आने वाले गुड्डु व राजू के कहने पर पीड़ित परिवार ने शौकत के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी थी।

डीसीपी से अभद्रता में कथित नेता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गैंगस्टर अजय ठाकुर व उसके गुर्गों के समर्थन में पुलिस कमिश्नर के पीआरओ व डीसीपी साउथ से फोन पर अभद्रता करने वाले कथित भाजपा नेता के खिलाफ ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के आदेश पर बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बर्रा थानाक्षेत्र के जरौली में बीती 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर गैंगस्टर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे शिवांग ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने हमला कर पथराव कर दिया था। बर्रा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसके बाद से गैंगस्टर समेत सभी आरोपी फरार हैं। बुधवार देर शाम को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का मंत्री बताते हुए गजेंद्र सिंह राजावत नाम के व्यक्ति ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के सीयूजी नंबर पर फोन किया। पीआरओ ने फोन उठाया और कमिश्नर के मीटिंग में होने की बात कही, इस पर गजेंद्र भड़क उठा और कार्यालय पर चढ़ाई करने की धमकी दी। इस पर पीआरओ ने डीसीपी साउथ का नंबर दे दिया। गजेंद्र राजावत ने डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार को फोन कर गैंगस्टर अजय ठाकुर व उसके गुर्गे अभय भदौरिया को बेगुनाह बताते हुए फर्जी मुकदमें में फंसाने की बात कही।

डीसीपी साउथ के साथ अभद्रता करते हुए बोला कि आप लोगों को संवैधानिक अधिकार है फिर भी आप लोग अंधे बने हुए हैं। अभय भदौरिया बच्चा है। मैं लाव लश्कर के साथ फुल तैयारी के साथ कार्यालय आऊंगा। वायरल आडियो को संज्ञान में लेकर शुक्रवार को ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने गजेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। बर्रा चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह की तहरीर पर बर्रा थाने में हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के दीनदयालपुरम, गल्लामंडी निवासी गजेंद्र सिंह राजावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

- **सीपी पीआरओ व डीसीपी से फोन पर की थी अभद्रता**
- **गैंगस्टर अजय ठाकुर की पैरवी करने के लिए किया था फोन**

गजेंद्र सिंह।

गैंगस्टर अजय ठाकुर पर एक लाख इनाम

गैंगस्टर अजय ठाकुर के खिलाफ पुलिस ने इनामी राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख कर दी है। अजय ठाकुर पर बर्रा, किदवई नगर, नौबस्ता समेत कई थानों में हत्या का प्रयास, रंगदारी, लूट, बलात्कार समेत 25 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। अपना दल एस की रैली पर हमला करने के बाद से बीते 20 दिनों से आरोपी अपने गुर्गों संग फरार है। पुलिस को आरोपी की आखिरी लोकेशन कर्नाटक में मिली थी। आरोपी व्हाट्सएप ग्रुपों व कॉलिंग के जरिए लोगों से संपर्क कर खुद को बेकसूर बताने में जुटा हुआ है। आरोपी की तलाश में सर्विलांस समेत पांच टीमें अलग-अलग स्थानों में दबिश दे रही हैं। कथित भाजपा नेता की पैरवी का ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस कमिश्नर ने इनाम की राशि एक लाख कर दी।

जनसमस्या गुजैनी वाटर वर्क्स और गंगा बैराज प्लांट से आई दिक्कत, शाम को शुरू की गयी पेयजल सप्लाई

गुजैनी से पानी की सप्लाई शुरू, मैकराबर्टगंज में संकट बरकरार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शुक्रवार को गुजैनी वाटर वर्क्स और गंगा बैराज प्लांट बंद होने की वजह से करीब 5 लाख आबादी को जलसंकट का सामना करना पड़ा। शहर के करीब 45 मोहल्लों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप रही। साउथ के 10 बड़े क्षेत्रों में दिनभर पानी नहीं आया। शुक्रवार देर शाम पेयजल सप्लाई शुरू की गयी।

गंगा बैराज प्लांट बीते 7 दिनों से बंद है। इसके चलते करीब ढाई लाख आबादी को पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। इसके अलावा शुक्रवार को दिन में गुजैनी वाटर प्लांट भी बंद कर दिया गया। इसकी वजह से दक्षिण क्षेत्र की करीब 5 लाख आबादी को पानी सप्लाई नहीं हो सका। दोपहर में जल निगम ने अस्थायी रूप से लीकेज ठीक कर दिया।

पाइप को बदला जाना है। फिलहाल शुक्रवार शाम को गुजैनी वाटर प्लांट से जलापूर्ति शुरू कर दी गई। इससे बर्रा दो से सात, साकेत नगर, गोविंदनगर, उस्मानपुर, निराला नगर समेत 30 मोहल्लों में पीने का पानी पहुंच गया।

यहां भी जलसंकट

गंगा बैराज प्लांट की मुख्य पाइप लाइन मैकराबर्टगंज में पिछले एक हफ्ते से लीकेज है। इसको ठीक किया जा रहा है। इसमें लोहे के 15 मीटर पाइप डाला जाना है। अभी साढ़े सात मीटर तक पाइप पड़ा है। 17 फरवरी तक पूरा पाइप डालकर प्लांट 18 फरवरी तक चालू करने का दावा अफसर कर रहे है। इसके चलते विष्णुपुरी, नवाबगंज, आजादनगर, कंपनी बाग, फूलबाग, पटकापुर समेत करीब 15 मोहल्लों में पीने के पानी का संकट है।

> मैकराबर्टगंज का लीकेज ठीक किया जा रहा है। इसके चलते फूलबाग की तरफ की जलापूर्ति बंद है। 18 फरवरी से जलापूर्ति चालू कर दी जाएगी।
>
> – राहुल तिवारी, सहायक अभियंता, जल निगम

सिग्नेचर ग्रींस में पानी नहीं, लोग सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पानी न आने से गुस्साए केडीए सिग्नेचर ग्रींस अपार्टमेंट में रहने वाले सैकड़ों लोगों ने हंगामा कर दिया। गुस्साए लोगों ने समस्या का समाधान न होने पर रात में विकास नगर रोड को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया।

हंगामा कर रहे लोगों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे केडीए के अधिशाषी अभियंता अजय पंवार का भी गुस्साए लोगों ने घेराव कर दिया। उनकी सूचना पर जलकल से सिर्फ एक टैंकर मौके पर पहुंचा। इससे लोग और भड़क गए और सड़क पर हंगामा कर रोड को जाम कर दिया। अपार्टमेंट में रहने वाले रोहित सिंह ने बताया कि बिना बताए सुबह से पानी नहीं आ रहा है। केडीए ने भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। अपार्टमेंट में रहने वाले लोग सुबह से पानी की एक बूंद के लिए परेशान है। पूरा दिन हो गया बिना कारण बताए पानी सप्लाई नहीं हो रहा है। हंगामे की सूचना पर नवाबगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची।

पानी न मिलने पर केडीए सिग्नेचर ग्रींस निवासियों का हंगामा। अमृत विचार

बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले रेल बाजार निवासी युवक को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की कोर्ट ने दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा व 55 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। सात गवाहों ने युवक के खिलाफ बयान दिए थे।

रेलबाजार थानाक्षेत्र निवासी आठ वर्षीय बच्ची एक जनवरी 2019 की दोपहर घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान इलाके में रहने वाला शमशाद बच्ची को बहला फुसला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और घटना के बारे में जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी दी। बाद में रक्तस्त्राव होने पर परिजनों ने पूछताछ की बच्ची ने आपबीती बताई, जिसके बाद परिजनों ने शमशाद के खिलाफ रेलबाजार थाने में दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय योगेश कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था। सहायक शासकीय अधिवक्ता भावना गुप्ता ने बताया कि मामले में पीड़ित बच्ची समेत सात गवाहों ने शमशाद के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी। गवाहों के बयानों और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने शमशाद को दोषी पाते हुए 20 साल कैद की सजा व 55 हजार जुर्माना लगाया है।

- **विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट ने सुनाया फैसला**

बेजार बाजार

अति व्यस्त बाजार में पैदल चलना भी दुश्वार है। अमृत विचार

पूरी सड़क पर ई रिक्शों की अराजकता। अमृत विचार

खड़खड़े व ई-रिक्शों से बरबाद हालसी रोड, नई सड़क

करीब एक हजार ई-रिक्शा होते संचालित, जगह-जगह जाम, लोहा बाजार, गल्ला व कपड़ा कारोबार में सुविधाएं नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। घंटाघर, हालसी रोड, नई सड़क से परेड जाने वाली रोड व्यापार के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। सड़क पर कपड़ा, गल्ला, वनस्पति, लोहा करोबार आदि की करीब दो से ढाई हजार दुकानें हैं, जिनसे करोड़ों का रोजाना कारोबार होता है। लेकिन सुविधा के नाम पर बाजार में कुछ भी नहीं दिखता है। गल्ला मंडी में शौचालय की दुर्गंध से कारोबारी मुंह पर रूमाल रख कर व्यापार करने को मजबूर हैं। वहीं हालसी रोड से नई सड़क तक ई-रिक्शा व खड़खड़े वालों की अराजकता से फुटकर व्यापारी थोक बाजार में आने से मुंह मोड़ रहे हैं।

आधी सड़क तक फैला रहता है दुकानों का माल। अमृत विचार

हालसी रोड से परेड चौराहा तक करीब दो किलोमीटर लंबी व करीब 60 फिट चौड़ी सड़क दिन भर जाम की समस्या से घिरी रहती है। घंटाघर से बादशाहीनाका, मूलगंज तक जाम का प्रमुख कारण सड़कों तक फैला अतिक्रमण है। दुकानों के बाहर आधी सड़क तक खड़खड़ा खड़े होकर माल लोड व अनलोड किया जाता है। रही बची कसर ई-रिक्शा पूरी कर देते हैं। घंटाघर चौराहा पर होमगार्ड व ट्रैफिक सिपाही खड़े रहते हैं, लेकिन ई-रिक्शा चालक पूरी सड़क पर बेतरतीब तरह से वाहनों को खड़ा कर सवारियां भरा करते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाकर तीन फिट तक फुटपाथ घेरने के निर्देश दिए हैं, लेकिन दुकानदारों का सामान सड़कों तक फैला रहता है। मूलगंज चौराहे से परेड तक की सड़क पर कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे व कूड़े के ढेर हैं। व्यापारियों ने बताया कि ढाई किलोमीटर की इस सड़क पर गल्ला कारोबारियों की करीब 500 दुकानें हैं जिनका रोजाना का व्यापापर करीब ढाई करोड़, वनस्पति घी, तेल का कारोबार 50 लाख, सेनेटरी, पेंट, बांट, कांटा का प्रतिदिन 50 लाख का कारोबार है। वहीं कपड़ा बाजार में करीब 500 से अधिक दुकानें हैं, जहां से प्रदेश भर में कपड़े का कारोबार किया जाता है। जिनका रोजाना का व्यापार करीब 25 करोड़ का है। बाजार में सबसे बड़ी समस्या जाम की है, जिस कारण व्यापार आधा हो गया है। बाहर से आने वाले व्यापारियों ने जाम व पार्किंग के कारण बाजार आना छोड़ दिया है।

- चौराहों पर कट से व्यापारियों को असुविधा, खोलने की मांग

व्यापार हो रहा प्रभावित

व्यापारियों के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस ने जाम से निजात के लिए चौराहों व कटों को कंक्रीट की बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है, लेकिन जाम की समस्या जस की तस है। वहीं कट बंद होने से व्यापार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों के मुताबिक कट बंद होने से शक्कर पट्टी से घूम कर घंटाघर होकर आना पड़ता है। मांग है कि चौराहों से ट्रायल के रूप में बेरीकेडिंग को हटा दिया जाए।

..... क्या बोले व्यापारी .....

बाजार में ई-रिक्शा चालकों की अराजकता है। ई-रिक्शा संचालन बंद करने से व्यापार प्रभावित होगा। अराजकता खत्म कराने के लिए सड़क पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जानी चाहिए। जिससे जाम की समस्या से बचा जा सके। अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित कर चालान किया जाए। जाम खत्म कराएं।

-पवन गुप्ता

नगर निगम मार्केट की दुकानें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। दुकानों की छत से सरिया दिखती है। कई बार प्लास्टर टूट कर ग्राहकों के ऊपर गिर चुका है। झुके छज्जों को साधने के लिए बल्लियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। मार्केट के ऊपर ही नगर निगम जोन एक का कार्यालय है। कई बार शिकायत के बाद भी कोई सुध नहीं लेता है।

-गोपाल

बाजार में सबसे बड़ी समस्या सुलभ शौचालय की है। नगर निगम मार्केट में एक ही सुलभ शौचालय है। साफ सफाई न होने से शौचालय की दुर्गंध से आसपास के दुकानदारों का जीना दुश्वार है। दुर्गंध के कारण ग्राहक भी बाजार में आने से कतराते हैं। पूरी मार्केट में विजया बैंक व घंटाघर पर प्राइवेट सुलभ शौचालय हैं।

-राहुल गुप्ता

शौचालय का पानी नालियों से होकर दुकानों में भर जाता है। छह माह महीने नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर दुकानों में भर गया था। नाला सफाई के कई बार नगर निगम अधिकारियों से कहा गया, लेकिन सुध नहीं ली गई। बाजार की सड़कें कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हैं, जिस कारण लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।

-मनीष

ये दिए सुझाव

- परेड पर नाला वर्षों से चोक है, जगह-जगह पर मलबा जमा है। जिसे हटाया जाए ताकि जाम और जलभराव की समस्या खत्म हो
- चौराहों की समीक्षा की जाए, ट्रायल के रूप में चौराहों पर लगाए गए कटों को खोला जाए
- मार्ग पर ई-रिक्शा की अराजकता खत्म की जाए, रुकने का स्थान निर्धारित किया जाए
- बाजार में ई-टायलेट की व्यवस्था की जाए

श्रमिकों ने पैदल मार्च कर लगाए सरकार विरोधी नारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केंद्रीय श्रम महासंघों के राष्ट्रीय आह्वान पर केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में श्रमिकों ने शुक्रवार को गोल चौराहा से मेडिकल कालेज तक पैदल मार्च निकाला। मेडिकल कालेज में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर एकत्र होकर शहीदों को नमन किया। इसके बाद सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन श्रमायुक्त को सौंपा।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के घटक इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी व स्वतंत्र फेडरेशन के सैकड़ों कार्यकर्ता सरकार की नीतियों के खिलाफ एकत्र हुए। हाथों में बैनर व झंडे लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाते जीटी रोड होते हुए श्रमायुक्त कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करने के बाद 25 सूत्री ज्ञापन श्रमायुक्त को सौंपा। जिसमें मांग की कि किसानों को फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य सकल सी-टू लागत का डेढ़ गुना सुनिश्चित किया जाए। उसी रेट पर सरकारी खरीद की कानूनी गारंटी दी जाए। किसानों से 100 रुपये प्रति क्विंटल और 40 रुपये तौल खर्च की वसूली बंद हो। किसानों और मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए। खाद पर सब्सिडी बहाल हो, बढ़े दाम वापस हों, बीज व कीटनाशक दवाओं के दाम आधे हों। ट्रैक्टर व मशीनों से जीएसटी हटाई जाए। अन्ना पशुओं की समस्या हल की जाए और किसानों के नुकसान की भरपाई हो। गांव व बाजारों में सभी को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए व कनेक्शन काटना बंद हो। लखीमपुर खीरी के भाजपा नेता अजय मिश्र टेनी पर केस दर्ज कर जेल भेजा जाए। इजराइल में रोजगार के लिए गरीब भारतीयों की भर्ती पर रोक लगे। इस मौके पर पीएस बाजपेई, असित कुमार सिंह, तारणी कुमार पासवान, मो. वशी, डॉ. राजेश सिंह, हीरावती, रमेश विश्वकर्मा, एचएन तिवारी, गौरव दीक्षित, रानाप्रताप सिंह, धर्मदेव, आरपी कनौजिया, राजीव खरे, योगेश ठाकुर, आरडी गौतम, अशोक तिवारी, मीनाक्षी सिंह, उमाकांत, ओमप्रकाश, ओपी रावत, अक्षय सिंह, देवेंद्र सिंह, आरपी श्रीवास्तव आदि रहे।

अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

- केंद्र सरकार की नीतियों पर जताई नाराजगी

नकली अंगूठी रख असली की पार

कानपुर। साकेत नगर स्थित तनिष्क ज्वैलरी शोरूम से असली अंगूठी की जगह नकली अंगूठी रखकर टप्पेबाज महिला व पुरुष अंगूठी पार कर दी। सीसीटीवी में फुटेज देखने के बाद मामले की जानकारी हुई।

शोरूम मैनेजर अमित यादव ने बताया कि बीती 10 जनवरी को एक महिला व पुरुष आए और अंगूठी दिखाने की बात कही। अंगूठी दिखाने के दौरान दोनों ने नकली अंगूठी रख कर असली पार कर दी। शोरूम में भीड़ होने के कारण मामले की जानकारी नहीं हो सकी। बाद में उन्होंने सीसीटीवी फुटेज देखे तो घटना की जानकारी हुई। इस दौरान यह भी पता चला कि बीती 23 नवम्बर को भी शोरूम से दो महिलाओं ने दो अंगूठियां पार कर दी थीं।

जुमे की नमाज पर पुलिस रही अलर्ट, की गश्त

कानपुर। जुमे की नमाज को लेकर कमिश्नरेट पुलिस सतर्क रही। शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में भारी फोर्स तैनात रहा। दोपहर के समय मस्जिदों में होने वाली नमाज को लेकर थानों की फोर्स गश्त करती रही। इसके साथ ही डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी और थानेदार ने पीएसी और क्यूआरटी के साथ गश्त करते हुए शहर में ड्रोन और कैमरों से पूरे शहर पर निगाह रखी।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर जुमे की नमाज को लेकर डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, एडीसीपी संतोष कुमार मीना, एसीपी अनवरगंज इन्द्रप्रकाश सिंह के साथ ही सर्किल फोर्स, पीएसी और क्यूआरटी के साथ गश्त की। अधिकारियों ने परेड सद्भावना चौकी से तलाक महल, बेकनगंज, रहमानी मार्केट, रेडीमेड मार्केट में गश्त करते हुए लोगों से बातचीत की। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 4331 बीट पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के कैमरों से नजर रखे रहे। घुड़सवार पुलिस के जवान भी घूमते रहे। अफसरों के आदेश पर सभी जोन दक्षिण, पूर्वी, पश्चिम में डीसीपी फोर्स के साथ क्षेत्र में मार्च करते नजर आए।

पिता-पुत्री को लोहे की रॉड से पीटा, घायल

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में श्याम नगर पीएसी मोड़ बाईपास पर कार से टक्कर लगने का विरोध करने पर कार सवार ने बेटी के साथ पिता को लोहे की रॉड से जमकर मारापीटा। जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत की है।

चकेरी के न्यू आजाद नगर निवासी पीयूष श्रीवास्तव आरओ प्लांट का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर को वह अपनी 12 वर्षीय की बेटी आरना को मरियमपुर स्कूल से बाइक से लेकर लौट रहे थे। तभी पीएसी मोड़ बाईपास पर एक कार सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगा। साथ ही बच्ची के सिर पर लोहे की रॉड मार दी। जिससे बच्ची लहूलुहान होकर गिर पड़ी। राहगीरों ने आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने मारपीट का वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सचेंडी थानाक्षेत्र में सेना में भर्ती होने के लिए दो वर्षों से तैयारी कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के दौरान पिता को छोड़कर पूरा परिवार मौसेरी बहन की शादी में गया हुआ था।

धरमंगदपुर गांव निवासी भैंसों का व्यापार करने वाले दिव्यांग उदय सिंह ने बताया कि उनका छोटा बेटा 19 वर्षीय अभय सिंह सेना में भर्ती होने के लिए अपने दोस्त सत्येंद्र, अभी, अमन, पार्थ और सत्यम के साथ दौड़ लगाता था। वह दो वर्षों से इसकी तैयारी कर रहा था। कुछ समय से घर में हाथ बंटाने के लिए वह एक फाइनेंस एजेंसी में दोपहिया वाहन की रिकवरी करने में लग गया था। बड़े भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि गुरुवार सुबह परिवार दिबियापुर रूरा कानपुर देहात में रहने वाली मौसी की बेटी की शादी में गया था। इसी दौरान उसने घर के पीछे वाले कमरे में जाकर रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। जब दोपहर एक बजे तक वह नहीं दिखा तो पिता उसे बुलाने के लिए कमरे में पहुंचे। जहां उसका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था। जानकारी पाकर घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन घटना के पीछे के कारण नहीं बता सके। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मां और भाई और बहनें मिनी, सिनी शव से लिपट-लिपटकर रोते बिलखते रहे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन कोई कारण नहीं बता सके हैं।

अभय सिंह।

गुमशुदा तलाश

सूचित हो कि मैं **कुसमा देवी पत्नी ओम प्रकाश** मेरे पति ओमप्रकाश राजपूत उम्र लगभग 55 वर्ष दिनाँक 16/11/2023 को सुबह लगभग 8 बजे घर में बिना किसी को जानकारी दिए कहीं चले गए है मैनें व अन्य परिवारीजनों ने पास-पड़ोस, पैतृक गाँव बगवा जनखत व नाते रिश्तेदारी में खोजबीन की परन्तु अब तक उनका कहीं पता नहीं चला है। उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है **उनका कद लगभग 5.8 फिट, रंग-गेहुआँ बदन - इकहरा, चेहरा लम्बा, सफेद बाल पैरों में चप्पल, नीली पैन्ट व सफेद चेक (पीली) शर्ट पहने हुए हैं। कुसमा देवी, नि0: दौलतपुर, ठठिया जि0 कन्नौज, मो0- 6306936863**

मौका | खिलाड़ियों का चयन फार्म भरने की आज अंतिम दिन

खिलाड़ियों की निखारेंगे प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों का भविष्य संवारने के लिए द स्पोर्ट्स हब और कानपुर स्मार्ट सिटी प्रयासरत हैं। इन खिलाड़ियों के विशेष प्रशिक्षण का चौथा चरण एक मार्च से शुरू होगा। इसके लिए खिलाड़ियों का फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 फरवरी है।

द स्पोर्ट्स हब के डायरेक्टर पीके श्रीवास्तव ने बताया कि चौथे चरण के प्रशिक्षण के लिए तीन सौ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 17 फरवरी तक ईडब्ल्यूएस खिलाड़ी निशुल्क रजिस्ट्रेशन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रशिक्षण के बाद चयनित किए जाने वाले खिलाड़ियों को टीएसएच में विभिन्न 11 इंडोर खेलों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खिलाड़ियों ने पंजीकरण फार्म भरा। अमृत विचार

- द स्पोर्ट्स हब व कानपुर स्मार्ट सिटी की पहल

बता दें कि द स्पोर्ट्स हब व स्मार्ट सिटी योजना के तहत हर वर्ष एक हजार खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभाशाली खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा तराशने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम और निजी विद्यालय के बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिए जाने की इस योजना में द स्पोर्ट्स हब के 27 खिलाड़ियों ने स्टेट व नेशनल प्रतियोगिताओं में पदक विजेता बनकर महानगर का मान बढ़ाया और अपने सुनहरे भविष्य के संकेत दिए हैं।

सपा बाल्मीकि समाज से नौ दिन करेगी जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शुक्रवार को शहर की पांच विधानसभा क्षेत्रों के बाल्मीकि समाज के आमंत्रित सदस्यों की बैठक हुई। तय हुआ कि सपा 20 फरवरी से 28 फरवरी तक बाल्मीकि परिवारों से जनसंपर्क अभियान चलाएगी।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि शहर से सटे 17 गांवों को नगर निगम में शामिल किया जा रहा है। ऐसे में इन गांवों में जो सरकारी भूमि है, उन भूमि का आवासीय पट्टा सफाई कर्मचारियों के नाम भी कर दिया जाना चाहिए। नगर की सफाई में बाल्मीकि समाज के परिवार के सदस्यों द्वारा विशेष जिम्मेदारी निभाई जाती है, लेकिन नगर निगम व सरकार के अधिनिष्ठ विभागों में सफाई कर्मचारियों से ठेके पर सफाई करवाने का काम किया जा रहा है, लेकिन उन्हें स्थाई नियुक्ति नहीं दी जा रही है। उन्हें सस्ते दामों पर आवास व मलिन बस्तियों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक दे देना चाहिए। जबकि नगर निगम चार लाख से अधिक आवासों से हाउस टैक्स वसूलता हैं। बताया कि सपा 20 फरवरी से 28 फरवरी तक बाल्मीकि परिवारों से जनसंपर्क अभियान चलाएगी। जिसकी जिम्मेदारी नगर उपाध्यक्ष सत्यनारायण गहरवार के साथ चार सदस्यों को दी गई है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, परमवीर सिंह गंभीर, जानकी वर्मा, राहुल यादव, मुमताज मंसूरी, दिलीप वर्मा, बृजलाल यादव, खुर्शीद आलम, प्रमोद यादव, राजेंद्र सोनकर, अंश वर्मा रहे।

- पदाधिकारियों ने बाल्मीकि समाज के साथ की बैठक

KANPUR MUNICIPAL CORPORATION
(Under Kanpur Smart City)
Nagar Nigam Mukhyalay, 3rd Floor, Moti Jheel, Kanpur - 208002
Phone – +91 512 2541258, 2546194
e-mail : ksclkanpur@gmail.com

NOTICE INVITING TENDER

The Municipal Commissioner, Kanpur Municipal Corporation Invites Tenders for the below mentioned work under Smart City Mission:-

Sr. No.	Name of Project	Tender Fees Non-Refundable	Earnest Money Deposit	End Date for Bid Submission	Technical Bid Opening Date
1.	Renovation work of Meeting Hall at Third Floor in Kanpur Smart City Limited.	₹ 2,000.00 + ₹ 360.00 (18% GST)	₹ 26,154.00	22.02.2024 at 15:00 Hrs. (IST)	22.02.2024 at 17:00 Hrs. (IST)

a) Tender documents can be downloaded from the e-tendering website – http://etender.up.nic.in (in Kanpur Municipal Corporation tenders).
b) Bidders are requested to submit the Tender Fee in the form of DD/Bankers Cheque & EMD in form of FDR/TDR issued in favor of **"Chief Executive Officer, Kanpur Smart City Limited" Payable at Kanpur** and receipts are to be attached and deposited with Technical Bid Documents.
c) The deadline for Hard/Physical Copy Submission of Technical Bid documents is **same as end date for bid submission.**
d) Any corrigendum will be published at https://etender.up.nic.in only.
e) For more details & queries contact Chief Executive Officer, KSCL address- CEO, Kanpur Smart City Limited (KSCL), Conference Room, Third Floor Kanpur Municipal Corporation, Motijheel, Harsh Nagar, Kanpur-208002 Telephone No. 0512-2541258, Manager (Technical) Mob. No. 08601800828 and through e-mail. ksclkanpur@gmail.com.

Municipal Commissioner/Chief Executive Officer
Kanpur Municipal Corporation/Kanpur Smart City Limited

कानपुर में यात्रा को दो दिन का विराम देंगे राहुल गांधी

विशेष संवाददाता, अमृत विचार।

कानपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 21 फरवरी को कानपुर आएगी। यहां संवाद और जनसभा के बाद यात्रा को दो दिन 22 व 23 फरवरी का ब्रेक दिया जाएगा। यात्रा 24 को मुरादाबाद, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, आगरा होते हुए राजस्थान में प्रवेश करेगी। इससे पहले भारत जोड़ो न्याय यात्रा कानपुर से झांसी होते हुए मध्यप्रदेश जाने वाली थी। लेकिन अब कानपुर से यात्रा में दो दिन का ब्रेक लेने के पीछे किसान आंदोलन वजह बतायी जा रही है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर आ रहे राहुल गांधी के 21 फरवरी को कानपुर में रात्रि विश्राम की चर्चा है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व के सूत्र इस संभावना से इन्कार कर रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि यात्रा के प्रदेश संयोजक पीएल पुनिया व वरिष्ठ नेता 18 फरवरी को कानपुर आएंगे और रूट फाइनल करेंगे। सभास्थल भारत माता मंदिर रखा गया है। सभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी आमंत्रित किया जाएगा।

कानपुर संसदीय क्षेत्र कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ था। वर्ष 1999 के चुनाव में कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल (पूर्वमंत्री) भाजपा के जगतवीर सिंह द्रोण को हराकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने जीत की हैट्रिक बनाई। लेकिन 2014 में भाजपा के मुरली मनोहर जोशी से हार गए। 2019 के चुनाव में उन्हें भाजपा के सत्यदेव पचौरी से हार मिली। इस बार गठबंधन में कानपुर सीट कांग्रेस को मिलने की संभावना देखते हुए से टिकट के दावेदार सक्रिय हो उठे हैं। उनको लग रहा है कि राहुल गांधी की यात्रा और सभा से कमजोर होती पार्टी की नई ताकत मिल सकती है। इसी कारण राहुल गांधी को हालसी रोड, मूलगंज, लाटूश रोड जैसे मिलीजुली आबादी वाले क्षेत्रों में ले जाने की योजना है।

राहुल गांधी।

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर दिल्ली जाने का कार्यक्रम

अजय कपूर और आलोक मिश्रा में टिकट की रस्साकशी

कानपुर। कानपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट के दावेदारों की सूची भले लंबी है, लेकिन मुख्य प्रतिस्पर्धा राष्ट्रीय सचिव अजय कपूर और नेतृत्व पर मजबूत पकड़ रखने वाले वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा के बीच है। बीते सात माह से आलोक प्रचार में सक्रिय हैं। दूसरी तरफ तीन बार के पूर्व विधायक अजय कपूर की दावेदारी भी कमजोर नहीं है, हालांकि बिहार का प्रभार होने से उनका वहां दौरा ज्यादा होता है। वह राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से शुक्रवार रात लौटे हैं। माना जा रहा है कि टिकट को लेकर दोनों नेताओं की गंभीरता का आकलन राहुल गांधी की यात्रा से होगा। राहुल 21 को कानपुर आएंगे और उसी दिन अजय का बर्थ डे है जिसे वह हर साल की तरह जोरशोर मनाने की तैयारी कर रहे हैं। कानपुर को ब्राह्मणों का गढ़ भी माना जाता है, इस नाते दावा करने वालों में मदन मोहन शुक्ला, भूधरनारायण मिश्रा, विकास अवस्थी, हरप्रकाश अग्निहोत्री के अलावा वैश्यों से पवन गुप्ता प्रमुख हैं।


अजय कपूर।

आलोक मिश्रा।

सिर्फ दूसरे से सुख चाहने में घर बन जाता है नरक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। श्री दिगंबर जैन मंदिर आनंदपुरी में मुनिश्री 108 सुधा सागर महाराज ने कहा कि व्यक्ति में इतनी योग्यता होनी चाहिए कि अपने आप में सुखी रहे। जब व्यक्ति के मन में यह भाव आ जाता है कि अकेला सुखी नहीं रह सकता, कोई साथ चाहिए तो यह मानकर चलना चाहिए कि हम उसको कितना सुख दे सकेंगे। यह भाव दोनों में आ जाएं तो गृहस्थी स्वर्ग जैसी हो जाती है। घर नरक तब बन जाता है, जब सिर्फ दूसरे से सुख चाहते हैं।

सुधा सागर महाराज

मुनिश्री ने आगे बताया कि रात में भोजन करने वाले की बुद्धि कभी धार्मिक नहीं होगी, क्योंकि रात में निशाचरी शक्ति जागती है। उसके परिणाम कभी सात्विक नहीं होंगे। ऐसे में खुद गलत मार्ग पर जाएंगे और दूसरो को भी ले जाएंगे। इस मौके पर महेंद्र कटारिया, संजीव जैन, प्रदीप जैन, डॉ. अनूप जैन, आमोद जैन, मनीष जैन, अनिल जैन, संजय जैन मौजूद रहे। मुनिश्री ने बताया कि 17 से 22 फरवरी तक बृजेंद्र स्वरूप पार्क में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होगी।

एक नजर

खाद्य निगम ने गेहूं खरीद में समस्या पर बनाया सेल

कानपुर। भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय सिविल लाइंस में गेहूं खरीद की तैयारी शुरू हो गई है। निगम ने आगामी रबी विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों की सुविधा एवं सहायता हेतु विशिष्ट किसान सहायता सेल की स्थापना की है। इसका नंबर 9076500308 है। मंडल प्रबंधक नितिन वर्मा ने एक मार्च से शुरू हो रही गेहूं खरीद के बारे में बताया कि किसान निगम के गेहूं खरीद केंद्रों पर पंजीकरण, नवीनीकरण से संबंधित किसी भी समस्या के लिए उक्त मोबाइल नंबर से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। किसान निगम, सरकार के क्रय केंद्रों पर गेहूं का विक्रय करके उपज का लाभकारी मूल्य 48 घंटे में प्राप्त कर सकते हैं। पीयूष गुप्ता, अरुण बाजपेयी, वीरेश्वर मंडल, प्रज्ञा राय, अनुसुइया पांडेय मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति में तनाव और अवसाद का इलाज

कानपुर। अमेरिका से आए देवदत्त महराज ने इस्कॉन मंदिर में युवाओं के लिए विशेष सत्र का आयोजन किया है। इसमें युवाओं को मानसिक तनाव और अवसाद से दूर रहने के लिए प्राचीन भारतीय संस्कृति से उपाय बताए जा रहे हैं। देवदत्त महराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति हर शारीरिक, मानसिक व सामाजिक समस्या का समाधान समेटे है। इसी से हमें परिचित होना है। 18 फरवरी तक मंदिर में भक्तों व युवा वर्ग को प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही मंदिर में महामिलन का आयोजन होगा। इसमें इस्कॉन के समस्त गृहस्थ व ब्रह्मचारी भक्त शामिल होंगे। इस्कॉन के भक्तों ने बीते दिसंबर माह में गीता का प्रचार कर पुस्तक वितरण किया था। साथ ही राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भी गीता का वितरण किया था। जिन भक्तों ने इस सेवा में अपना योगदान दिया है, उनको महामिलन में सम्मानित किया जाएगा।

लायर्स चुनाव : मतदाता के मोबाइल पर क्यूआर कोड

कानपुर। 20 फरवरी को लायर्स एसोसिएशन के होने वाले चुनाव के संबंध में शुक्रवार को एल्डर्स कमेटी की बैठक हुई। इसमें बताया गया बिना क्यूआर कोड, पर्ची व सीओपी परिचय पत्र के बिना किसी को मतदान नहीं करने दिया जाएगा। एल्डर कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य ने बताया कि मतदान के लिए क्यूआर कोड सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर पर पहुंच जाएंगे। मोबाइल में नहीं पहुंचने पर 17 व 19 फरवरी को संस्था के कंप्यूटर कक्ष से प्राप्त किए जा सकते हैं। 20 फरवरी को चुनाव वाले दिन भी क्यूआर कोड लिया जा सकेगा। चुनाव में बुजुर्ग व दिव्यांग अधिवक्ताओं के लिए वोट डालने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था रहेगी। 20 फरवरी को कचहरी से डीएवी डिग्री कॉलेज तक पुलिस मुस्तैद रहेगी।

पहले एक औद्योगिक समूह ने दिया था 25 करोड़ से कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव

पनकी मंदिर धाम कॉरिडोर का सरकार कराएगी काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। पंचमुखी हनुमान मंदिर, पनकी धाम कॉरिडोर का काम पर्यटन विभाग की ओर से कराया जाएगा। एक औद्योगिक समूह ने 25 करोड़ रुपये से पनकी धाम के विकास की बात कही थी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन मंदिर के बड़े महंत श्रीकृष्ण दास की आपत्ति के बाद अब यह प्रोजेक्ट वापस हो गया है। तय हुआ है कि पर्यटन विभाग ही पनकी धाम को कॉरिडोर के रूप में विकसित करेगा। इसके लिए जल्द ही डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

पनकी स्थित हनुमान मंदिर काफी प्राचीन है। यहां देश भर से श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं। मान्यता के अनुसार मंदिर को एक हजार वर्ष पुराना माना जाता है। सोमानी ग्रुप ने इस मंदिर का सुंदरीकरण 25 करोड़ रुपये से कराने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव को शासन में भेजकर प्रशासन ने विकास कार्यों की अनुमति मांगी थी। लेकिन शासन ने इस प्रस्ताव पर यह कहते हुए अनुमति देने से मना कर दिया था कि मंदिर प्रशासन का नहीं है, बल्कि निजी ट्रस्ट का है। ऐसे में किसी काम के लिए ट्रस्ट से ही अनुमति ली जाए। बाद में ट्रस्ट में शामिल महंत श्रीकृष्ण दास ने भी सोमानी समूह के प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज कराई थी। अब मंदिर का विकास शासन स्तर से ही कराए जाने को लेकर अंतिम फैसला हो गया है।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी का प्रवेश द्वार। अमृत विचार

- महंत के विरोध के बाद शासन का फैसला, पर्यटन विभाग बनाएगा प्रोजेक्ट की डीपीआर

सुंदरीकरण के साथ होटल हेलीपैड और स्मार्ट पार्किंग

- पनकी मंदिर धाम कॉरिडोर की योजना के तहत मंदिर का सुंदरीकरण करके बड़े पैमाने पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। होटल और विश्राम गृह बनेगा। बस स्टेशन बनेगा। पनकी धाम रेलवे स्टेशन का विकास पहले ही हो रहा है। अब हेलीकॉप्टर उतरने के लिए हेलीपैड भी बनेगा। पनकी मंदिर पहुंचने वाले दोनों मार्गों की रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माणाधीन हैं। स्मार्ट पार्किंग और सड़कों का चौड़ीकरण जैसे कार्य होने हैं।

मुख्यमंत्री से मिलेंगे महंत

- मंदिर के महंत एवं महामंडलेश्वर श्रीकृष्ण दास का कहना है कि पनकी में देश भर से श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए शासन में कवायद चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मंदिर कॉरिडोर का काम जल्द शुरू कराने को लेकर चर्चा की जाएगी।

विकसित भारत के लिए नवाचार जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में शनिवार को विशेष उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत विजन को प्रदेश में नवाचार की संस्कृति के साथ जोड़ने की दिशा में इस कार्यक्रम को मील का पत्थर माना जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत पूंजी निवेश आकर्षण की योजनाओं की जानकारी देने के साथ सरकार उद्यमियों के हित में क्या कुछ कर रही है, इस पर भी चर्चा होगी।

विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में होने वाले इस कार्यक्रम के बारे में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि कार्यक्रम में भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण लखनऊ के अध्यक्ष संजय आर भूसरेड्डी, विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग उप्र शासन शेषमणि पांडेय प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के युवाओं को नवाचार क्षेत्र में विकसित हो रही कार्य संस्कृति और उद्यमिता की योजनाओं को लेकर शासन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी जाएगी। युवा एक सफल उद्यमी बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे सकते हैं, इस पर भी चर्चा की जाएगी।

- उद्यमिता ओरिएंटेशन कार्यक्रम में शासन के अधिकारी आज करेंगे युवाओं से संवाद

खेलो इंडिया केआईयूजी में भाग लेगा सीएसजेएमयू

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के छात्रों ने आगामी खेलो इंडिया विश्वविद्यालय केआईयूजी 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह खेल प्रतियोगिता 17 से 29 फरवरी तक असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के सात राज्यों में आयोजित होगी। इससे पहले विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की ओर से ऑल इंडिया विश्वविद्यालय खेल 2023-24 में शानदार प्रदर्शन किया जा चुका है।

नेपाल के युवाओं ने दिखाया रुझान

- काठमांडू में हो रहे भारत-नेपाल उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में दूसरे दिन सीएसजेएमयू कानपुर के प्रति नेपाल के छात्र-छात्राओं का भारी रुझान दिखाई दिया। सम्मेलन में भारत के कुलपतियों की बैठक में भारत-नेपाल के शिक्षा सम्बन्धों को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने विचार रखे थे। नेपाल के युवाओं को विश्वविद्यालय के डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी व डॉ राजीव मिश्रा ने सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय में चल रहे पाठयक्रमों, विश्वविद्यालय का इतिहास और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया और विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आमंत्रित किया। नेपाल के छात्र- छात्राओं को फीस में छूट के बारे में भी जानकारी दी गई।

यूपी बोर्ड परीक्षा में 2193 बेसिक शिक्षकों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले में इस बार 7,072 शिक्षक ड्यूटी करेंगे। 129 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग ने 2,193 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है।

माध्यमिक कालेजों से 4979 शिक्षक लिए गए हैं। कुल 2643 पुरुष और 2336 महिला शिक्षकों को ड्यूटी में लगाया गया है। बोर्ड ने इस बार शिक्षकों को क्यूआर कोड वाले विशेष पहचान पत्र दिए हैं। इस कोड से शिक्षक की पूरी डिटेल मोबाइल पर मिल जाएगी।

कॉपियों का वितरण पूरा : शिक्षा विभाग ने सभी केंद्रों पर कॉपियों का विरतण पूरा कर लिया है। पहले चरण में लगभग छह लाख कॉपियों को केंद्र भिजवाया गया है। कॉपियों की केंद्रों पर ऑनलाइन निगरानी हो रही है।

दो दिन पहले मिलेंगे प्रश्नपत्र : शिक्षा विभाग अब प्रश्न पत्रों के वितरण की तैयारी कर रहा है। शहर पहुंचे प्रश्न पत्रों को केंद्रों में दो दिन पहले पहुंचाया जाएगा। शिक्षा विभाग के स्ट्रांग रूम में रखे प्रश्न पत्रों की कड़ी निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी व पुलिस सुरक्षा भी लगाई गई है।

- परीक्षा में 7,072 शिक्षक होंगे तैनात, क्यूआर कोड से होगी सभी की पहचान
- 129 केंद्रों पर होने वाली परीक्षा में माध्यमिक कालेजों से 4979 शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाया

उड़नदस्तों के नाम तय

- शिक्षा विभाग ने उड़न दस्तों में शामिल अधिकारियों के नाम तय कर लिए हैं। इस बार परीक्षा में 6 जिलास्तर व चार मंडल स्तर पर उड़नदस्ते बनाए गए हैं। इनमें शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।

हैलट को एंबुलेंस और हेल्थ वैन दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट इमरजेंसी से मरीज को घर ले जाने में अब तीमारदारों को दिक्कत नहीं उठानी पड़ेगी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन को पुनर्नवा फाउंडेशन ने पिंक एंबुलेंस उपलब्ध कराई है। इसके साथ ही सचल चिकित्सालय व डीप फ्रिजर भी संस्था ने दिया है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में शुक्रवार को पुनर्नवा फॉउंडेशन ने 'स्वास्थ्य आपके द्वार' के अंतर्गत जनहितार्थ निःशुल्क सेवाओं का कार्यक्रम किया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने की। पुनर्नवा फॉउंडेशन की संस्थापक मनीषा बाजपेई ने बताया कि कॉलेज को पिंक एंबुलेंस सेवा दी गई है, जो हैलट इमरजेंसी से इलाज ले चुके आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं व बच्चों को उनके घर पहुंचाने का कार्य निःशुल्क करेगी। इसी तरह शव वाहन से शवों को अंत्येष्टि स्थल तक निःशुल्क पहुंचाने का काम भी संस्था करेगी। संस्था ने सचल चिकित्सालय भी भेंट किया है। ईसीजी, बीपी व मधुमेह जांच के उपकरणों से लैस सचल चिकित्सालय के माध्यम से कॉलेज के डॉक्टर बस्तियों व अन्य स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा सकते हैं। इसी तरह पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि होने तक सुरक्षित रखने के लिए डीप फ्रीजर की सेवा भी संस्था देगी। 'स्वास्थ्य आपके द्वार' सेवाओं के साथ ही 'कर्म सारथी मनीषा' एप की भी शुरुआत की गई है। इस मोबाइल एप के माध्यम से सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं को एक ही स्थान पर संकलित किया गया है। एप के माध्यम से योजनाओं का विवरण प्रदान कर पात्रता के आधार पर पंजीयन किया जाएगा। एप के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाएं निःशुल्क होंगी। कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रत्यक्ष रूप से सेवा कार्यों में सक्रिय नहीं हो पाने लोगों द्वारा दी जाने वाली सहयोग राशि से सभी सेवाएं निःशुल्क देने का प्रयास है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, सुनील बजाज, उप प्राचार्य डॉ. रिचा गिरी, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, ज्योत्सना मिश्रा, सोनम बाजपेई, सीएमएस डॉ. एनसी त्रिपाठी, डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. विनय कुमार, डॉ. अनुराग राजोरिया कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीप फ्रीजर देखते विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

- पुनर्नवा फाउंडेशन ने 'स्वास्थ्य आपके द्वार' के तहत शुरू की निःशुल्क सेवाएं

गर्भ निरोधक 'अंतरा' बनी महिलाओं की पहली पसंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गर्भनिरोधक के अस्थाई साधनों में अंतरा महिलाओं की पहली पसंद है। कानपुर मंडल में वर्ष 2023-24 में (अप्रैल से अब तक) 47,716 महिलाओं ने इंजेक्शन अंतरा को अपनाया है, जबकि वर्ष 2022-23 में 55,443 महिलाओं ने इस पर भरोसा जताया था। यह आंकड़ा वर्ष 2021-22 में 34,051 ही था।

मंडल की अपर निदेशक (चिकित्सा व स्वास्थ्य) डॉ.रचना गुप्ता ने बताया कि नव विवाहिता से लेकर 45 वर्ष की महिलाएं अंतरा इंजेक्शन लगवा सकतीं हैं। इसके अलावा जिन महिलाओं का हाल ही में गर्भपात हुआ हो, स्तनपान कराने वाली महिलाएं (प्रसव के छह सप्ताह बाद) व एचआईवी से संक्रमित महिलाएं (चाहे इलाज करा रहीं हो अथवा नहीं) भी इस साधन को अपना सकती हैं। अंतरा इंजेक्शन प्रति तीन माह के अंतर पर लगाया जाता है। इसे माहवारी आने के एक सप्ताह के अंदर और प्रसव होने के छह सप्ताह बाद ही लगाया जाता है। एनएचएम व सिफप्सा के मंडलीय प्रबंधक राजन प्रसाद ने कहा कि गर्भनिरोधक अंतरा इंजेक्शन परिवार नियोजन में कारगर साबित हो रहा है।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि हर माह की 21 तारीख को जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन), सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं को प्रशिक्षित एएनएम, सीएचओ व काउंसलर परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूक कर लाभ बताती हैं।

- इस साल अब तक 47,716 महिलाओं ने अंतरा इंजेक्शन को अपना कर भरोसा जताया

जटिल आपरेशन हुए आसान | अमेरिका से अस्पताल में आई 15 करोड़ की मशीन से गुणवत्तापूर्ण अचूक आपरेशन होंगे

रीजेंसी अस्पताल में शुरू की गई रोबोटिक सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सर्वोदय नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल में अब रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिलेगी, इसके लिए अमेरिका से द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी पर आधारित रोबो मशीन खरीदी गई है। इसकी मदद से कैंसर, ट्यूमर, पेट, हार्निया के गुणवत्तापूर्ण ऑपरेशन जल्द हो सकेंगे। मरीजों को भी अधिक दिनों तक अस्पताल में रुकना नहीं पड़ेगा।

दि विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी की लांचिंग पर रीजेंसी हास्पिटल के टावर-टू में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि बीते पांच से सात वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में काफी बदलाव आया है। रीजेंसी अस्पताल में विश्व स्तर के डॉक्टर हैं, जिनकी वजह से हजारों मरीजों स्वस्थ होकर घर जाते हैं। अब यहां रोबोटिक सर्जरी की सुविधा नए युग की शुरुआत है। रीजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.अतुल कपूर ने बताया कि द विंची एक्स सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी मशीन से बीते 15 दिनों में 50 सर्जरी की जा चुकी हैं। यह अत्याधुनिक रोबोटिक प्लेटफार्म सर्जिकल प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। इसकी मदद से जटिल सर्जरी करना आसान होगा। अमेरिका से आयी इस मशीन की कीमत 15 करोड़ रुपये है। रीजेंसी के सीईओ अभिषेक कपूर ने कहा कि इस अत्याधुनिक तकनीक के साथ रीजेंसी सर्जिकल उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करने और हेल्थ केयर प्रदान करने के तरीके में बदलाव लाने को तैयार है। कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि रोबोट से खाने की नली के कैंसर, पेट से जुड़े सभी प्रकार के कैंसर और महिलाओं में होने वाले कैंसर का ऑपरेशन किया जा सकता है। दिल्ली, मुंबई, लखनऊ जाने की जरूरत नहीं होगी। रीजेंसी में अन्य निजी अस्पतालों की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी कम कीमत पर होगी। कार्यक्रम में डॉ.जितिन यादव, डॉ.संजीव मेहरोत्रा, डॉ.पीयूष त्रिपाठी, डॉ.यूथिका बाजपेयी, डॉ.अर्चना त्रिवेदी, डॉ.रश्मि कपूर मौजूद रहीं।

जानकारी लेते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

कानपुर व गोरखपुर में रीजेंसी का उद्घाटन करेंगे पीएम

रीजेंसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.अतुल कपूर ने बताया कि वह प्रदेश सरकार के सहयोग से रोबोटिक सर्जरी की उपलब्धि हासिल करने में कामयाब हुए हैं। रीजेंसी की ओर से इन्वेस्टर समिट में एक हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है। कानपुर व गोरखपुर में तीन सौ बेड के रीजेंसी अस्पताल का उद्घाटन जल्द प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वाराणसी, आगरा, प्रयागराज व बरेली में भी अस्पताल खोलने की तैयारी की जा रही है।

एडब्लूईआईएल नौसेना को एंटी एयरक्राफ्ट गन की आपूर्ति करेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्लूईआईएल) भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशी तकनीक की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाली गन बनाने जा रही है। इसके लिए कंपनी का कोचीन शिपयार्ड के साथ समझौता हुआ है। 274.76 करोड़ रुपये का यह ऑर्डर चार साल में पूरा किया जाएगा।

स्वचालित 30 एमएम एके-630 सीआईडब्लूएस खास तरह की स्वचालित घूमने वाली गन है। यह दुश्मन के टारगेट की दिशा में घूमते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाती है। इसकी फायरिंग रेंज चार से पांच हजार राउंड्स प्रति मिनट है। टारगेट जैसे ही इसकी रेंज में आता है ये स्वतः फायरिंग शुरू कर देती है। यह विमान और हेलीकॉप्टरों के हमले से सुरक्षा करती है। नौसेना के जहाजों का यह प्रमुख वायुरोधी हथियार है। इसे युद्धक पोतों, छोटे जहाजों, तटीय लक्ष्यों और तैरती हुई माइंस के खिलाफ भी प्रयोग किया जा सकता है। एडब्लूईआईएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों से मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसी दिशा में कंपनी की कोचीन शिपयार्ड के साथ नयी पीढ़ी की 12 मिसाइल वेस्सल गन निर्माण के लिए सहमति बनी है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि पहले से ही भारतीय नौसेना को जीएसएफ काशीपुर से 30 एमएम एके 630 नेवल गन, एफजीके कानपुर से एसआरजीएम बेरल लाइनर व जीसीएफ से कवच चैफ सिस्टम की आपूर्ति की जा रही है।

30 एमएम नेवल गन। इंटनेट मीडिया

- 274.76 करोड़ रुपये की 30 एमएम एके 630 नेवल गन के ऑर्डर के लिए एमओयू

फेयरवेल पार्टी में दौड़ा दी कार, पांच छात्र घायल

ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पड़ गया पैर, एक छात्र गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाइकों को टक्कर मार रेस्टोरेंट में जा घुसी कार
- बर्रा दो स्थित स्कूल के बाहर हुआ हादसा

अमृत विचार। बर्रा दो स्थित स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान एक रईसजादे छात्र ने मजाक में लग्जरी कार से कट मारने के चक्कर में सहपाठियों को टक्कर मार दी। हादसे में पांच छात्र घायल हो गए। क्षेत्रीय लोगों ने कार सवार किशोर छात्र की पिटाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। हादसे में घायल एक छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

साकेत नगर निवासी ट्रांसपोर्टर का बेटा बर्रा दो स्थित पूर्णचंद स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। शुक्रवार को स्कूल प्रबंधन द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुछ बच्चे स्कूल के बाहर ढोल नगाड़े पर डांस कर रहे थे। तभी एक छात्र फॉर्च्युनर कार से स्कूल पहुंचा। साथी छात्रों को डांस करता देख मजाक में कार से कट मारने का प्रयास किया। कट से साथी छात्रों में भगदड़ मची तो कार सवार छात्र का पैर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर पड़ गया। जिससे फॉच्यूनर अनियंत्रित होकर पांच छात्रों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कार व चार बाइकों को टक्कर मारती हुई रेस्टोरेंट में जा घुसी। शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोगों ने किशोर की पिटाई कर बर्रा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घायल जश्न भाटिया, कौस्तुभ मिश्रा, संदीप सिंह, अभिषेक पांडेय व समृद्धि को बर्रा हाइवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार को घर भेज दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल जश्न भाटिया को अस्पताल में भर्ती कर लिया। बर्रा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। कोई तहरीर नहीं मिली है। दो छात्रों के परिजनों ने आरोपी छात्र के पिता से इलाज कराने के नाम पर समझौता कर लिया है।

पटरी किनारे सिर और धड़ अलग पड़ा मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

रोते बिलखते ससुर अशोक।

अंकित।

- ट्रेन में मोबाइल व 22 हजार रुपये छीनने की कही थी बात

अमृत विचार। महाराजपुर थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक किनारे युवक का सिर और धड़ अलग-अलग पड़ा मिला। ससुर ने आरोप लगाया कि दामाद ने फोन कर ट्रेन में मोबाइल व 22 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया था। किसी ने उसकी हत्या की है। वहीं पुलिस ने आत्महत्या की बात बताई।

महाराजपुर थानाक्षेत्र के फुफवार गांव निवासी अशोक कुमार ने बताया कि उनकी बेटी सुमन की शादी उत्तरीपुरा निवासी 35 वर्षीय अंकित से हुई थी। गुरुवार को दामाद ने उन्हें फोन कर स्टेशन पर मोबाइल व 22 हजार रुपये छीनने की बात कही थी। जिसके बाद उन्होंने उसे ससुराल बुलाया था। काफी देर तक उन्होंने इन्तजार किया लेकिन वह नहीं आया। फोन मिलाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। नाते रिश्तेदारों को फोन मिलाया लेकिन कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सुबह पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने कुलगांव के पास एक सिर धड़ से अलग शव मिलने की जानकारी दी। महाराजपुर पुलिस ने बताया कि युवक ने सिर पटरी पर रखकर ट्रेन के आगे लेटकर जान दी है। परिजन आरोप लगा रहे हैं, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्लॉट के विवाद में मांगी रंगदारी

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में प्लॉट के विवाद में युवक को आरोपियों ने मारपीटा। आरोप है कि उन लोगों ने बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगी। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

दहेली सुजानपुर के रहने वाले अनुज राजपूत ने पुलिस को बताया कि मंगला सहकारी आवास समिति से प्लॉट खरीदा था। प्लॉट खरीदने के छह माह बाद दीपक, परशुराम, पप्पू उर्फ बिशुनलाल, भद्दी उर्फ वेद प्रकाश, किशन स्वरूप, विजय कुमार, राम स्वरूप, पप्पू की पत्नी नन्ही उर्फ सुमित्रा देवी और महेंद्र राजपूत उनके प्लॉट के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपना बता रहे हैं। इस पर उन्होंने डीएम से शिकायत भी की थी। लेखपालों की टीम ने जांच के बाद अनुज का प्लॉट होने की पुष्टि की थी। लेकिन उसके बाद भी आरोपी प्लॉट में उनका काम नहीं होने दे रहे हैं। इसके साथ ही आरोपियों ने उनसे मारपीट कर बीस लाख की रंगदारी मांगी। जान से मारने की धमकी दी।

सात दिन में 1,37,150 बार किया सूर्य नमस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

स्कूल में सूर्य नमस्कार करतीं छात्राएं। अमृत विचार

- स्कूलों, पार्कों में आयोजित हुआ सूर्य नमस्कार

अमृत विचार। क्रीड़ा भारती की ओर से आयोजित सूर्य नमस्कार सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न विद्यालयों और पार्कों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। नौ से 16 फरवरी तक बच्चे, बुजुर्ग, महिला व पुरुष सभी आयु वर्ग के लोगों ने कुल 1,37150 बार सूर्य नमस्कार किया।

सेठ आनंदराम जयपुरिया, डीपीएस आजाद नगर, बीएनएसडी शिक्षा निकेतन, जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर, जीडी गोयनका, भगवंती एजुकेशन सेंटर, यूपी किराना बालिका विद्यालय, सुरजन सिंह स्कूल महाराजपुर, जेडी किड्स कैंपस दामोदर नगर, वुड वाइन गार्डेनिया, जय नारायण विद्या मंदिर, जुगल देवी शिशु वाटिका सरस्वती, ज्ञान मंदिर आरडीआरएन विद्या मंदिर, प्राथमिक विद्यालय पुखरायां, वीरेंद्र स्वरूप सिविल लाइंस, सुभाष स्मारक पब्लिक स्कूल आदि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार सप्ताह में प्रतिभाग किया। क्रीड़ा भारती ने सभी से आग्रह किया कि सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनकर स्वस्थ भारत का निर्माण करें। इस मौके पर क्रीड़ा भारती के संजीव पाठक, अरुण दुबे, सुमित मिश्रा, सुनील सिंह, आशुतोष सत्यम झा, कमलेश यादव, नीलम गुप्ता, सौरभ श्रीवास्तव, केशव द्विवेदी, संजय पाल, सुनील शुक्ला, अविनाश यादव, राजकुमार आर्य, राहुल यादव, अजीत आदि विभिन्न विद्यालयों में सूर्य नमस्कार के दौरान मौजूद रहे। क्रीड़ा भारती ने बताया कि लक्ष्य 75 हजार बार सूर्य नमस्कार का था, जो एक लाख के ऊपर निकल गया।

एटीएस कमांडो के पिता ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

शिवकुमार पांडेय।

अमृत विचार। रुपये न देने पर सुपरवाइजर के नाम सुसाइड नोट लिखकर एटीएस कमांडो के सिक्योरिटी गार्ड पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी।

गोपाल नगर न्यू आजाद नगर के पास निवासी 58 वर्षीय शिवकुमार पांडेय सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। बेटे अंजनि कुमार ने बताया कि उनका पिछले दो वर्षों से मानसिक रोग का इलाज चल रहा था। बेटे ने आरोप लगाया कि पिता को सुपरवाइजर से कुछ रुपये लेने थे। आरोप है कि सुपरवाइजर रुपये देने से इन्कार कर धमकी देते हुए कार्रवाई कराने की बात कहता रहा। जिसकी वजह से उन्होंने जान दे दी। शुक्रवार सुबह ऊपर कमरे में उनका शव फांसी के फंदे से लटक रहा था और नीचे सुसाइड नोट रखा था। अंजनि ने बताया कि उनका भाई विशाल पांडेय लखनऊ में एटीएस में कमांडो है। बेटे अंजनि कुमार ने बताया कि कुछ दिन में उसका तिलक और शादी है। शादी के कार्ड बांटे जा रहे थे। परिजनों ने थाने में आरोपी सुपरवाइजर के खिलाफ तहरीर दे दी है।

दो थानेदारों को लाइन हाजिर कर नए को तैनाती

कानपुर। शुक्रवार देर रात पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने दो प्रभारी निरीक्षकों को शिकायतों के बाद हटा दिया है। उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर दूसरे को तैनाती दे दी गई है। जमीन संबंधी मामले, घटनाओं के खुलासे के साथ साथ जनता से पुलिस के खराब व्यवहार को देखते हुए गाज गिरी है।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के जारी आदेश में जाजमऊ प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह और महाराजपुर थाना प्रभारी अभिषेक शुक्ला को लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं सुरेंद्र कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक बिल्हौर से प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर बनाया गया। इसी प्रकार पुलिस लाइन से अजय प्रकाश मिश्रा को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक थाना जाजमऊ भेजा गया। वहीं केशव कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक नर्वल को थाना बिल्हौर का बनाया गया अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

वार्षिक खेलकूद में राजू यादव और यशी बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

विजेता टीमों के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

- बाधा दौड़, भाला फेंक, लंबी कूद में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अमृत विचार। वीएसएसडी कॉलेज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बालक वर्ग में राजू यादव और बालिका वर्ग में यशी सचान चैंपियन रहीं। प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन पर बाधा दौड़, भाला फेंक, लंबी कूद व 400 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। वहीं आकर्षण के लिए छात्रावास और कॉलेज कर्मचारियों के बीच कबड्डी मैच हुआ। जिसमें छात्रावास की टीम विजेता रही।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो. बिपिन चंद्र कौशिक, उप प्राचार्या प्रो. मंजू लता द्विवेदी, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग प्रो. नमन यादव ने बच्चों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के समापन पर कॉलेज छात्रावास और कर्मचारियों के बीच कबड्डी का मैच हुआ। जिसमें छात्रावास की टीम विजेता रही। वहीं पुरस्कार समारोह में महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इंटर यूनिवर्सिटी और नॉर्थ जोन खेलने वाले खिलाड़ियों को भी ट्रैक सूट देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रो. विजय पाल, प्रो. एमएल वर्मा, प्रो. उमेश सिंह, प्रो. शोभा मिश्रा, प्रो. अनीता सोनकर, प्रो. नीरू टंडन, प्रो. नंदलाल, सुधीर त्यागी, शिशिर शर्मा, विवेक मिश्रा, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आरके पांडेय ने किया।

दूसरे दिन का खेल, विज्ञान बालक वर्ग

रिले रेस : प्रथम विज्ञान संकाय, द्वितीय शारीरिक शिक्षा संकाय, तृतीय वाणिज्य संकाय।

1500 मीटर दौड़ : यशीसचान प्रथम 5 .20 मिनट, दिव्यांशी भरद्वाज द्वितीय 7 .20 मिनट, आरती सिंह तृतीय 8 .49 मिनट।

ट्रिपल जंप : सुधा निषाद बीए, कीर्ति यादव बीएसपी।

भाला फेंक : देविशा यादव बीए, आकांक्षा साहू बीएससी, मांशी कटियार बीकॉम।

400 मीटर दौड़ : यशी सचान बीपीएड, प्रसंशी बाजपेई बीएससी, आरती सिंह बीए।

दूसरे दिन का खेल, कला बालक वर्ग

रिले रेस : कला संकाय प्रथम, शारीरिक शिक्षा संकाय द्वितीय, वाणिज्य संकाय तृतीय।

1500 मीटर दौड़ : प्रथम राजू यादव 5 .07 मिनट, द्वितीय सत्यशील मिश्रा 5 .52 मिनट, तृतीय प्रशांत कटियार 6 .01 मिनट।

बाधा दौड़ : बीपीएड के अनिकेत प्रथम 18 .17 सेकेंड, बीएससी के शिवांशु बाजपेई द्वितीय 18 .96 सेकेंड, बीएससी की जलज बाजपेई तृतीय 21 .12 सेकेंड।

भाला फेंक : स्पर्श गुप्ता बीए, एकर्षी एमएससी, सत्यम कटियार बीकॉम।

ट्रिपल जंप : राजू बीपीएड, धीरेंद्र बीए।

400 मीटर दौड़ : राजू यादव बीपीएड, अजय एमए, आदित्या बीए।

लंबी कूद : शिवांश बाजपेई बीएससी, उमेश एमए, अवि पांडेय बीए।

मुबारक | नई सड़क पर आयोजित सालाना कांफ्रेंस में उलेमाओं ने की शिरकत

मदरसे के 30 छात्रों की दस्तार बंदी की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

मंच पर मौजूद वक्ला व मदरसे के छात्र। अमृत विचार

अमृत विचार। नई सड़क स्थित मरकजी व कदीमी मदरसा अलजामे अतुल अरबिया अहसनुल मदारिस कदीम का सालाना दस्तारे फजीलत बनाम अमीने शरीयत कांफ्रेंस का शुक्रवार को आयोजन हुआ। कांफ्रेंस में उलेमाओं ने शिरकत की। मदरसे के 30 छात्रों की दस्तार बंदी की गई।

कांफ्रेंस के मुख्य वक्ता उतरौला के अल्लामा मुफ्ती मसीहुद्दीन ने कहा कि मदरसे ऐसे संस्थान हैं, जहां शिक्षा के साथ मोहब्बत और तहजीब भी सिखाई जाती है। जिससे छात्रों को जिंदगी के किसी मोड़ पर दुश्वारी न मिले। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रहे यह मदरसे बुरे हालात में हैं। हमें इसके लिए आगे आना चाहिए और मदरसों की हर जरूरत का ख्याल रखना चाहिए। गया बिहार से आए अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद उमर नूरानी ने कहा कि सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर इस्लाम ने दिया है। इस बारे में विचार करना होगा। अगर अपने बच्चों के साथ कौम के दस गरीब बच्चों की भी पढ़ाई का खर्चा उठा ले तो यकीनन बदलाव आएगा। मौलाना मुर्तजा शरीफी और मौलाना मुफ्ती रफी अहमद निजामी ने भी अपने विचार रखे। कारी इकबाल बेग कादरी, बहराइच के कारी जाकिर इसमाईली, दरभंगा के हाफिज मोहम्मद रजा, कलीम दानिश कानपुरी ने नातों मंकबत पेश किए। कांफ्रेंस की अध्यक्षता मुफ्ती ए आजम कानपुर मुफ्ती मोहम्मद इलियास खां नूरी और संचालन मौलाना आफाक रजा मुशाहिदी ने किया। इस मौके पर मदरसे के प्रबंधक अल्हाज मुमताज अहमद सिद्दीकी को अमीने शरीअत अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं मदरसे से शिक्षा पूरी कर चुके 30 छात्रों की दस्तार बंदी की गई। मदरसे के प्रधानाचार्य मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हनीफ बरकाती ने शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर शहर काजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही, मौलाना गुलाम मुसतफा, मौलाना उमर कादरी, मौलाना महमूदुल हसन, कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी आदि रहे।

डॉ. प्रियरंजन समेत चार पर एक और एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में छह माह पूर्व धोखाधड़ी से करोड़ों की जमीन हड़पने पर किसान बाबू सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सुसाइड नोट लिखकर जान दे दी थी। इस मामले में किसान की बेटी ने डॉ. प्रियरंजन समेत चार पर एक और रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों ने इस बार समझौते का दबाव डालने और एसिड फेंकने की धमकी का आरोप लगाया है।

चकेरी निवासी मृतक किसान बाबू सिंह यादव की बेटी रूबी यादव ने पुलिस को बताया कि बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ प्रियरंजन आशु दिवाकर ने धोखे से पिता बाबू सिंह यादव की साढ़े करोड़ की जमीन हड़प ली थी। जिससे आहत होकर उन्होंने ट्रेन के आगे लेटकर जान दे दी थी।

आरोप लगाया कि पिता की आत्महत्या के बाद से ही प्रियरंजन और उनके साथी बबलू यादव उन लोगों को धमकी दे रहे थे। आरोप है कि लगातार प्रियरंजन व बबलू यादव उनके परिवार को मामले में आवाज न उठवाने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही दोनों बहनों रूबी और काजल पर एसिड फिकवाने धमकी दे रहे हैं। किसान के चचेरे भाई और आरोपी जितेंद्र ने भी कई दिनों पहले समझौता कर लेने की बात कही थी वरना बहुत बुरा होगा। आरोप लगाया कि 15 फरवरी को भी दो अज्ञात लोगों ने रास्ते में रोककर धमकाया था। प्रियरंजन और बबलू उन लोगों के साथ अनहोनी करवा सकता है। एक दिन पहले ही बेटियां डीसीपी पूर्वी से मिलीं थी। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रूबी यादव की तहरीर पर डॉ प्रियरंजन, जितेंद्र यादव, बब्लू यादव व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

लाल बंगला में दुकानों का शिलान्यास हुआ। अमृत विचार

32.16 लाख से हुआ 10 दुकानों का शिलान्यास

कानपुर। लाल बंगला मार्केट में सांसद सत्यदेव पचौरी ने 32 .16 लाख की धनराशि से निर्मित होने वाली 10 दुकानों का भूमि पूजन व शिलान्यास किया। मार्केट के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा। क्षेत्र के सैनिक व उनके परिवार के लोगों को घर व गृहस्थी की सामान के लिए बाजार नहीं जाना पड़ेगा। वहीं, उन्होंने पांच स्कूल के भावनों का लोकार्पण किया। कहा कि इन स्कूलों की शीघ्र मान्यता दिलवाकर इंटर तक की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संपर्क किया जाएगा। इस दौरान छावनी परिषद के अध्यक्ष स्टेशन कमांडर एस हसन मीठ हसन, विधायक मोहम्मद हासन रूमी, मुख्य अधिशासी अधिकारी अनुज गोयल, नामित सदस्य लखन लाल ओमर, अमित यादव, राजू सोनकर, सुमित तिवारी, नरेश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

महिलाओं ने वसंती पिकनिक आयोजित की। अमृत विचार

महिला संघ ने मनाया वसंतोत्सव

कानपुर। श्री ओमर वैश्य महिला संघ की ओर से वसंती पिकनिक का आयोजन किया गया। फूलबाग स्थित यूनियन क्लब में हुए आयोजन में वसंत क्वीन का चयन भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष रीता गुप्ता व कार्यक्रम संयोजिका वीना गुप्ता ने की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पीले फूलों में सभी सदस्यों का श्रृंगार मनमोहक रहा। मंत्री अंजना गुप्ता, निदेशिका उमा ओमर, प्रियंका, श्रद्धा मंत्राणी, अंजना गुप्ता, दीप्ति, पारुल, रेखा, कुसुम, रंजना, रजनी चौधरी, नीता गोरे, रश्मि गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहीं।

मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते कर्मचारी। अमृत विचार

भारत बंद का किया समर्थन

कानपुर। केंद्रीय ट्रेड यूनियंस व श्रम संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से शुक्रवार को मांगों के समर्थन में डिवीजन इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के बैनर तले भारतीय जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में सभा का आयोजन किया। पुरानी पेंशन बहाली, स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने, संविदा रोजगार, निजीकरण नीतियों के खिलाफ प्रस्तावित भारत बंद का समर्थन किया। महामंत्री राजीव निगम ने कहा कि सरकार अपनी पस्त आर्थिक नीतियों से उत्पन्न संकट से निपटने के लिए एलआईसी की संपदा बाजार में लाना चाहती है, जो गलत है। सभा ने निजीकरण के कदम का विरोध किया। सभा ने बंद का समर्थन किया और कहा सरकार सुधार करे, नहीं तो आगे और लड़ाई है। इस मौके पर अरुण तिवारी, मनोज कुमार, अमित मिश्रा, दीपक यादव, राकेश कनौजिया, संजय श्रीवास्तव, प्रतिभा मिश्रा, चेतन निगम, इंद्र कुमार गुप्ता, ओपी श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, शिल्पी लहारिया, अनिल धानुक, सुमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

वंदेभारत एक्सप्रेस के यात्रियों को फूल दिया गया। अमृत विचार

फूल और चॉकलेट देकर यात्रियों का किया स्वागत

कानपुर। प्रथम वंदेभारत एक्सप्रेस की पांचवीं वर्षगांठ पर यात्रियों का सेंट्रल पर स्वागत किया गया। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को फूल और चॉकलेट देकर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। नई दिल्ली-वाराणसी वंदेभारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 22436) के संचालन का पांच साल पूरा हो गया। शुक्रवार को वंदेभारत सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर एक पर सुबह 10 :08 बजे पहुंची तो उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष कुमार त्रिपाठी, स्टेशन मास्टर अनिल तिवारी, सीआईटी वीके त्रिपाठी वहां पहले से मौजूद थे। रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन से उतरे यात्रियों को गुलाब का फूल व चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद ट्रेन की बोगी में चढ़कर यात्रियों का स्वागत किया और बच्चों को चॉकलेट खिलाया। आशुतोष सिंह ने बताया कि 15 फरवरी 2019 को पहली वंदेभारत एक्सप्रेस चालू हुई थी। गुरुवार को एक्सप्रेस स्टेशन पर नहीं आई थी। शुक्रवार को पहुंचने पर वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यात्रियों का स्वागत किया गया और व्यवस्थाओं पर उनकी राय भी ली गई।

दो नाबालिग चोरों को इलाकाई लोगों ने पकड़ा

कानपुर। बाबूपुरवा कालोनी निवासी अजय कुमार ओमर के बंद घर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो बाल अपचारी (लाबालिग) को गिरफ्तार किया। आरोपियों को इलाकाई लोगों ने चोरी का माल बेचने के लिए ले जाते वक्त पकड़ कर पुलिस के हवाले किया था। किदवई नगर बाबूपुरवा कालोनी निवासी अनुज कुमार ओमर की कालोनी में ताला लगा था। वह परिवार के साथ यशोदा नगर स्थित दूसरे घर में रह रहे थे। 14 फरवरी की सुबह पड़ोसियों ने घर में चोरी की सूचना दी। कालोनी के पीछे की दीवार में सेंधमारी कर चोर उनके घर में दाखिल हुए। चोर करीब 50 हजार रुपये नकद के अलावा नलों की टोटियां, पीतल के बर्तन, चांदी के सिक्के समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में दो बाल अपचारियों को पकड़ लिया गया है।

सात दुकानों के शटर तोड़ने वाला पकड़ा

कानपुर। नौबस्ता क्षेत्र के ऑफिस चौराहे स्थित एमडी मार्केट की कॉस्मेटिक समेत सात दुकानों के शटर तोड़कर एक लाख से अधिक का माल व नकदी पार करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को फरार चल रहे मछरिया निवासी दूसरे नाबालिग चोर को दबोच लिया। मामले में पुलिस पहले एक नाबालिग चोर को बाल सुधार गृह भेज चुकी है।

एक नजर

सरकारी हैंडपंप से पानी भरने को लेकर विवाद

बिधनू। थाना क्षेत्र के कठुई गांव में स्वयं सहायता समूह की सचिव सुचित्रा का आरोप है कि वह सरकारी हैंडपंप में पानी भरने गई तो पड़ोसी सुरेन्द्र गालीगलौज करने लगा और विरोध करने पर घसीट कर पीटने लगा। उसने 112 नंबर पर सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। वह थाने गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी प्रेमचंद कनौजिया ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

बिल्हौर एसीपी ने चौबेपुर थाने का किया निरीक्षण

चौबेपुर। सहायक पुलिस आयुक्त अजय त्रिवेदी ने शुक्रवार को चौबेपुर थाने का निरीक्षण किया। दोपहर में चौबेपुर थाने पहुंचे एसीपी ने महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, मालगृह, सीसीटीएनएस कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने किसी भी शिकायत को छोटा न समझने की बात कही। कहा कि समय से शिकायतों का निस्तारण नहीं होने पर बड़ी घटना का रूप ले सकती हैं। यहां एसओ संजय पांडेय भी रहे।

तीन बच्चे पैदा, किसी की नहीं बची जान

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को एक महिला को तीन बच्चे पैदा हुए, जिनकी थोड़ी देर बाद ही मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि सीएचसी के डॉक्टरों की लापरवाही से तीनों बच्चों की मौत हुई है। तीनों बच्चों की एक साथ मौत होने के बाद परिजनों ने महिला को सीएचसी से डिस्चार्ज कराकर नर्सिंग होम में भर्ती कराया है, जहां महिला का इलाज चल रहा है।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के कोरियां गांव के रहने वाले रोहित कुमार ने गुरुवार को अपनी पत्नी राधा देवी (28) को प्रसव पीड़ा होने पर यहां लाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, जहां राधा ने एक के बाद एक कर तीन बच्चों को जन्म दिया। पैदा होने के कुछ देर बाद ही तीनों बच्चों की मौत हो गई। पति रोहित कुमार का आरोप है कि महिला डॉक्टर अनामिका एवं स्टाफ नर्सों की लापरवाही के कारण बच्चों की मौत हुई है। प्रसूता राधा देवी की हालत बिगड़ने पर पति रोहित कुमार ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डिस्चार्ज कराकर कस्बे के ही आशा नर्सिंग होम में भर्ती कराया है, जहां महिला का इलाज चल रहा है।

डॉक्टर पर आरोप

- परिजनों ने सीएचसी के डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप
- महिला को सीएचसी से डिस्चार्ज करा नर्सिंग होम में कराया भर्ती

घाटमपुर की इसी सीएचसी में पैदा हुए बच्चे। अमृत विचार

समय से पहले प्रसव होने पर हुई मौत: डॉ.कैलाश

सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र ने कहा कि तीनों बच्चों का वजन कम होने के कारण मौत हुई है। एक बच्चे का वजन 400 ग्राम, एक बच्चे का वजन 900 ग्राम और एक बच्चे का वजन 800 ग्राम बताया गया है। तीनों बच्चे मां के गर्भ में पूर्णतया विकसित नहीं हुए थे। समय से पहले प्रसव होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका।

अल्ट्रासाउंड जांच में बताए गए थे सिर्फ दो ही बच्चे

पति रोहित कुमार ने बताया कि जनवरी महीने में उसने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक नर्सिंग होम में पत्नी की अल्ट्रासाउंड जांच कराई थी। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में दो बच्चे होने की बात बताई गई थी, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान तीन बच्चे हुए। कुछ ही देर में तीनों बच्चों की मौत हो गई।

गल्ला व्यापारी के घर चोरी शादी का सामान ले गए चोर

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचार: बिधनू थाना क्षेत्र के चौराई गांव में गुरुवार की रात चोरों ने गल्ला व्यापारी के घर धावा बोला और ऊपरी मंजिल पर रखा बेटे की शादी का सामान समेट ले गए। चोरों ने सोने के जेवरातों के साथ कीमती समान पर हाथ मारा। व्यापारी की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन की और तहरीर लेकर चोरों की तलाश में जुट गई है।

चौराई गांव के गल्ला व्यापारी मुन्ना उर्फ मोहम्मद सिद्दीकी ने बताया कि उन्होंने तीन महीने पहले बेटे अजरुद्दीन की शादी की थी। बेटे की शादी में मिला दहेज का सामान घर की पहली मंजिल पर बने कमरे में रखा था। बेटा अजरुद्दीन अपनी बीवी के साथ लखनऊ में रहकर नौकरी करता है। यहां घर में पत्नी, एक बेटी और छोटा बेटा रहता है। सभी लोग खाना खाकर नीचे सोए थे। सुबह जब वह उठकर घर की दूसरी मंजिल पर पहुंचे तो बेटे के कमरे का दरवाजा खुला था और उसमें रखा दहेज का सामान, सोने की चेन, अंगूठी, बर्तन आदि गायब थे। तकरीबन दो लाख रुपये कीमत का सामान चोरी हुआ है। सूचना पर बिधनू पुलिस ने घटनास्थल की जांच-पड़ताल की।

चौराई गांव में चोरी के बाद कमरे का बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

छोटे भाई के निर्माणाधीन मकान के जीने से पहुंचे चोर

गल्ला व्यापारी मुन्ना के घर के बगल में ही उनके छोटे भाई शमसुद्दीन का मकान बन रहा है। जीने में अभी दरवाजा नहीं लगा है। संभावना है कि चोर उसी जीने से चढ़कर छत पर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़कर सामान सीढ़ियों के सहारे ही उतार ले गए। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

साढ़ में किसान की हत्या कर शव कुएं में फेंका

गाजीपुर गांव में वारदात, तिलक समारोह में विवाद के बाद उतारा मौत के घाट, एडीसीपी दक्षिण और एसीपी घाटमपुर पहुंचे

संवाददाता, भीतरगांव

अमृत विचार: साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में तिलक समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद गुरुवार देर रात नलकूप जा रहे किसान की हत्या कर 200 मीटर दूर कुएं में शव फेंक दिया गया और ऊपर से भूसा डालकर शव को छिपाने का प्रयास किया गया। घटनास्थल से कुएं तक खून की लकीरें दिखने पर पूरे मामले का खुलासा हो सका। हत्या की सूचना पर साढ़ पुलिस के साथ एसीपी घाटमपुर, एडीसीपी दक्षिण मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने मौके पर छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। फायर ब्रिगेड के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला।

साढ़ थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव का रहने वाला किसान हरीबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर (53) अविवाहित था और अपने परिवारिकजनों के साथ रहता था। वह रोजाना रात में गांव के बाहर खेतों पर स्थित ट्यूबवेल में सोने जाता था। परिजनों के अनुसार गुरुवार को वह गांव में ही एक परिवारिक तिलक समारोह में गया था। वहीं नशेबाजी में गांव के छोटू दुबे और उसके रिश्तेदार से टिक्कर का विवाद हो गया। आपस में हाथपाई भी हुई। गांव वालों ने समझा-बुझाकर झगड़ा शांत करा दिया था। इसके बाद टिक्कर वहां से घर चला आया। रात करीब 11 बजे रोज की तरह ट्यूबेवल में सोने के लिए घर से निकल गया।

परिवार के लोग बेफिक्र थे। शुक्रवार की सुबह जब गांव वाले मंदिर के पास से गुजरे तो जमीन पर खून के धब्बे मिले। खून के धब्बे देखकर लोगों को शक हुआ। खून के धब्बे देखते हुए गांव वाले आगे बढ़ते गए तो एक सूखे कुएं के पास तक पहुंच गए। वहां कुएं में कुछ नजर नहीं आया। आगे नजर गई तो फिर खून दिखा। कुछ दूर चलने पर दूसरे कुएं तक पहुंच गए। वहां झांक कर देखा तो लाश नजर आई। उसके ऊपर भूसा डाला गया था। लोगों को यकीन हो गया कि किसी की हत्या कर शव कुएं में फेंका गया है। छानबीन हुई तो टिक्कर गायब था। बाद में वह लाश टिक्कर की ही निकली।

हत्या कर शव कुएं में फेंके जाने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार सिंह और एडीसीपी दक्षिण अंकिता शर्मा घटनास्थल पहुंच गईं। पुलिस अफसरों ने जांच-पड़ताल करने और गांव वालों से जानकारी करने के बाद दमकल की टीम को मौके पर बुलाया। दमकल जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसान के शव को कुएं से बाहर निकाला। किसान के कपड़े फटे थे और शरीर पर गहरी चोट के घाव थे। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का अभी इंतजार है।

- फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने घटना के साक्ष्य जुटाए
- कड़ी मशक्कत के बाद दमकल टीम ने कुएं से निकाला शव

हरीबहादुर सिंह उर्फ टिक्कर।

मौके पर छानबीन करती साढ़े थाने की पुलिस। अमृत विचार

फोरेंसिक टीम ने सूखे कुएं के पास भी सैंपल लिया। अमृत विचार

35 फीट गहरे कुएं से मुश्किल से निकला शव

हत्यारों ने घटनास्थल के पास जिस कुएं में पहले शव को फेंकना चाहा, वह सूखा है। इसी के बाद शव करीब 200 मीटर दूर ले गए। जिस कुएं में शव फेंका गया, उसकी गहराई 30 से 35 फीट है और उसमें पानी भी है। कुएं में शव फेंकते के बाद भूसा भी डाल दिया, ताकि आसानी से शव दिखाई नहीं पड़े। इस कुएं से शव निकालने में फायर ब्रिगेड की टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल जवान सीढ़ी के जरिए कुएं में उतरे और फिर गांव वालों की मदद से शव को बाहर निकाला। शरीर में चोट के गहरे घाव थे और उसके कपड़े भी फट गए थे।

मंदिर के पास हुई हत्या 200 मीटर घसीटा शव

हालात बयां कर रहे हैं कि जब टिक्कर सिंह ट्यूबवेल में सोने जा रहा था, तभी हत्यारों ने उसे मंदिर के पास रोका और हत्या कर दी। इसके बाद पास के कुएं में शव फेंकना चाहा, लेकिन उसमें पानी नहीं था। इसके बाद उसे घसीटते और टांगते हुए करीब 200 मीटर दूर दूसरे कुएं के पास लेकर पहुंचे और शव को कुएं में फेंक दिया। पानी को गंदा करने के लिए उसमें भूसा डाल दिया, लेकिन मंदिर से कुएं तक फैले खून को नहीं मिटा सके। उसी खून ने ग्रामीणों को घटनास्थल तक पहुंचा दिया।

ग्रामीणों ने शक के आधार पर एक युवक को पकड़ा

कुएं में टिक्कर सिंह का शव मिलने के बाद गांव वालों का पहला शक उसी युवक की तरफ गया, जिससे शाम को तिलक समारोह के दौरान झगड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने शक के आधार पर उसी युवक को दबोच लिया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों के अनुसार युवक गांव से भागने की फिराक में था। उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। उसका रिश्तेदार फरार है। ग्रामीणों के अनुसार पकड़े गए युवक के खिलाफ कई मुकदमे हैं।

प्रधान ने एसीपी से कार्रवाई की मांग की

घाटमपुर। सजेती के बिहरेश्वर मंदिर में कुछ अराजकतत्व महंत को हटाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधान उर्मिला सोनकर ने इसका विरोध किया तो उनके साथ गालीगलौज के साथ अभद्रता की गई। महिला प्रधान ने एसीपी से कार्रवाई की मांग की है।

प्रधान ने बताया कि बिहरेश्वर मंदिर में लोगों की आस्था है। इस मंदिर में ट्रस्ट के लोगों ने महन्त ब्रह्मचारी सच्चिदानंद जी महाराज को सर्वसम्मत से पुजारी के रूप में रखा था। गांव के ही कुछ अराजक तत्व महंत सच्चिदानंद को हटाने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर गालीगलौज करते हैं।

लक्ष्मण-परशुराम संवाद में जयकारे

घाटमपुर। कस्बे के अशोक नगर उत्तरी टीचर्स कालोनी में महाकालेश्वर रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी अभिनय कला से लोगों का दिल जीत लिया। जनक का विलाप सुनकर दर्शकों की आंखों से आंसू छलक आए।

वसंतोत्सव की धूम...

घाटमपुर। उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड नवेली के यमुना लेडीज क्लब में वसंत पंचमी एवं वैलेंटाइन डे के अवसर पर सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें यमुना लेडीज क्लब की अध्यक्ष सिंधु संतोष, उपाध्यक्ष अरुणा, सचिव कविता, कोषाध्यक्ष विजय चंद्रा, संयुक्त सचिव माधुरी, समन्वयक माफी, खेल एवं संस्कृति प्रभारी कृष्णा कुमारी के साथ सुमन, पायल, अर्चना मौजूद रहीं। वसंत पंचमी पर क्लब की ओर से आसपास के गांवों में गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को खाने-पीने की सामग्री बांटी गई। जरूरतमंदों के कल्याण के लिए सहयोग भी किया गया। ● अमृत विचार

हादसे में बाइक सवार की मौत

बिल्हौर। नसिरापुर मोड़ पर बाइक से खाना लेने जा रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौत हो गई।

उन्नाव जनपद के बांगरमऊ थाना क्षेत्र के कुंशी गांव निवासी अखिलेश कुमार का पुत्र अंकित कुमार अरौल क्षेत्र में बकोठी निवासी विपिन कटियार के मुर्गी फार्म पर काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह बाइक से नानामऊ खाना लेने जा रहा था। नसिरापुर मोड़ के पास जीटी रोड पर वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

स्टेयरिंग फेल होने से खाई में घुसी स्कूल बस

संवाददाता, भीतरगांव

अमृत विचार: साढ़ थाना क्षेत्र के सतरहुली गांव के पास शुक्रवार सुबह बच्चों को लेने आई स्कूली बस की स्टेयरिंग फेल हो गई, जिसकी वजह से बस खंती में जा घुसी। गनीमत रही कि खंती में लगे पेड़ का सहारा मिलने पर बस पलटते-पलटते बची और बस में सवार छात्र छात्राएं सलामत बच गए। हादसे के बाद बच्चों की छुट्टी कर दी गई। बच्चों ने घर पहुंचकर परिजनों को हादसे की जानकारी दी।

साढ़ थाना क्षेत्र के सिरोह गांव निवासी सुनील पासवान सरकारी अध्यापक हैं। वह हरदोई जिले में तैनात हैं। सुनील का पुत्र शिवांशु (14) कक्षा नौ और पुत्री काव्या (9) कक्षा पांच की छात्रा है। दोनों रमईपुर स्थित दयानंद दीनानाथ एजुकेशन सेंटर में पढ़ते हैं। शुक्रवार की सुबह दोनों बच्चे बस में सवार होकर गांव से विद्यालय जाने के लिए निकले थे। स्कूल बस को लालपुर गांव निवासी चालक वाहिद चला रहा था, जिसके साथ हेल्पर के रूप में शरीफ मौजूद था।

खाई में घुसी स्कूली बस।

सार-संक्षेप

विदाई समारोह में मौजूद दसवीं और बारहवीं की छात्राएं। अमृत विचार

विदाई समारोह में छात्राओं की छलक पड़ीं आंखें

घाटमपुर। मूसानगर रोड पर स्थित गुरुप्रसाद पार्वती शिक्षा निकेतन इंटर कालेज राहा हथेरुआ में शुक्रवार को हाईस्कूल और इंटर मीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। प्रबंधक आनंद प्रियदर्शी और प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने दसवीं और कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विदाई दी। विदाई के दौरान एक-दूसरे से जुदा हो रहे बच्चे अपनी आंखों में आंसू नहीं रोक पाए। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य नरेश सचान, हनीफ मोहम्मद, दुर्गाप्रसाद, सुरेश दिवाकर, गौरव प्रजापति, सोनू यादव, अजीत सिंह परमार, काजल सिंह, आरती सिंह, शमा, अर्फी आदि मौजूद रहे।

एनयूपीपीएल के मुख्य कार्यकारी संतोष सीएस सम्मानित

घाटमपुर। नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष कुमार को ताज लैंड्स में वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस की ओर से 15 फरवरी को मुम्बई में आयोजित ग्लोबल एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में एचआर ओरिएंटेशन के साथ सीईओ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसको लेकर नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी है। नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड के स्वामित्र पांडेय सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष का माहौल है।

सम्मानित किए गए संतोष कुमार।

किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

घाटमपुर। भारतीय किसान यूनियन की ओर से शुक्रवार को तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह राजावत ने कहा कि किसानों का एमएसपी गारंटी के नियमों का अनुपालन कराया जाए और खरीद केंद्र पर किसानों के उपज की खरीद की जाए। किसानों के निजी नलकूपों का विद्युत बिल माफ किया जाए। क्षेत्र में अन्ना गोवंशों से निजात दिलाई जाए। किसान क्रेडिट कार्ड का कर्ज माफ किया जाए। दिल्ली बॉर्डर पर बैठे किसानों को जाने दिया। विद्युत संशोधित अधिनियम 2020 को वापस किया जाए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू किया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के नेता विनोद सिंह राजावत, सुरेंद्र सिंह, ताराचंद कुशवाहा, जयराम पाल आदि मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का मिला लाभ

बिठूर। सड़क हादसे का शिकार हुई सैबसू निवासी बबली मिश्रा की वारिस को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ मिला है। मंधना स्थित यूनियन बैंक शाखा में खाताधारक बबली मिश्रा की सड़क हादसे में मौत होने के बाद उनकी वारिस मां सरोजनी मिश्रा को प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ दिया गया। यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक अभिषेक गुप्ता ने उन्हें दो लाख रुपये का चेक सौंपा। चेक लेते समय मां सरोजनी की आंखों में आंसू आ गए।

चूल्हे की चिंगारी बनी शोला, गृहस्थी जली

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: पतारा में चूल्हे की चिंगारी शोला बन गई। घर में रखे पुवाल के ढेर में आग पहुंचने से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। चपेट में आने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। परिजनों ने शोर मचाने के साथ बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सब स्टेशन फोन कर लाइट चालू कराई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

पतारा निवासी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उनकी पत्नी शिवाप्यारी घर के चूल्हे में खाना बना रही थी। इस दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से घर की छत पर रखे पुवाल में आग लग गई। आग ने विकराल रूप ले लिया। परिजनों ने हैंडपंप के जरिए पड़ोसियों की मदद से बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने आग बढ़ती देख डायल 112 पर फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सब स्टेशन समेत एसडीओ को फोन कर पतारा की विद्युत आपूर्ति बहाल कराई, ताकि घर पर लगे सबमर्सिबल पंप के जरिए आग बुझाई जा सके। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि आग की चपेट में आने से गृहस्थी के साथ कुछ कागजात जल गए हैं।

- मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

सीएचसी में धरना | 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम चिकित्सा अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

आशा बहुओं ने सीएम से मांगा न्यूनतम वेतन

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: आशा बहुओं ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरना देकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आशाओं ने कहा कि अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो राजधानी लखनऊ में आशा व आशा संगिनियों का तीन दिवसीय महापड़ाव होगा, जिसकी रणनीति जल्द तय होगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा बहुओं ने धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। आशाओं ने अपनी मांगों को लेकर कहा कि आशा और संगिनी को मिलने वाली राशि को प्रोत्साहन राशि के बजाय उसे मानदेय के रूप में संबोधित किया जाए और उसके भुगतान की प्रणाली में परिवर्तन करते हुए स्थाई भुगतान न्यूनतम वेतन के बराबर किया जाए। गोल्डन आयुष्मान कार्ड व दस्तक, वेलनेस सेंटर में योगदान, टीवी, कुष्ठ रोग निरोधक अभियान, पोलियो के विरुद्ध अभियान, हेल्थ प्रमोशन आदि कार्यों का बकाया भुगतान अविलंब किया जाए। आशा बहुओं ने कहा कि जुलाई 2019 में राज्य सरकार की ओर से अधिसूचित राशि का आंशिक भुगतान नहीं किया गया है। कोविड में मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 तक योगदान के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित कोविड भत्ता रुपया 1000 मासिक में सिर्फ पांच में का भुगतान किया गया है। शेष कोई 19 में की प्रोत्साहन राशि का कहीं अता-पता नहीं है। आए दिन आशा कर्मियों के साथ चिकित्सकों, स्टाफ कर्मियों द्वारा मारपीट, उन्हें चिकित्सा संस्थान से बाहर खदेड़ने, प्रवेश न करने देने और मरीजों से की जाने वाली मनमानी अवैध उगाही पर रोक लगाई जाए। बार-बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद सरकार न्यूनतम वेतन के प्रश्न को सुनने को तैयार नहीं है। न भविष्य निधि और न ग्रेड ड्यूटी और न ही किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा और वार्षिक अवकाश न मातृत्व अवकाश की सहूलियत है। इन्हीं समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आवाहन पर तहसील की आशा बहुओं ने धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को घाटमपुर सीएचसी में धरना देतीं आशा बहुएं। अमृत विचार

अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

- औरास और माखी थानाक्षेत्र में हुए हादसे

उन्नाव। माखी थानांतर्गत पैदल जा रहे युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। उसे परिजनों ने कानपुर के एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, औरास थानाक्षेत्र में पति के साथ जाते समय दूसरी बाइक की टक्कर से घायल हुई महिला ने लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

अस्पताल में भर्ती बांगरमऊ हादसे में घायल हुआ युवक। अमृत विचार

केस 01 माखी थानाक्षेत्र के मेथीटिकुर गांव के मजरा गंगाखेड़ा निवासी सुखवीर (40) पुत्र बिंदा प्रसाद मजदूरी कर परिवार चलाता था। बीती गुरुवार शाम वह किसी काम से चकलवंशी चौराहा जाने को घर से निकला था। संडीला मार्ग पर गांव के मोड़ पर पीछे से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें उसे गंभीर चोटें आ गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां देररात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के भेजा। बेटे की मौत मौत से मां भगवान देई बेहाल रही। बताया कि अभी बेटे की शादी नहीं हुई थी। वह छह भाइयों महेश, सुरेश, विनोद, नीरज व छोटू में चौथे नम्बर का था।

केस 02 औरास थाना के मोहल्ला अटल नगर बरुवा टोला निवासी रेशमा (42) अपने पति विजय कुमार के साथ रविवार को संडीला कस्बा कपड़े खरीदने गई थी। वहां से लौटते समय औरास कस्बा स्थित धर्म कांटा के पास ओवरटेक करते समय दूसरी बाइक में उनकी बाइक से पीछे टकरा गई। इसमें रेशमा उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से डाक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया था। लेकिन बेड न मिलने पर परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार भोरपहर इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर लौटे और औरास पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि महिला के बड़े बेटे मुकेश का शुक्रवार को मांगलिक कार्य था, उसकी खरीददारी के लिए दंपती गए थे। मां की मौत से बेटे मुकेश व रोहित रो-रोकर बेहाल रहे।

अन्ना मवेशी से टकराकर बाइक चालक गंभीर घायल

आसीवन। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के शीतलगंज खंभौली गांव निवासी दिलीप (34) पुत्र मंशाराम शुक्रवार को बाइक से अपनी ससुराल आसीवन थानाक्षेत्र के गांव नूरुल्ला नगर जा रहा था। कुलहा पुलिया के पास बाइक अचानक सामने आए आवारा मवेशी से टकरा गई। इसमें बाइक चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

ट्रक-कंटेनर की आमने-सामने टक्कर में चालक घायल

बांगरमऊ। बिहार प्रांत के थाना गोधनपुर अंतर्गत गांव नेवादा निवासी ट्रक चालक अनिल (50) पुत्र बैजनाथ शर्मा लखनऊ से कंटेनर में भूसी लोड कर अलीगढ़ जा रहा था। बांगरमऊ क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव के पास उसके वाहन की सामने से आए ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें कंटेनर के केबिन में चालक फंस गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सीएचसी लाई। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हालत गंभीर, भर्ती

नवाबगंज। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के असावर गांव निवासी पारुल पुत्र जगदाता के दोस्त लखनऊ से शुक्रवार को गांव आये थे। जिन्हें शाम को छोड़ने के लिये पारुल लालाखेड़ा चौराहा गया था। लौटते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। लोगों ने पीछे से आ रही एम्बुलेंस से उसे नवाबगंज सीएचसी भेजा। सूचना पर सीएचसी पहुंचे परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर चले गये।

संदिग्ध हालात में युवक की मौत, मचा कोहराम

आसीवन। दवा लेकर घर लौट रहे युवक की रास्ते में अचानक हालत बिगड़ गई। अचेत पड़े युवक को परिजन पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

आसीवन थाना के हैदराबाद निवासी शनी (45) पुत्र बाबूलाल का काफी समय से स्वास्थ्य खराब चल रहा था। शुक्रवार को वह कस्बा स्थित एक डाक्टर से दवा लेने गया था। घर लौटते समय कस्बा स्थित एक जनरल स्टोर के सामने अचानक उसे चक्कर आया और वह सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। उसके के दो बच्चों में बेटा अहम (7) व बेटी आयुशी (5) है। उसकी मौत से मां सावित्री व पत्नी कुंती सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

टप्पेबाजी करने वाली तीन महिलाओं को पुलिस ने अदालत में किया पेश

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। ई-रिक्शा सवार महिला की बैग से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर भाग रही तीन महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। पकड़ी गई महिलाएं जिला संत कबीर नगर के खलीलाबाद थानाक्षेत्र की निवासी हैं।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतसिया के मजरा भगवंत पुरवा निवासी देशराज की पत्नी शांति बीते बुधवार अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने नगर के मोहल्ला कटरा आई थी। इसके बाद गुरुवार को वह बांगरमऊ के नानामऊ मार्ग तिराहे से ई-रिक्शा पर बैठकर गांव जा रही थी। ई-रिक्शा पर शांति के पास चार अन्य महिलाएं आकर बैठ गईं। तभी रास्ते में चारों महिलाओं ने निगाह बचाकर शांती के बैग से सोने का हार, अंगूठी, चांदी की हाफ पेटी व पायल आदि जेवरात चोरी कर लिये।

पुलिस गिरफ्त में टप्पेबाज महिलाएं। अमृत विचार

शक होने पर शांति ने बैग खोलकर देखा तो उससे जेवर गायब थे। महिला ने तुरंत ई-रिक्शा रुकवाया। ई-रिक्शा रुकते ही चारों महिलाएं भागने लगीं। शांति के शोर मचाने पर लोगों ने दौड़कर तीन महिलाओं को पकड़ लिया। चोरी गये जेवरात मिलने से शांती ने राहत की सांस ली। लोगों ने टप्पेबाज महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया।

महिलाओं ने पुलिस को अपना नाम तारा पत्नी सुरभान निवासी गांव फरहनिया, सुनीता पत्नी सुरेंद्र निवासी गांव मुड़ियारी महुली व अमीरा पुत्री बगेदु निवासी गांव कुशहरा साथा थाना खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर बताया। कार्यवाही के बाद तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने काफी दिनों से वांछित चल रहे कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी बृजेश पुत्र नत्था व नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी बबलू पुत्र वासिद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

जल जीवन मिशन के तहत प्रचार वाहन को किया रवाना

पुरवा। हिलौली ब्लाक परिसर में शुक्रवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत गावों में प्रचार-प्रसार के लिए दो डिजिटल वाहनों को मुख्यालय परिसर से ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के जिला क्वार्डिनेटर जय प्रकाश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार प्रचार वाहनों को गांव-गांव भेजकर लोगों को जागरूक किया जायेगा कि फ्लोरीन युक्त शुद्ध जल का प्रयोग करना चाहिए। पानी को सदैव साफ बर्तन में ढंककर रखने से वह शुद्ध बना रहता है। इससे शरीर में बीमारी नहीं होती है। वहीं ब्लाक प्रमुख ने करदहा व सरांय मुबारक गावों में आयोजित जन चौपाल में नाली, खड़ंजा, पेंशन, पीएम आवास व शौचालय आदि की समस्याएं सुन कर शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एडीओ पंचायत रवि शर्मा, अजय शुक्ला, रोहित अवस्थी, गौतम त्रिपाठी, धर्मेंद्र सोनी, विवेक सिंह, रमेश पाल, विपिन कुमार आदि कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली पुलिस को हाईवे किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ने में सफलता मिली है। उनके पास से तमंचे, कारतूस, एक कार व 90 लीटर चोरी का डीजल बरामद हुआ है।

बीघापुर कोतवाली प्रभारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि अभिमन्यु सिंह उर्फ मन्ना पुत्र राजेंद्र, आकाश गौतम पुत्र देशराज निवासी अहिरवा थाना चकेरी कानपुर व आशीष उर्फ भूरई पुत्र शिव मोहन बिसरौली थाना बकेवर फतेहपुर को गुरुवार देररात बीघापुर-पुरवा मार्ग पर मियागंज के पास चेकिंग के दौरान रोका गया। उस समय सभी एक कार से पुरवा की ओर जा रहे थे। तलाशी में कार में तीन डीजल से भरे जरीकेन मिला। संदिग्ध स्थिति में देख तीनों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वे लोग बदरका अंडरपास के पास ट्रकों से डीजल चोरी करते हैं। तलाशी में उनके पास दो तमंचा, पांच कारतूस, तीन मोबाइल, डीजल से भरी व खाली जरीकेन के अलावा अन्य चोरी में प्रयोग होने वाले उपकरण बरामद हुए। बताया कि पकड़े गए अभिमन्यु सिंह व आशीष यादव के विरुद्ध चकेरी थाने में भी कई मामले दर्ज हैं। गिरोह द्वारा उन्नाव व रायबरेली व अन्य जिलों में सड़क किनारे ढाबों में खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने का काम किया जाता है।

यूथ क्लब ने अगस्त क्लब को हराया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) की ओर से आयोजित हो रही 15वीं डा. सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट लीग में शुक्रवार को हुए मैच में यूथ क्लब ने अगस्त क्लब को 8 विकेट से पटखनी दी।

मैच से पहले यूथ क्लब के कप्तान देवांश ने टास जीतकर अगस्त क्लब को पहले बल्लेबाज़ी का न्योता दिया। बल्लेबाज़ी करने उतरी अगस्त क्लब की पूरी टीम निर्धारित 30 ओवरों में मात्र 15.5 ओवरों में 42 रनों पर ही सिमट गई। इसमें यूथ क्लब की ओर से बालिंग करते हुए ओम नारायण ने 3, ओम शर्मा व अल्तमश ने 2-2 विकेट झटके। जवाबी बैटिंग करते हुये यूथ क्लब की टीम ने 6.5 ओवरों में सुयश सिंह के नाबाद 21 व आर्यन यादव के नाबाद 10 रनों की बदौलत आसानी से 44 रन बनाकर जीत दर्ज की। अगस्त क्लब की ओर से बालिंग करते हुए मानविक मिश्रा ने 2 विकेट लिये।

विजयी टीम के साथ मौजूद आयोजक। अमृत विचार

शुक्रवार को हुए मैच से पहले जिला क्रिकेट एसोसिएशन की महिला संयोजिका मंजुलता अवस्थी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच में मुख्य रूप से नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, सुनील पटेल, ओम मिश्रा, अभिनव त्रिपाठी मौजूद रहे। अंपायरिंग शिशिर बाजपेई व संदीप यादव और स्कोरिंग राज किशोर ने की। डीसीए के महामंत्री पीके मिश्र ने बताया कि शनिवार का मैच यूथ क्लब और बैंकर्स इलेवन के बीच खेला जाएगा।

विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, छह गंभीर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सफीपुर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की
- घायलों को सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया

अमृत विचार। नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में करीब आधा घंटे तक लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चले। इसमें एक पक्ष के तीन पुरुष व एक महिला के सिर व हाथ-पैरों के चोटें आई हैं। घायलों को सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रिफर किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर निवासी रामबाबू पाल ने बीते दिनों परियर चौकी पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसी मनीराम पाल पर घर के सामने मल-मूत्र बहाने का आरोप लगाया था। अगले दिन इसे लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

दोनों पक्षों में करीब आधा घंटे तक जमकर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर चले। इसमें एक पक्ष से रामबाबू, प्रशांत व ममता के सिर व हाथ-पैर में गंभीर चोटें आ गईं। वहीं बीच-बचाव करने आये रविशंकर, नन्हकी व शीतल भी चोटहिल हो गईं।

तीन गंभीर घायल रामबाबू, प्रशांत व ममता को सफीपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवास सूची से नाम हटा देने की शिकायत

पुरवा। हिलौली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी दिव्यांग मालती देवी ने मुख्यमंत्री को शिकायतीपत्र भेजकर बताया कि वह कच्चे घर में रह रही है। जिससे बारिश में उसके परिवार को खतरा रहता है। बताया कि आवास की सूची में नाम आने के बाद भी उसे आवास नहीं मिला। सचिव द्वारा पक्का आवास होने की रिपोर्ट लगाकर सूची से उसका नाम काट दिया गया है। पीड़ित ने सचिव से शिकायत करने पर अभद्रता कर ब्लाक से उसे भगा देने का आरोप भी लगाया है। मालती ने बताया कि इसकी शिकायत बीडीओ से उच्चाधिकारियों से भी उसने की है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बीडीओ विकास शुक्ला ने बताया कि अभी ऐसी कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली है। अगर शिकायत आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

लाठी-डंडों से पीटकर हत्या करने वाले तीन को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शुक्रवार को सुनाया फैसला

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में लाठी-डंडों से पीटकर हुई हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी होने के बाद कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के साथ सभी पर 48-48 हजार का अर्थदंड लगाया है। कोर्ट ने अर्थदंड से 75 हजार रुपए दिवंगत की पत्नी को प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाने के भी आदेश दिए।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव पियारे खेड़ा मजरे सैता निवासी केसपति ने बांगरमऊ कोतवाली में 10 जून-14 को मंजेश पासी पुत्र रामदीन, रजोले पुत्र बेचेलाल निवासी शादीपुर बांगरमऊ कोतवाली व कमलेश पासी पुत्र भोगई निवासी नगरा मजरा अतरधनी बांगरमऊ और सिद्धनाथ उर्फ चवन्नी पुत्र शिवकुमार निवासी बीबीपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर पर अपने पति मंशाराम की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक वह बांगरमऊ में बदलू खां के ईट भट्ठे पर परिवार के साथ ईंट पथाई का काम करती है। वहां शादीपुर गांव निवासी मंजेश पासी भी काम करता था और वह उसकी बेटी से जबरन शादी करना चाहता था। जिसका पति विरोध करते थे। इसी रंजिश को लेकर 8 जून-14 रविवार को देरशाम 8 बजे मंजेश, कमलेश पासी, रजोले व सिद्धनाथ उर्फ चवन्नी तमंचा व लाठी-डंडों से लैस होकर आए और बेटी को जबरन उठा ले जाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मंजेश ने तमंचा से फायर झोंक दिया और सभी ने उसके पति मंशाराम व उसे पीटना शुरू कर दिया था। हमले में मंशाराम की मौत हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सभी को जेल भेजा था। जांच के बाद तत्कालीन इंस्पेक्टर बांगरमऊ ऋषिकांत शुक्ला ने 12 जनवरी-15 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। केस की सुनवाई के दौरान ही आरोपी कमलेश की मौत हो गई थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में पूरी हुई।

शासकीय अधिवक्ता दीपक मिश्रा द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश रवि प्रकाश साहू ने मंजेश, राजोले व सिद्धनाथ को हत्या का दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास के निर्देश दिये।

गैंगस्टर में एक को तीन साल की सजा

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के जाजामऊ गांव निवासी नौशाद पुत्र मो. इस्लाम पर पुलिस ने सन-2020 में गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की थी। पुलिस का आरोप था कि वह गैंग बनाकर थानाक्षेत्र में गोकशी, तस्करी सहित अन्य अपराधों में लिप्त रहता था। इसकी बदौलत उसने धन भी अर्जित किया था। आईओ हरिकेश राय ने उसके विरुद्ध सितंबर-21 को चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की शुक्रवार को अंतिम सुनवाई हुई। शासकीय अधिवक्ताओं हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी व विश्वास त्रिपाठी द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों व दलीलों को सुनने के बाद एडीजे-5 शिप्रा आर्या ने नौशाद को दोषी पाकर तीन साल की सजा सुनाई है।

किशोरी का धर्म परिवर्तन कर शादी का बना रहा दबाव

- मां ने सीओ को शिकायतीपत्र देकर कार्यवाही की मांग की

गंजमुरादाबाद। गैर समुदाय का युवक एक किशोरी का धर्म परिवर्तन कराकर उससे शादी करने का दबाव बना रहा है। किशोरी की मां ने सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव तकिया निवासी एक महिला ने सीओ बांगरमऊ को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसके गांव निवासी मुस्लिम समुदाय का युवक उससे गालीगलौज कर उसकी छोटी बेटी का धर्म परिवर्तन कराने और उससे शादी करने का दबाव डाल रहा है। महिला के अनुसार उसकी बेटी नाबालिग है। कहा कि युवक पूर्व में भी उसकी बेटी को अगवा कर चुका है। महिला का आरोप है कि बीती 22 जनवरी को राम मंदिर उद्घाटन पर निकाली गई शोभायात्रा को लेकर आरोपी रंजिश मानता है।

खतरे में जिंदगी माखी थानांतर्गत आवारा मवेशी के हमले से किसान गंभीर घायल हो गया था, अस्पताल में मौत

अन्ना मवेशी ने किसान को उतारा मौत के घाट

उन्नाव। केंद्र व प्रदेश की मौजूदा सरकारें बेसहारा मवेशियों और किसानों को लेकर बेहद गंभीर बनी हुई हैं। इनकी सुविधाओं व सुरक्षा के लिये लगातार संसाधन भी जुटाए जा रहे हैं। लेकिन, सरकार के लाख प्रयास के बाद भी यह दोनों एक-दूसरे के दुश्मन बने हुए हैं। कहीं ऐसे मवेशी किसानों की फसल चट कर रहे हैं तो कहीं हमला कर किसानों की जान तक लिये ले रहे हैं।

ऐसा ही कुछ शुक्रवार को उन्नाव के माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में हुआ। जहां एक आवारा मवेशी ने किसान पर हमला बोल दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गये। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

माखी थानांतर्गत नगवा गांव निवासी भग्गा (70) पुत्र कन्हई खेती करता था। गुरुवार शाम वह अपने पालतू मवेशियों को चराने गया था। तभी वहां घूम रहे आवारा मवेशी ने उस पर हमला बोल दिया। इसमें वृद्ध को गंभीर चोटे आ गईं।

आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़े और मवेशी को भगाने के बाद परिजनों को इसकी सूचना दी। गंभीर घायल किसान को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से उसे गंभीर देख डाक्टर ने कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देररात किसान ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर लौट आए और शुक्रवार को बिना पुलिस को सूचना दिए परियर घाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उसकी मौत से पत्नी राजेश्वरी, चार बेटे रामप्रसाद, अवधेश, नन्हके व परशुराम रो-रोकर बेहाल रहे।

- खेतों में घूम रहे बेसहारा मवेशी ने वृद्ध पर हमला कर दिया था
- परिजन उसे अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई

खेत में मवेशी जाने की शिकायत पर किसान को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमतपुर पाली में खेत में जानवर चरने की शिकायत पर गांव के दंबगों ने किसान की जमकर पिटाई कर दी।

रहमतपुर पाली गांव निवासी मनीष पुत्र नन्हक्के ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत में मवेशी चर रहे थे। वह मवेशी अनिल के थे। इसकी शिकायत करने वह अनिल के घर गया तो उसने अपने परिजनों सुशील, सनी व लव कुमार के साथ मिलकर उसे पीट दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटें आ गईं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

भक्तों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

अमृत विचार। श्रीमद्भागवत के समापन पर कस्बा स्थित कालिका देवी मंदिर से भक्तों ने बिठूर के ब्रह्मावर्त तक भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल भक्त जयकारों के साथ भक्ति गीतों पर जमकर झूमे।

सफीपुर कस्बा के मंगल बाजार मोहल्ला स्थित कालिका देवी मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के विसर्जन दिवस पर भक्तों ने कस्बा से शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा कस्बे से परियर के जानकी कुंड व बलखंश्वर महादेव मंदिर होते हुए बिठूर के ब्रह्मावर्त पहुंची। जहां जंवारे विसर्जित कर पतित पावनी मां गंगा में सभी ने स्नान किया।

इस अवसर पर बाबा फक्कड़ दास, हरिप्रकाश उर्फ पिन्नू, अनिल, राजू लोधी, सीता, किरन, काजल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शोभायात्रा में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

श्रीमद्भागवत कथा के पहले दिन निकली कलश यात्रा

फतेहपुर चौरासी। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव नरीगाड़ा स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शुक्रवार को सुबह कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर से आचार्य शिवम द्विवेदी, आचार्य धर्मेंद्र, आचार्य नितीश व आचार्य शोभित के नेतृत्व में निकली गई कलश यात्रा क्षेत्र के सरैंया घाट तक गई। जहां से यात्रा गंगा नदी से जल भरकर विभिन्न मंदिरों से होते हुए वापस कथा पांडाल पहुंची। कथा वाचक मां भुवनेश्वरी पीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने कथा यजमान अंजनी कुमार, रेखा विश्वकर्मा व रामस्वरूप विश्वकर्मा समेत अन्य भक्तों को भागवत महात्म की कथा सुनाई। संगीतमयी कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए।

30.71 करोड़ से संवरेगा गंगाघाट रेलवे स्टेशन

डीआरएम ने जानकारी देते हुए बताया कि फुट ओवर ब्रिज भी बनेगा, कर्मचारियों की कॉलोनी में गंदगी देख जताई नाराजगी

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। शुक्रवार शाम लखनऊ मंडल डीआरएम शैलून से अपनी टीम के साथ गंगाघाट पहुंचे। जहां उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत होने वाले गंगाघाट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की हकीकत देखी। इसके साथ ही उन्होंने स्टेशन, कॉलोनी का निरीक्षण किया। जहां कॉलोनी में गंदगी देख उनका पारा हाई हो गया और उन्होंने नाराजगी जाहिर की।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। स्टेशन निर्माण की जगह को देखने के लिये शुक्रवार शाम करीब पांच लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा निजी शैलून से गंगाघाट स्टेशन पहुंचे। जहां उनके साथ एडीआरएम वी एस यादव, सीनियर डीओएम रजनीश श्रीवास्तव, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा, आईओडब्ल्यू हर्ष बल्लभ के अलावा रेलवे के अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने कानपुर ब्रिज रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए रेलखंड की संरक्षा को गहनता से परखा। इसके साथ ही इस मार्ग पर पड़ने वाले रोड ओवर ब्रिज और रोड अन्डर ब्रिज एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक रेलवे स्टेशन 30.71 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित होने वाले स्टेशन की जगह को देखा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत 29.78 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किये जाना है। जिसको लेकर निरीक्षण करने के लिये पहुंचे हैं। इस दौरान वह पैदल ही कॉलोनी के पास पहुंचे। जहां कॉलोनी में गंदगी देख उनका पारा हाई हो गया और उन्होंने फटकार लगाई। जहां एक कर्मी राकेश शुक्ला ने शिकायत की कि उनके कमरे में पल्ला नहीं है और अधिकारी सुन नहीं रहे हैं। उन्होंने जल्द लगवाने के निर्देश दिये। एक घंटे तक उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया और मातहतों को दिशा निर्देश दिये। अधिकारी के जाने के बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

गंगाघाट स्टेशन पर मातहतों को निर्देश देते डीआरएम एसएम शर्मा। अमृत विचार

डीआरएम के आने से पहले हुई साफ-सफाई

गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर जगह-जगह गंदगी फैली हुई थी। डीआरएम के आने की सूचना पर एक दिन पहले पहले से ही स्टेशन परिसर में साफ सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराया गया। इसके बावजूद डीआरएम स्टेशन पर नहीं पहुंचे।

स्टेशन बनने के बाद यह मिलेंगी सुविधाएं

डीआरएम ने बताया कि स्टेशन म सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग व्यवस्था, कार्यालय, वेटिंग एरिया, पेय जल, बुकिंग कार्यालय, स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेबी फीडिंग कक्ष, कैफेटेरिया एवं रिटेल आउटलेट की सुविधाएं, आरामदायक एवं आधुनिक फर्नीचर की व्यवस्था होगी।

12 मीटर चौड़ा बनेगा एफओबी

रेलवे स्टेशन पर सौन्दर्ययुक्त साइनेज, जल निकासी की समुचित व्यवस्था, 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण, दिव्यागजनों हेतु आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का विकास, प्लेटफॉर्मो की सतह का सुधार, यात्रियों के बैठने हेतु पर्याप्त शेड एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त यात्री प्रसाधन, लिफ्ट, रैम्प एवं स्वचालित सीढियों का निर्माण कराया जायेगा।

वीडियोग्राफी कर बाबू के कमरे की बन रही फाइलों की सूची

वीडियोग्राफी से फाइलों की सूची बनाते पालिका कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। नगर पालिका में तैनात लेखा लिपिक के कमरे की दूसरे दिन भी वीडियोग्राफी कराकर फाइलों की जांच की जा रही है। वहीं पूर्व सभासद ने पांच साल बाद ताला खुलने पर गंभीर आरोप लगाये हैं। पालिका प्रशासन ने बताया कि फाइलों की सूची बनाने के बाद ही मामले सामने आयेंगे।

21 मई 2019 को लेखा लिपिक आईसी मिश्रा रिटायरमेंट हुये थे। जिसके बाद वह ताला अपने कमरे में ताला लगाकर चले गये। पूर्व सभासद राजूमसवासी ने बताया कि तमाम प्रकार के गड़बड़ी की गई थी। जिस कारण लेखा लिपिक ने ताले की चाभी नहीं सौंपी थी और न ही कार्यभार सौंपा था। नई पालिका का गठन होने पर ताला खुलवाने की मांग पर कमरा खुलवा दिया और दो दिनों से वीडियोग्राफी कर फाइलों की सूची बनाई जा रही है। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि जांच की जा रही है।

सुरक्षा में लगी पुलिस हटने पर मृतका की पत्नी ने डीएम-एसपी से लगाई गुहार

विनोद हत्याकांड

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी भाकियू किसान नेता की विशेष समुदाय के हिस्ट्रीशीटर ने हत्या कर दी थी। जिसके बाद से सुरक्षा को देखते हुये मृतक के घर पर पुलिस और पीएसी तैनात थी। इधर छह दिन पहले घर से पुलिस कर्मियों को हटा दिया गया। जिस पर मृतक की पत्नी ने डीएम और एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई। एसपी ने मृतक की पत्नी का आश्वासन दिया है।

चंपापुरवा निवासी भाकियू नेता विनोद कश्यप की 14 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घर के बाहर बने मंदिर में श्रंगार और भंडारा कराने को लेकर चंदा मांग रहे थे, तभी गोताखोर निवासी हिस्ट्रीशीटर शमशेर उर्फ काले खां ने पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से क्षेत्रीय लोगों को गुस्सा फूट गया था। इधर मृतक के परिवार और साले को भी धमकियां मिल रही थी। जिस पर मृतक के घर के बाहर पुलिस और पीएसी तैनात की गई थी। छह दिन पहले उसके घर से पुलिस कर्मियों को हटा दिया गया। जिस पर परिवार खुद को असुरक्षित महसूस करने लगा। गुरुवार को मृतक की पत्नी प्रीती डीएम अपूर्वा दुबे और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा से मिलकर घर की सुरक्षा के लिये पुलिस फोर्स की मांग की।

जानकारी देती मृतक की पत्नी

- एसपी का आश्वासन दो पुलिस कर्मी की लगेगी ड्यूटी
- बच्चों की पढ़ाई के लिये समाज कल्याण ने मांगा खाता नंबर

समाज कल्याण ने मांगा खाता नंबर

मृतक की पत्नी प्रीती ने बताया कि डीएम ने उन्हें समाज कल्याण के पास भेजा। जहां बच्चों के खर्च के लिये समाज कल्याण ने उनसे बेटों का बैंक खाता नंबर मांगा। जिस पर उन्होंने बेटे आयुष व देवांश का खाता नंबर दिया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा को पुलिस व प्रशासन ने कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- 24 केंद्रो पर दो दिन में चार पालियों में 42 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत
- परीक्षार्थियों को कोई समस्या न हो इसके लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

अमृत विचार। जिले के 24 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा शांतिपूर्वक निपटाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए उन्हें ड्यूटी को लेकर निर्देश दिए। साथ ही सभी सीओ को लगातार अपने क्षेत्रों मे निगरानी रखने को कहा। वहीं परीक्षा के दौरान जाम की स्थित न बने इसके लिए भी विशेष तैयारी की गई है।

जिले में 17 व 18 फरवरी को होने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुलिस व प्रशासन ने कमर कस ली है। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होने वाली परीक्षा के दौरान केंद्रों के 100 मीटर परिधि में फोटों कापी की दुकानें परीक्षा अवधि में बंद रहेगी। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर में 42,336 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पुलिस लाइन में कंट्रोल रूम बनाया गया है। साथ ही आठ सेक्टर व 24 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर पूछताछ केंद्र बनाए गए हैं। दो पालियों में होने वाली परीक्षा में पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 और दूसरी पाली की परीक्षा शाम तीन से पांच बजे तक होगी। इसमें जिले के अलावा पड़ोसी जिले के परीक्षार्थी भी शामिल होंगे। पूछताछ केंद्रों पर पुलिस की गाड़ी मौजूद रहेगी जिससे अगर किसी अभ्यर्थी को देर हो रही है तो उसे केंद्र पहुंचाया जा सके।। परीक्षा में परीक्षार्थियों के अलावा हर संदिग्ध पर पूरी नजर रखी जाएगी। चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थी को केंद्र में जाने की अनुमति मिलेगी। इलेक्ट्रानिक डिवाइस पर पूरी तरह रोक रहेगी। परीक्षा के नोडल एएसपी अखिलेश सिंह ने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए सेक्टर वार ट्रैफिक की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा केंद्रों पर पार्याप्त फोर्स रहेगा।

पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते एएसपी। अमृत विचार

शुक्लागंज के पांच केन्द्रों में परीक्षा

शुक्लागंज। नगर के पांच केन्द्रों में शनिवार और रविवार को दो पालियों में सिपाही भर्ती की परीक्षाएं होंगी। जिसको लेकर केन्द्र व्यवस्थापकों ने तैयारियां पूरी कर ली है। शुक्रवार को अंतिम दिन केन्द्रों में रोल नंबर की लिस्ट चस्पा करने के साथ ही कक्ष में अभ्यार्थियों के बैठने के लिये सीटों पर रोल नंबर लगाये गये हैं। इसके साथ ही विद्यालयों के स्टॉफ के साथ बैठक कर उन्हें परीक्षा के दिशा निर्देश दिये गये हैं। सिपाही भर्ती की परीक्षा को लेकर नगर के गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर, राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कालेज को केन्द्र बनाया गया है। जहां शुक्रवार को केन्द्रों में केन्द्रों के व्यवस्थापकों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बैठक की। जिसके बाद सभी कक्ष के बाहर अभ्यार्थियों के रोल नंबर की लिस्ट चस्पा की गई। इसके साथ ही सभी को पेपर कराने के लिये जानकारियां दी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर के सभी केन्द्रों में पुलिस भी मौजूद रहेगी। गोपीनाथपुरम के एसवीए में 480 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। वहीं अन्य चार केन्द्रों पर 384 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

सुबह से शाम तक गुल रही बिजली, लोग हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। शुक्रवार को सरैयां स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज में मरम्मत कार्य होना था। जिसे देखते हुये विभाग के एक्सईएन पहुंचे। जहां उनकी मौजूदगी में बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य किया। कार्य के दौरान नगर के फीडर नंबर दो, तीन, चार व पांच की आपूर्ति बंद रही। सुबह से शाम तक बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब साढ़े पांच बजे सभी फीडरों की आपूर्ति चालू हो सकी।

शुक्रवार को बिजली विभाग के एक्सईएन सूर्योदय कुमार सरैयां स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज पहुंचे। जहां पूर्व निर्धारित मरम्मत के कार्य को लेकर दस बजे सब स्टेशन से नगर के फीडर नंबर दो, तीन, चार व पांच की आपूर्ति बंद की गई। जिसके बाद एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद और जेई विष्णु कुमार शुक्ला की देख रेख में बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान बिजली कर्मियों ने पूरी यार्ड में लगे ट्रांसफार्मर की साफ सफाई करने के साथ ही मरम्मत कार्य किया। वहीं कर्मियों ने सब स्टेशन में पावर परिवर्तक एवं स्वीचयार्ड को खोलकर पूरी तरह से साफ सफाई करते हुये मरम्मत कार्य किया। कार्य होने के कारण सभी फीडर की सुबह दस बजे से बिजली गुल रही। साढ़े सात घंटे बिजली न आने पर घरों के इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। शाम करीब साढ़े पांच बजे सभी फीडरों की आपूर्ति चालू हो सकी।

सबस्टेशन में मरम्मत करते बिजलीकर्मी।

विधायक के खौफ में किसान का परिवार

अमृत विचार फालोअप

संवाददाता पाटन, उन्नाव

अमृत विचार। भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में एक किसान को जबरप बयाना देकर जमीन बेचने का एक विधायक द्वारा दबाव बनाने का मामला सुर्खियों में आया तो शुक्रवार को भगवंतनगर चौकी प्रभारी विमलकांत गोयल ने पीड़ित से मिलकर मामले की जानकारी की। हालांकि मामला सत्ता पक्ष के विधायक से जुड़ा होने के चलते पुलिस कार्यवाही से बच रही है।

पीड़ित परिवार ने बताया कि इससे पूर्व गुरुवार शाम विधायक के पेट्रोल पंप के मैनेजर ने उनके घर पहुंचकर विधायक के खिलाफ दिए प्रार्थनापत्र वापस लेने और पंप के पास स्थित उसके खेत में सड़क किनारे 55 फिट जगह छोड़ने की धमकी भी दी।

बिहार थानाक्षेत्र के कीरतपुर गांव निवासी सुषमा पत्नी राजेंद्र बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री को प्रार्थनापत्र देकर जिले के एक विधायक द्वारा सड़क किनारे स्थित उसकी जमीन को जबरन बेचने के लिए दबाव बनाने व जबरन बयाना देने का आरोप लगाया था। मामले की जांच पुलिस को मिलने के बाद पीड़ित दंपति ने मीडिया में वीडियो जारी कर न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित का आरोप है कि विधायक द्वारा मदद करने के बहाने घर बुलाकर जबरन धमकाकर उसे पांच लाख रुपये थमा दिये थे।

पीड़ित परिवार के घर पर बातचीत करती पुलिस। अमृत विचार

पीड़ित को अनहोनी की आशंका

पीड़ित ने बताया कि उनके घर के सामने सड़क की दूसरी ओर विधायक का पेट्रोल पंप है। जहां विधायक व उनके लोग आते-जाते हैं। विधायक के लोग पंप पर बैठकर उनके घर पर नजरें रखते हैं। ऐसे में उन्हें घर से निकलने में भय लगा रहा है। ऐसे में उनके साथ कभी भी कोई अनहोनी होने की भी आशंका बनी रहती है।

बोले एसओ

एसओ बिहार शिव प्रकाश पांडेय ने कहा कि पीड़ितों से बात की गई है। विधायक द्वारा दिया पैसा वापस कराने का प्रयास चल रहा है। पूर्व चेयरमैन से बकाया वसूली के लिए पीड़ित से कहा है कि कोर्ट का सहारा ले। कई वर्ष पुराना लेनदेन है। इसमें पुलिस के स्तर से कार्यवाही नहीं हो सकती।

दिल्ली पुलिस में बना हेड कांस्टेबल यूपी पुलिस से दिया इस्तीफा

पुरवा। बुलंदशहर जिला के थाना औरंगाबाद के गांव बहादुर पसौली निवासी 27 वर्षीय सचिन जाट के पिता अमर जीत सिंह होमगार्ड विभाग में कार्यरत है। हेड कांस्टेबल सचिन ने कहा कि उसने एमए तक पढ़ाई की है और दो वर्ष मध्य प्रदेश में सिपाही के पद पर सेवा दे चुका है। उसकी 18 दिसंबर-19 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव की पुरवा कोतवाली में सिपाही के पद पर तैनाती हुई थी। जहां से उसने दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर सन-2022 में आवेदन किया था। दिसंबर-23 में उसने परीक्षा पास की थी। वहीं 26 फरवरी को दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल के पद पर ज्वाइनिंग करने का लेटर मिलने पर बीती 12 फरवरी को उसने इस्तीफा दे दिया। सचिन ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। उसका सपना पीसीएस अफसर बनने का है। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने उसे विदाई दी है।

सार-संक्षेप

भवन के निर्माण स्थल से हजारों का माल चुरा ले गए चोर

पाटन उन्नाव। बीती रात चोरों ने भवन निर्माण स्थल से हजारों का बिल्डिंग मैटेरियल पार कर दिया। घटना की शिकायत पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर की है। बिहार थानांर्तगत बेखौफ चोर ताबड़तोड़ चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस द्वारा क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा न करने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोर बीती रात थाने से 600 मीटर दूर पुराने उन्नाव-रायबरेली मार्ग किनारे बजौरा मोड़ के सामने कस्बा बिहार निवासी शुभम पुत्र स्व. श्रीकांत मिश्रा द्वारा बनवाई जा रही दुकानों के निर्माण स्थल से 18 बोरी सीमेंट, 16 सरिया, एक ड्रम, एक चहली, एक फावड़ा व अन्य समान चुरा ले गए। इसकी शिकायत पीड़ित ने प्रार्थनापत्र देकर पुलिस से की है। इस संबंध एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

युवक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में मचा कोहराम

गंजमुरादाबाद उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव कुंशी निवासी एक युवक की कानपुर नगर जिला में हुई मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक का शव शुक्रवार को जब गांव पहुंचा तो उसके परिजनों में कोहराम मच गया। कुंशी गांव निवासी 19 वर्षीय गोलू उर्फ अंकित पुत्र कमलेश कानपुर नगर के थाना बिल्हौर अंतर्गत गांव बकोठी स्थित एक मुर्गा फार्म में मजदूरी करता था। बीती गुरुवार शाम वह होटल पर खाना लेने पैदल गया था। वहां से लौटते समय बिल्हौर-कन्नौज मार्ग पर बांगरमऊ मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी थी। इसमें गोलू की मौत हो गई थी। अरौल थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। शुक्रवार दोपहर उसका शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

अनियंत्रित बाइक वैन से टकराई, बाइक सवार गंभीर

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शंकरपुर सरायं निवासी एक युवक की बाइक बेहटा गांव के पास अनियंत्रित हो गई। जिससे सामने से आ रही वैन में उसने टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है। शंकरपुर सरायं निवासी मोतीलाल का बेटा सुशील कुमार मगरवारा स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में काम करता है। शुक्रवार सुबह आठ बजे वह बाइक शंकरपुर सहजनी मार्ग से तेजी से जा रहा था, तभी बेहटा गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही वैन में जोरदार टक्कर मार दी। हेलमेट न लगा होने पर उसके सिर पर गंभीर चोटें आई और वह सड़क पर बेहोश हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया। जिसके बाद उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज। एसपी के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी से दुष्कर्म के वांछित को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि जाजमऊ चौकी क्षेत्र के भिटवा गांव निवासी रामऔतार के पुत्र अमन ने एक किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। वह दर्ज मामले में वांछित चल रहा था। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

संपूर्ण समाधान दिवस किया गया निरस्त

उन्नाव। पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की परीक्षा में व्यस्तता को देखते हुए शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस को निरस्त किया गया है। अब इसे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।

पेड़ से गिरकर युवक घायल, रेफर

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दुर्जन खेड़ा गांव निवासी भगवानदीन (45) पुत्र राम औतार शुक्रवार को घर के पास लगे पेड़ पर चढ़कर बकरियो के लिए पत्ते तोड़ रहा था। तभी पेड़ पर बैठे बंदर के डर से वह घबरा गया और पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे घायल पड़ा देखा तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक को एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

छत से गिरकर बच्ची गंभीर घायल

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा के मोहल्ला शीतलगंज निवासी पल्लवी (5) शत्रोहन दोपहर बाद पड़ोस के बच्चों के साथ छत पर खेल रही थी। तभी वह अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

राशन में भ्रष्टाचार का घुन | कोटेदारों ने कहा कि गल्ला गोदाम से उन्हें हर बोरी में पांच किलो तक कम मिल रहा राशन

एसडीएम साहब! गल्ला गोदाम में हो रहा 'भ्रष्टाचार'

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। सरकार द्वारा उचित दर विक्रेताओं को बीते दिनों इलेक्ट्रानिक तौल मशीन देकर बिना घटतौली के संपूर्ण खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिये हैं। इसके बाद शनिवार को कोटेदारों ने एसडीएम हसनगंज को दिये शिकायतीपत्र में कहा कि सरकारी गल्ला गोदाम से उन लोगों को खाद्यान्न का वितरण भी इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से ही कराया जाय। तभी खाद्यान्न वितरण सही से हो सकेगा। कोटेदारों ने कहा कि गोदाम में तो राशन की चोरी हो रही है और उन लोगों से इमानदारी से राशन वितरण को बाध्य किया जा रहा है।

कोटेदारों ने एसडीएम हसनगंज हिमांशू गुप्ता को दिये पत्र में बताया कि गल्ला गोदाम से हो रही खाद्यान्न वितरण प्रणाली को लेकर कई बार कोटेदारों ने शिकायत की लेकिन आज तक उनकी वितरण प्रणाली में कोई सुधार नहीं हो सका। बताया कि गल्ला गोदाम से इस माह उन लोगों को जो खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है उसमें गेहूं की बोरी 52 किलो, चावल की बोरी 51 किलो और बाजरे की बोरी 51 किलो बताकर दी गईं। लेकिन, जब उन लोगों ने राशन की बोरियो की तौल की तो उनमें से कोई 47 किलो तो कोई 48 किलो की निकली। कहा कि उन लोगों को जनता में वितरण को लेकर इलेक्ट्रानिक तौल मशीन दी गई है उसमें एक ग्राम भी कम राशन नहीं दिया जा सकता। ऐसे में वे लोग लाभार्थियों को कैसे पूरा राशन दे सकेंगे। कोटेदारों ने एसडीएम से मांग की कि गल्ला गोदाम से उन्हें जो खाद्यान्न दिया जाता है वह भी इलेक्ट्रानिक तौल मशीनों से दिलाया जाए। एसडीएम ने कहा कि कोटेदारों की शिकायत मिली है, जांच कराई जाएगी।

एसडीएम के पास शिकायत करने पहुंचे कोटेदार। अमृत विचार

- एसडीएम को दिये प्रार्थनापत्र में गल्ला गोदाम में भी इलेक्ट्रानिक तौल मशीन लगवाने की मांग

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पुरवा ब्लाक क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय गोसाई खेड़ा की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या दीप्ति खरे ने किया। इसमें प्रमुख रूप से बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक, 100 और 200 मीटर दौड़, ऊंची व लम्बी कूद की प्रतियोगिताएं हुईं।

निर्णायक मंडल द्वारा कैरम में छात्र वर्ग मे बीए प्रथम वर्ष के हरेश्याम कुशवाहा प्रथम स्थान व छात्रा वर्ग में निहारिका बीए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान घोषित किया। शतरंज में नीलेश बीए प्रथम वर्ष व छात्रा में साधना बीकॉम प्रथम वर्ष अव्वल रहे। एकल बैडमिंटन में वतन व आंचल ने पहला स्थान पाया। जबकि, युगल बैडमिंटन में शिवम व अमन की जोड़ी प्रथम स्थान पर रही। 100 व 200 मीटर दौड़ में सिद्धार्थ प्रथम स्थान पर रहे। वहीं 100 मीटर दौड़ में छात्रा वर्ग में साक्षी यादव ने प्रथम स्थान पाया। वहीं, अन्य प्रतियोगिताओं में ऊंची कूद व लम्बी कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक में छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभा दिखाई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वालों को क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक के साथ प्रमाणपत्र दिया गया। संचालन प्रो. सपना पांडेय ने किया। खेलकूद प्रभारी डा. पूनम चौहान ने सभी प्राध्यापकों, क्रीड़ा समिति व प्राचार्य प्रो. दीप्ति खरे को धन्यवाद दिया। प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, गुरु प्रसाद राठौर, पुष्पेंद्र कुमार, डा. ज्योति बाजपेई, डा. प्रियंका गौड़, डा. प्रेरणा त्रिपाठी, डा. प्रशान्त सिंह आदि मौजूद रहे।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

> अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

प्रसंगवश

चुनौतियां और किताबों से प्यार

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

महानता और अंधविश्वास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

सोशल फोरम

अनिवार्य मिलिट्री सेवा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> 1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

आपका पत्र

सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

यमुना नदी पुल के भार परीक्षण में फंसा पेच

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले को जालौन की सीमा से जोड़ने वाले शेरगढ़ घाट पर यमुना नदी के पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश पर 16 दिसंबर से रोक लगी है। इस पुल की मरम्मत कर दी गई लेकिन हाटगेज लगाकर अभी सिर्फ छोटे चार पहिया वाहनों की ही आवाजाही है।कहा गया था कि पुल की मरम्मत के बाद भार परीक्षण होगा।यदि भार परीक्षण में पुल की क्षमता भारी वाहनों के लिए पाई जाएगी तो भारी वाहन पुल से आवागमन कर सकेंगे। लेकिन अभी तक भार परीक्षण के लिए शासन से धनराशि नहीं मिल सकी है। जिसके चलते भार परीक्षण नहीं हो सका। जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि कब तक भारी वहन चलेंगे। जिसके चलते व्यापारियों को परेशानी हो रही है।क्योंकि भारी वाहनों को इस वजह से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पर बहुत अधिक टोल टैक्स देना पड़ता है। जबकि लोक निर्माण विभाग की तरफ से भार परीक्षण को लेकर शासन को 30 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा गया था।

शेरगढ़ घाट पुल से टोल टैक्स बचाने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे के लिए हरदोई मौरंग व गिट्टी लेकर जाने वाले 800-900 ट्रक गुजरते थे। इससे पुल को नुकसान होने की आशंका जताते हुए हुए लोक निर्माण विभाग ने डीएम के के आदेश पर 16 दिसंबर 2023 को भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। तभी पुल के दोनों ओर हाइट गेज लगा दिए गए थे। इससे शहर में झांसी से आने वाले मौरंग व गिट्टी समेत अन्य झांसी से मौरम व गिट्टी के ट्रक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से घूमकर आते है। जिसके चलते गिट्टी के दाम बढ़ गए है। व्यापारी ही नहीं आम जन परेशान है। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अभिषेक यादव ने बताया कि भार परीक्षण को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

मेले में मारपीट पुलिस ने दो को पकड़कर छोड़ा

फर्रुखाबाद। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में मनोरंजन क्षेत्र के बाहर पापड़ी विक्रेताओं में मामूली सी बात चीत पर जम कर मार पीट हो गई। दोनों पक्षो की महिलाएं भी आपस मे भिड़ गई। मौके पर पहुंचे मेला कोतवाली प्रभारी सत्यपाल दोनों पक्षो से एकएक युवक को पकड़ कर थाने ले आये।

इस दौरान मनोरंजन क्षेत्र के बाहर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई । पुलिस दोनों पक्षो को रात भर कोतवाली में बैठाए रही।सुबह दोनों पक्षों ने कोई कार्रवाई न करने की बात कह कर समझौता कर लिया । मेला राम नगरिया में आये दिन हो रहे बवाल पर कल्पवासी पुलिस पर सवालिया निशान लगाने लगे हैं। लोगो का कहना है कि पुलिस निष्क्रियता से मेले में आये दिन मार पीट हो रही है। यदि पुलिस ने इन घटनाओं पर फौरी तौर पर अंकुश न लगा तो बड़ी घटना घट सकती है।

अखिलेश ने फिर दिए संकेत, कन्नौज से लड़ना तय

इरा अवस्थी, कन्नौज

- भाजपा को दे सकते हैं कड़ी टक्कर, कराया विकास आ सकता काम
- दो दिन पूर्व निजी दौरे में सपा मुखिया ने कन्नौज को बताया था अपना घर

अमृत विचार। विगत करीब ढाई दशक से कन्नौज की राजनीति पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र रही है। वर्ष 1999 में सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव के चुनाव लड़ने के साथ ही इसकी शुरुआत हुई थी। इसके बाद ही मौजूदा अध्यक्ष व उनके बेटे अखिलेश ने 2000 में यहीं से राजनीतिक पारी शुरू की थी। अब 14 साल बाद एक बार फिर से वे यहां से ताल ठोंकने की तैयारी में हैं और इस बात के संकेत वे दो दिन पहले कन्नौज के निजी दौरे में दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि घर से भी चुनाव लड़ने की घोषणा करनी पड़ेगी। भले ही भाजपा ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है लेकिन पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा मौजूदा सांसद के लिए ही संकेत दिए थे। ऐसा होता है तो अखिलेश व सुब्रत के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की कर्मभूमि अपनी खुशबू के लिए तो विश्वप्रसिद्ध है ही, राजनीति को लेकर भी कम चर्चित नहीं रहती है। इस क्रम में समय-समय पर राजनीतिक धुरंधरों ने न सिर्फ यहां से चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधित्व हासिल किया बल्कि इसे वीआईपी की श्रेणी से भी नवाजा। विगत 25 साल की बात करें तो 1999 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने संभल के साथ यहां से भी चुनाव लड़ा था। तब उन्होंने दोनों ही सीटों पर विजयश्री दर्ज कराई थी। उस दौरान मुलायम ने करीब दर्जन

कन्नौज में निजी दौरे के समय प्रेस से बात करते अखिलेश। (फाइल फोटो)

भर जनसभाएं लोकसभा क्षेत्र में कीं थीं। तब मुलायम ने बेटे अखिलेश उर्फ टीपू को राजनीति का ककहरा सिखाने के लिए यहां से मैदान में उतार दिया था और खुद यह सीट छोड़ दी थी।

कन्नौज की जनता ने भी भारी बहुमत से अखिलेश की ताजपोशी की थी। इसके बाद 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में भी अखिलेश लगातार सांसद रहे जिससे यह सीट वीआईपी बनी रही। इसके बाद 2012 में विधानसभा चुनाव में सपा को बहुमत मिला तो मुलायम ने बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दिया। इससे खाली हुई इस सीट पर उनकी पत्नी डिंपल यादव सांसद चुनी गईं और फिर 2014 के चुनाव में मौजूद सांसद सुब्रत यादव को शिकस्त देकर सीट बरकरार रखी।

हालांकि 2019 के चुनाव यह सीट सुब्रत ने नजदीकी अंतर से जीत ली। इसके बाद से चल रही मोदी लहर में 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी विधानसभा क्षेत्र कमल मय हो गए। हाल ही में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण के साथ प्राणप्रतिष्ठा के माध्यम से हिंदू बहुल आबादी में खासी पैठ बना ली है। ऐसे में मौजूदा सांसद जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। उधर दो दिन पहले यहां पहुंचे अखिलेश यादव ने सदर विधायक राज्यमंत्री असीम अरुण के उस तंज का जवाब दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि 'हार के डर से उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की'। कहा कि 'कन्नौज, अपने घर में भी घोषणा करनी पड़ेगी'। उनके उत्तर से इस बात को बल मिल रहा है कि वे यहां से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। खास यह कि उनके पास अपने सांसद रहते कराए कार्य गिनाने के लिए हैं। इनको वे समय-समय पर गिनाते भी रहे हैं। हालिया दौरे में भी उन्होंने कैंसर अस्पताल, मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए जिनका निर्माण उनके या उनकी सरकार में हुआ था।

इधर मौजूदा जनप्रतिनिधि के पास (टिकट मिलने की स्थिति में) गिनाने के लिए कोई ऐसे काम नहीं जिनको जनता की आंखें देख रहीं हों। ऐसे में अगर जनता काम को चुनती है तो इस चुनाव में कांटे की लड़ाई देखना दिलचस्प होगा।

महज दो गांठ लहसुन के पीछे वृद्ध को पीटा, अस्पताल में मौत

छिछौनापुर गांव की घटना, खेत मालिक ने किया लाठी-डंडों से हमला

संवाददाता, शमसाबाद-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया। शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वृद्ध के स्वजन ने गांव के ही खेत मालिक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरीराम

गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। यह करते खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और गाली गलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल हरीराम को देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले जाया गया। शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

रोते-बिलखते हरीराम के परिजन। अमृत विचार

तंबाकू की फसल नष्ट करने से मना किया तो पीटा

कायमगंज-फर्रुखाबाद। गांव महादेवपुर निवासी रामरतन ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है 3 फरवरी की शाम 6 बजे वह अपने भाई ब्रजेंद्र, कुलदीप के साथ खेत की रखवाली कर रहा था। तभी भजी नगला निवासी कल्लू, रिंकू, दयाराम, सत्यपाल अपने मवेशी लेकर खेत में घुस आए और तंबाकू की फसल को नष्ट कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित हमलावर हो गए और लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी बीच बचाव करने आए गांव के बीरपाल को भी हमलावरों ने टकोरा व हंसिया से हमला कर घायल कर दिया।

भूमि विवाद में चले लाठी-डंडे महिलाओं सहित चार घायल

कायमगंज। जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मार पीट हो गई। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। थार दार हथियार से घायल युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योना निवासी सुमित कुमार व अखिलेश व उनकी मां बेबी देवी को घायलावस्था में परिजन नगर के सरकारी अस्पताल लाए। सुमित ने बताया कि उसकी जमीन की पैमाइश क्षेत्रीय लेखपाल ने कर चिन्हांकन किया था। विपक्षी देशराज व फकीरे पुत्र सियाराम, सतेन्द्र व जितेन्द्र पुत्र मकरन्द चिन्हांकन को हटा रहे थे। जब विरोध किया तो उक्त लोग मारपीट पर अमादा हो गए। बचाने आईं मॉ बेबी देवी, बुआ वृद्धा हिना देवी एवं भाई अखिलेश को भी मारापीटा। इन लोगों ने मारपीट के दौरान धारदार हथियार से भी हमला किया। जिससे सुमित लहूलुहान हो गया। जानकारी होने पर हल्का आरक्षी अस्पताल पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत पुलिस से करने को कहा।

बाइक की टक्कर से हुई महिला व बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर सड़क के किनारे जा रही एक महिला व छह माह के मासूम बच्चे को तेजी से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद भाग रहे बाइक सवार को लोगों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

क्षेत्र के गांव कोठी शेरपुर निवासी महेंद्र सिंह की पत्नी मीरा देवी की भतीजी की गोपियापुर में शादी है। वह अपने परिवार की निर्मला देवी , महिमा देवी व अनामिका के साथ शादी में शामिल होने के लिए गोपियापुर जा रही थी। सभी टेंपो से गोपियापुर के सामने हाईवे पर उतर गई। सभी रोड पार रोड के किनारे खड़ी हो गई। महिमा देवी ने अनामिका के छह माह के बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। तभी इकदिल की ओर से आ रहे बाइक सवार ने महिमा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिमा मय बच्चे के सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्चे को भी गंभीर चोटें आई। महिलाओं ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने बाइक सवार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया और दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बसरेहर, इटावा । थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसगवां नहर पुल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। सैंफई थाना क्षेत्र के गांव नगला मठिया निवासी शिवपाल सिंह 55 वर्ष पुत्र हदय राम बाइक से अपनी ससुराल लखन पुरा भरथना ससुर की मौत हो जाने पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे तभी बसगवां नहर पुल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

जेईई मेन परिणाम में आकाश बायजूस उन्नाव का परचम

उन्नाव : आकाश बायजूस ने उन्नाव से अपने 4स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने जेईई मेन 2024 के पहले सत्र में 98 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। शहर के शिखर गुप्ता ने 99 .85 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉप किया। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्समें शिखर गुप्ता 99 .85 परसेंटाइल के साथ सिटी टॉपर रहे। इसी क्रम में उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 99 .33, ऐश्वर्य द्विवेदीने 98 .54 और प्रतीक कुमार पटेल ने 98 .24 परसेंटाइल हासिल किए हैं।छात्रों को बधाई देते हुए, डॉ. एच. आर. राव, क्षेत्रीय निदेशक, आकाश बायजूस ने सराहना की।

कार्यालय ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी, विकास खंड राजेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत वर्ष 2023–2024 दिनांक 17.02.2024 से 23.02.2024 तक

क्र0	कार्य का नाम	सामग्री	कुल अनुमानित लागत	निविदा पूर्ण करने की अवधि
1	सी सी रोड से उदयपाल के खेत तक दोनो तरफ साइड बाल व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	235193	320161	7 दिन

दीप्ती तिवारी
प्रधान
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर जिला फर्रुखाबाद

अशोक कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत भाऊपुर चौरासी
विकास खंड राजेपुर जिला फर्रुखाबाद

ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

निविदा

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू में मनरेगा योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक :– 17/2/2024 से 20/2/2024तक**

क्र0सं0	कार्य	लागत	धरोहर राशि	निविदा राशि
1	रामसिंह के घर से चौबा आरख के घर तक इंटर लॉकिंग निर्माण	573459	11450	500
2	ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू स्थित गौशाला में टीन शेड निर्माण	855103	17000	500
3	झुल्लू पुत्र लाला काऊशेड निर्माण	133881	2650	500
4	शिवप्रसाद पुत्र लखन का काऊशेड निर्माण	128781	2450	500
5	रामप्रसाद पुत्र सरजो का काऊशेड निर्माण	133081	2650	500
6	जगदीश पुत्र सूरजदीन का बकरीशेड निर्माण	142951	2850	500
7	विनोद पुत्र रामराज का बकरीशेड निर्माण	143531	2850	500
8	दिनेश पुत्र रामचंद्र का बकरीशेड निर्माण	142551	2850	500
9	द्वारिका पुत्र गयादीन का बकरीशेड निर्माण	142551	2850	500
10	सुरतिया पत्नी रामबली का बकरीशेड निर्माण	142551	2850	500
11	अर्चना पत्नी सुकरु का बकरीशेड निर्माण	140751	2810	500

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत तीरधुमाई गंगू
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

सार-संक्षेप

हत्या का आरोपी साक्ष्यों के अभाव में हुआ बरी

इटावा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना द्वितीय ने चार साल पुराने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध चंद्र द्विवेदी ने बताया कि जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव खेडा बुजुर्ग धनुआ निवासी माया नारायण चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसका चचेरा भाई निराकार उर्फ कृष्ण कांत गांव के ठाकुर चंद जाटव के मकान में रहते थे। 15 मई 2019 को पता लगा कि उसके घर से बदबू आ रही है। बाद में जब दरवाजा खोलकर देखा तो तख्त के नीचे उनका शव पडा था गर्दन पर चोटों के निशान थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। छानवीन के बाद पुलिस ने गांव के ही विकास उर्फ भूरा पुत्र हरि प्रसाद के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष की ओर से सुबोध द्विवेदी ने बचाव के लिए सबूत पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में विकास उर्फ भूरा को बरी कर दिया।

अब लाभार्थी के साथ चार गवाह भी आएंगे

औरैया। जिले में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में आवेदन करने वाले लाभार्थियों के साथ अब गांव के चार गवाहों का नाम भी जोड़ा जाएगा। जिससे सत्यापन में अपात्र होने पर गवाह भी कार्रवाई की जद में आएंगे। बलिया की घटना के बाद समाज कल्याण विभाग नई व्यवस्था के तहत आवेदन ले रहा है। इसके लिए ब्लॉकों को एडवाइजरी जारी की गई है। गरीब बेटियों के साथ पीले करने के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की है। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को बेटियों की शादी की जाती है। जिसमें कन्या के खाते में 35 हजार भेजने के साथ दस हजार रुपये का उपहार दिया जाता है। इसके अलावा शादी समारोह पर दस हजार खर्च होता है। बलिया के मनियर ब्लॉक में सामूहिक विवाह में धांधली से शासन स्तर पर खलबली मच गई है। उस घपले की जांच जिले में भी देखने को मिल रही है। भविष्य में धांधली न हो इसलिए आवेदन लेते समय ही कई व्यवस्थाएं शुरू की गई हैं। लाभार्थी के आवेदन के समय गांव के ही चार गवाहों का नाम भी लिखा जाएगा। उनका मोबाइल नंबर और ग्राम प्रधान का नंबर भी आवेदन संग दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व की तरह सचिव, ब्लॉक स्तर पर सत्यापन पहले की तरह ही किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ.इंदिरा सिंह ने बताया कि बलिया की घटना की लेकर शासन गंभीर है। भविष्य में होने वाले सामूहिक विवाह में आनलाइन आवेदनों का भौतिक सत्यापन पहले की तरह ही किया जाएगा। इस लाभार्थी के आवेदन संग चार गवाहों के नाम भी अंकित होंगे। जिससे अगर सत्यापन में आवेदक अपात्र मिलेता तो गवाहों से भी पूछताछ होगी।

हत्या के दोषी को उम्रकैद की सजा, जुर्माना भी लगा

चित्रकूट। जमीन के लिए बाबा की हत्या करने में दोषी युवक को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा दी है। यह चचेरे भाइयों को जमीन दिए जाने के निर्णय से नाराज था और गुस्से में वृद्ध का कत्ल कर दिया था। इसे कोर्ट ने 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि दो सितंबर 2019 को पहाड़ी थाना क्षेत्र के इटौरा निवासी भगवानदीन आरख पुत्र असवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई रामदास (65) एक सितंबर 2019 की शाम लगभग साढ़े सात बजे घर से खाना खाकर खेतों की रखवाली करने के लिए गया था। दूसरे दिन सुबह जब रामदास नहीं लौटा तो वह मवेशियों का गोबर लेकर खेत में डालने पहुंचा, जहां उसने देखा कि रामदास की गला काटकर हत्या कर दी गई है और खेत में शव पड़ा था। भगवानदीन ने इस संबंध में प्रेमचंद आरख पर हत्या का शक जताया था।

अस्पताल गेट पर जनऔषधि केंद्र संचालक पर हमला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पुत्र को रैबीज बैक्सीन लगवाने जिला अस्पताल गये जन औषधि केंद्र संचालक, उनकी मां और पुत्र पर फार्मासिस्ट ने जानलेवा हमला कर दिया। कार से घर जाते समय अस्पताल गेट पर कार रोक कर साथियो के साथ मिल कर मारपीट की। सिर पर लोहे की राड तो पुत्र के सीने पर तमंचे की बट से वार किया। युवक का सिर फट गया। इससे अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। पांच नामजद और 20-25 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव तेरारागी निवासी अजीत पाण्डेय पुत्र राम बाबू जिला अस्पताल में जनऔषधि केंद्र का संचालन करते हैं। शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे मां के साथ वह कार से पुत्र को रेबीज इंजेक्शन लगवाने जिला अस्पताल आये थे। पर्चा बनवा कर डॉक्टर से लिखवाने के बाद कमरा नंबर 10 में मौजूद अप्रेंटिस फार्मासिस्ट सूफियान पुत्र अतीक निवासी जलालपुर सरवन के पास पहुंचे। पर्चा थमाते हुए उन्होंने इंजेक्शन लगाने को कहा तो उसने मना कर दिया। दोबारा कहने पर धमकी देते हुए मां को धक्का मार दिया, जिससे वह गिर पड़ी। इसके बाद धमकी दी कि उसे जानते नहीं वह कौन है।

घटना के बाद घायल से जानकारी लेते कोतवाल विष्णुकांत तिवारी। अमृत विचार

आरोप है कि इसके बाद उसने अपने गांव जलालपुर सरवन फोन कर 20-25 लोगों को जिला अस्पताल बुला लिया। इससे पहले वह पुत्र व मां को कार में बैठाने के बाद घर के लिये चल दिया। जैसे ही वह जिला अस्पताल के गेट के निकट पहुंचा उसी समय सूफियान व उसके साथियों ने कार रोक ली और एक भी न सुनते हुए कार के अंदर उनके साथ मारपीट करने लगे। लोहे की राड से वार कर अजीत का सिर फोड़ दिया। पुत्र के सीने में तमंचे की बट मार दी। इस दौरान अजीत के गले में पड़ी सोने की चेन कहीं गिर गई। घटना से अस्पताल गेट पर अफरा तफरी मच गई। शोर सुन कर कुछ लोग मौके पर पहुंचे और बचाया। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। इसके बाद पुलिस ने गांव जलालपुर दविस दी पर आरोपी नहीं मिले।

नीलामी – सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.02.2024 दिन सोमवार को थाना माधौगढ़ में 01 अदद ट्रक नं0 UP70DT6424 की नीलामी होना प्रस्तावित है। आप लोग दिनांक 19.02.2024 को नीलामी में भाग ले सकते है।

रजनेश कुमार चौहान
प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली माधौगढ़ जनपद जालौन

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI

वित्तीय समावेशन विभाग, हरदोई आंचलिक कार्यालय 849, प्रथम तल, अवस्थी कॉम्प्लेक्स, शाहजहाँपुर रोड, डीएम चौराहा हरदोई, उ0प्र0–241001

वित्तीय साक्षरता सलाहकार फर्रुखाबाद एवं कन्नौज अनुबंध के आधार पर स्टाफ सदस्यों की आवश्यकता

बैंक ऑफ इंडिया, हरदोई अंचल अनुबंध के आधार पर फर्रुखाबाद एवं कन्नौज में विभिन्न पदों के लिये योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

पद का नाम	जगह	रिक्त पद	मासिक मानदेय
वित्तीय साक्षरता सलाहकार	फर्रुखाबाद	1	₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू)
वित्तीय साक्षरता सलाहकार	कन्नौज	1	₹ 18,000/- (नियम एवं शर्तें लागू)

कृपया नोट करे: केवल सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी ही पात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

कृपया नोट करें कि उपरोक्त पद पूर्ण रूप से अनुबंध के आधार पर भराजाएगा एवं नियुक्त व्यक्ति का कार्य विस्तार उनके कार्य की समीक्षा के आधार पर निश्चित अंतराल पर किया जाएगा। नियुक्ति बैंक के नियम एवं शर्तों के आधार पर की जाएगी। उपरोक्त पद के लिए आवेदन पत्र हमारी वेबसाइट www.bankofindia.co.in के करियर सेक्शन से प्राप्त किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे गये एवं समस्त दस्तावेज़ के साथ आवेदन पत्र हमारे आंचलिक कार्यालय, हरदोई के उपरोक्त पते पर दिनांक **04.03.2024** की शाम **5.00 बजे** तक भेजे जा सकते हैं।

कृपया नोट करें कि बैंक ऑफ इंडिया, बिना किसी पूर्व सूचना के इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (उम्मीदवार अधिमांतः स्थानीय क्षेत्र के होने चहिए) आवेदन पत्र का डाक संक्रमण में प्राप्त न होना, या नुकसान होना, या आवेदन पत्र प्राप्त होने में किसी भी देरी के लिए बैंक किसी भी प्रकार से ज़िम्मेदार नही होगा। आंशिक रूप से भरे या अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नही किया जाएगा। यदि आवेदक चुना जाता है तो प्रस्ताव पत्र स्वीकार करने की तिथि पर आवेदक किसी भी सरकारी या निजी संगठन के साथ पूरा या अंशकालिक आधार या अनुबंध के आधार पर जुड़ा नही होना चाहिए।

**उपरोक्त चयन के लिए बैंक ऑफ इंडिया हरदोई अंचल के पास अंतिम निर्णय सुरक्षित रहेगा।

दिनांकः 17.02.2024, स्थानः हरदोई — आंचलिक प्रबन्धक, हरदोई अंचल

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात , वि0ख0- कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक/मेमो/ मनरेगा 2023–2024 — दिनांक–16/02/2024

विज्ञप्ति

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में डामर रोड से महादेव के घर तक का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध निविदाएं दिनांक 17/02/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 23/02/24 को अपराह्न चार अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	सीमेंट	63 बोरी
2	लोकल बालू	27 घन मी0
3	सी0 सैण्ड	10.80 M3
4	40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	11.83 M3
5	20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	4.36 M3
6	प्रथम श्रेणी ईंटा	3100.00 WW
7	Paver Black Brick	5100.00 WW

प्रधान
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

कानून की शिक्षा सुदूर ग्रामीण भारत में ले जाने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने कार्यक्रम को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, "प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है। विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है।"

उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते।" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं ।

उन्होंने कहा, "यहां तक कि मूट कोर्ट, इंटर्नशिप और प्रतियोगिता जैसे अवसर भी पारंपरिक ढंग से सभ्रांत परिवार से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए। विधि कालेज और विश्वविद्यालयों को विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों को ध्यान में रखकर इसे डिजाइन करना चाहिए।" प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि उत्तर प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें।

उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और विश्वविद्यालय की कुलपति ऊषा टंडन ने भी संबोधित किया।

दीप जलाते सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इलेक्ट्रिक वाहन से राम मंदिर तक पहुंचेंगे वृद्ध

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : मन में रामलला के दर्शन की अभिलाषा लेकर यहां आने वाले वृद्ध और दिव्यांगजनों को मंदिर तक जाने के लिए अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनको सहूलियत और सुविधा के साथ मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन चलाने की तैयारी की जा रही है। ये वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक चलाए जाएंगे। पांच इलेक्ट्रिक वाहन शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किए गए। कुछ ही दिनों में इन वाहनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

अतिवृद्ध व दिव्यांगों को बिना किसी असुविधा के मंदिर तक पहुंचाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन प्राप्त हो चुका है। इसी क्रम में शुक्रवार को कारसेवकपुरम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने टूरिस्ट वाहन के रूप में पांच बैट्री संचालित गोल्फ कार्ट ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को समर्पित किए हैं। कारसेवकपुरम में ट्रस्ट महासचिव व अन्य लोगों ने इलेक्ट्रिक वाहन का टेस्ट ड्राइव भी किया है। ट्रस्ट के अनुसार कुछ दिनों में एक योजना के तहत इन वाहनों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। विश्वहिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। जो भी भक्त दर्शन के लिए यहां आ रहे हैं, उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना सभी का दायित्व है। उन्होंने बताया कि अब तक 12 इलेक्ट्रिक वाहन ट्रस्ट को प्राप्त हो चुके हैं।

ट्रस्ट के महासचिव को इलेक्ट्रिक वाहन की चाबी सौंपते बैंक के अधिकारी।

चलने में असमर्थ लोगों को मिलेगी सुविधा

रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा होने पर वाहन की सुविधा मिलेगी। विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि चलने में असमर्थ वृद्ध और दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए राम मंदिर तक पहुंचाया जाएगा। यह वाहन सुग्रीव किला से राम मंदिर तक ही संचालित किए जाएंगे।

राम मंदिर के उत्सव में राष्ट्रपति और गरीबों के लिए जगह नहीं थी: राहुल

चंदौली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के उत्सव में मोदीजी, अंबानीजी, अडाणीजी और अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था, लेकिन देश की आदिवासी राष्ट्रकपति, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए जगह नहीं थी। राहुल गांधी यहां 'भारत जोडों न्यातय यात्रा' के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बिहार से राहुल गांधी की न्याशय यात्रा 34वें दिन शुक्रवार को दोपहर बाद उप्र के चंदौली में पहुंची जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने न्याजय यात्रा का ध्वेज उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को सौंपा। इस मौके पर राज्यशसभा सदस्यं प्रमोद तिवारी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लूय समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मीडिया पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन छीनी जा रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बारे में क्या कभी टीवी पर देखा? राम मंदिर में नरेन्द्र मोदी आपको दिखे... मुझे बताओ राम मंदिर के उत्सव में क्या आपको कोई किसान दिखा? क्या एक भी गरीब व्यक्ति दिखा? अमिताभ बच्चान दिखे, अंबानी व अडाणी दिखे, हिंदुस्तान के सब अरबपति दिखे। भाजपा के एक दो नेता दिखे, लेकिन क्या आदिवासी राष्ट्रपति दिखीं आपको?'' राहुल गांधी ने खुद ही जवाब देते हुए कहा कि राष्ट्रपति और गरीबों तथा मजदूरों के लिए जगह नहीं थी, बेरोजगार युवाओं के लिए जगह नहीं थी, मगर मोदी जी, अडाणी जी और अंबानी जी समेत अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि असल में हिंदुस्तान के गरीब लोगों के लिए मजदूरी का रास्ता खुला है, संविदा मजदूरी का रास्ता खुला है, बेरोजगारी का रास्ता खुला है, भूख का रास्ता खुला है। उन्होंने कहा अगर आप अरबपति हो, नरेन्द्र मोदी के मित्र हो, तो जो भी जमीन चाहिए ले लो, जो भी हवाई अड्डा चाहिए ले लो, रेलवे चाहिए ले लो। गांधी ने अपनी यात्रा का मकसद स्पलष्टा करते हुए कहा, इस यात्रा में हमने शब्द 'न्योय' इसलिए जोड़ा कि हम न्याय की बात करना चाहते हैं। देश को जोड़ने की बात करना चाहते हैं, एकता की बात करना चाहते हैं, यात्रा में हम लंबे भाषण नहीं देते।

आपके बीच छह-सात घंटे बातचीत होती, जो भी आप किसानों, मजदूरों के दिल में होता है, उसे हमें खुलकर बताइए। उन्होंने कहा यह दो विचारधाराओं की लड़ाई है, एक विचारधारा भाई को भाई से लड़ाती है और आपकी जेब से धन निकालकर दो तीन अरबपतियों को पकड़ा देती है। दूसरी विचारधारा नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलती है और जो आपका हक है, आपका जो धन है, उसे आपके हवाले कर देती है, यही लड़ाई हिंदुस्तान में चल रही है। यात्रा में उप्र में राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणु गोपाल, महासचिव प्रभारी अविनाश पांडेय, महासचिव जयराम रमेश समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

- चंदौली पहुंची यात्रा, कांग्रेस नेताओं ने किया राहुल गांधी का स्वागत

सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई का छापा

कार्यालय संवाददाता, हरदोई

- सीबीआई की छापामारी से बालामऊ जंक्शन पर मची अफरा-तफरी

अमृत विचार। बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा.तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है।

बताते हैं कि शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्ज़े में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार और सीज़ किए गए अभिलेखों के साथ लैपटॉप आदि को अपने साथ लेकर लखनऊ रवाना हो गई। सीबीआई के अफसरों ने फिलहाल ऐसा कहते हुए कुछ भी बताने से मना कर दिया कि वे इस बारे में कुछ नहीं बता सकते।

सुशासन की पहली शर्त है रुल आफ लॉ : योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो,प्रयागराज/लखनऊ

- सरकार तक पहुंचने वाली समस्या का समाधान जरुर होगा
- डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विवि के उद्घाटन समारोह में बोले योगी आदियनाथ

अमृत विचार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी। हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए।

योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। समस्याग्रस्त व्यक्ति के पास शासन तक अपनी बात पहुंचाने के अनेक माध्यम हैं। हम सरकार तक पहुंची समस्या को समाधान तक जरुर पहुंचाएंगे। यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। यही नहीं भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

तीन नए एक्ट बने हैं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बने हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

सिसौली की मासिक पंचायत में आगे की रणनीति तय होगी

मुजफ्फरनगर/बागपत/मेरठ

अमृत विचार। किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा दिए गए 'भारत बंद' के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर के सिसौली में शनिवार को आयोजित एक मासिक पंचायत में आगे की रणनीति तय की जाएगी। टिकैत ने 'पीटीआई वीडियो' से बातचीत में कहा, "हम फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू करने, किसानों की कर्ज माफी आदि मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।" यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी दिल्ली जाने की कोई योजना है, टिकैत ने कहा, शनिवार को सिसौली (मुजफ्फरनगर) में एक मासिक पंचायत है, उसमें आगे की रणनीति तय करेंगे। टिकैत ने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोंवाली चौराहे पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। जिले में 10 स्थानों पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के विभिन्न गुटों के समर्थकों ने धरना दिया।

बिजनौर में, भाकियू ने विरोध प्रदर्शन के तहत कुछ गन्ना तौल केंद्रों पर काम बंद कर दिया। भाकियू के जिला अध्यक्ष सोनू चौधरी ने कहा कि जिले में गन्ना तौल और खरीद केंद्र आज बंद रहे। व्यापारियों ने भी बंद के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं।

हमले में दो युवकों को चार साल की सजा

अयोध्या : घर पहुंचाने के लिए दिए गए 2000 रुपये वापस मांगने पर हमला करने के मामले में दो युवकों पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी शैलेंद्र व सद्दन को चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रत्येक पर 2000 का जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला अपर जिला जज अमित कुमार पांडेय की अदालत से शुक्रवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रमेश कुमार तिवारी व सुधाकर मिश्रा ने बताया कि पहाड़पुर मुकीमपुर थाना इनायत नगर निवासी सुशील हरियाणा प्रांत के प्लाईवुड फैक्ट्री में साथ काम करता था। उसने हरियाणा में अपने ही गांव के शैलेंद्र को 2000 रुपये घर पहुंचा देने के लिए दिए थे। शैलेंद्र ने रुपये सुशील के घर नहीं दिए।

गैंगस्टर के आरोपी बंदी की मौत

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- राज्य स्तरीय माफिया का पिता है मृतक बंदी

अमृत विचार : धोखाधड़ी और गैंगस्टर के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की गुरुवार की रात तबियत बिगड़ने पर मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्ट अटैक से मौत का कारण बताया है। मृतक बंदी राज्य स्तरीय माफिया अतुल वर्मा का पिता है।

जहांगीराबाद थाना के कादिरपुर निवासी ओम प्रकाश वर्मा (72) पुत्र स्व. शिवनारायण जिला कारागार में जून 2021 से निरुद्ध थे। इन पर गैंगेस्टर एक्ट व लोगों की जमीन हड़पने के मामले में धोखा धड़ी के मुकदमें दर्ज हैं। गुरुवार की रात अचानक इनकी तबियत बिगड़ने पर कारागार अस्पताल में प्रथमिक उपचार देने के बाद रात करीब डेढ़ बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओम प्रकाश का बेटे और एल आई सी के अधिकारी अतुल वर्मा ने संकल्प ट्रेडिंग कंपनी बना कर कई लोगों से निवेश, प्लॉट खरीदने आदि का प्रलोभन देकर करोड़ों रुपये का गबन किया था। कंपनी में अतुल ने अपने पिता ओम प्रकाश को भी शामिल किया था। अतुल पर भी गैंगेस्टर व धोखाधड़ी के कई मुकदमें दर्ज हैं। वह भी वर्तमान में जेल में बंद है। जेलर आलोक शुक्ल ने बताया कि बंदी ओमप्रकाश की तबियत खराब हो गई थी। उसे गर्मी लग रही थी। उसे पसीना आ रहा था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल ले जाया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। मामला हार्ट अटैक का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट होगी।

समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन यूं ही नहीं परेशान है। गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी।

गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीय पुत्री शिव देवी का शव संडे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा महिला थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। 4 घंटे बाद वापस लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिव देवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी। हालांकि थानाध्यक्ष का कहना है कि महिला अवसाद ग्रस्त थी।

पति ने पत्नी-बच्चे को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, सीतापुर

- आपसी झगड़े के बाद पति ने उठाया खौफनाक कदम

अमृत विचार। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय मासूम बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात की रात पति-पत्नी के बीच झगडे. के बाद परिजनों ने स्वीकार की है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष उम्र 3 वर्ष पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और मासूम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन वहां पहुंच गए और आनन-फानन में घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गए। दोनों की हालात नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया।

घायल पत्नी को लखनऊ लेकर गया आरोपी पति

मृतका के पिता ने बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह करीब 10 वर्ष पूर्व किया था। उन्होंने बताया कि आरोपी पति हमले के बाद घायल पत्नी और मासूम को एम्बुलेंस बुलाकर स्वयं ही लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर इलाज के लिए गया था। पिता के आरोपों के बाद लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया।

निरीक्षण | नवनियुक्त एडीजी जोन ने लिया सुरक्षा व व्यवस्था का जायजा, की बैठक

राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर प्रशासन के सहयोग से पहले ही कार्ययोजना बना ली गई थी। समय-समय पर इसमें और बेहतरी के लिए सुझाव आते रहे हैं और उन सुझावों को समयानुसार समाहित किया जाता है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। इसमें सरकार व पुलिस विभाग सफल रहा है। पुलिस विभाग इसके लिए कार्यरत है और आगे भी कार्यवाही होगी।

ये बातें शुक्रवार को लखनऊ जोन के नवनियुक्त अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी)अमरेन्द्र सेंगर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी परिसर की सुरक्षा संबंधित जानकारी लेने के लिए आया हूँ।

कहा कि जो भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बदलाव किए जाने हैं, उसका रोड मैप पहले से ही बना हुआ है। इनमें से कई क्रियान्वित हो गए हैं और कई व्यवस्थाओं को आने वाले समय में क्रियान्वित किया जाएगा।

उन्होंने शुक्रवार को जन्मभूमि पथ व भक्ति पथ के साथ राम पथ पर अधिकारीयों के साथ पैदल भरमण कर सुरक्षा और व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और मातहत अधिकारियों से भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, रुट डाइवर्जन तथा सुचारु आवागमन के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, एसपी सुरक्षा,एसएसएफ समेत अन्य सुरक्षा बलों तथा खुफिया एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण करते एडीजी जोन अमरेंद्र सेंगर। अमृत विचार

बैठक कर ली सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी

- नियुक्त के बाद पहली बार गुरुवार देर शाम यहां पहुंचे एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र सेंगर ने परिसर स्थित एसपी सुरक्षा कार्यालय के बैठक कक्ष में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा में तैनात पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ बैठक की । राम मंदिर व परिसर की सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं की सहूलियत और सुविधा को लेकर किए गए इंतजाम की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को सुरक्षा के साथ श्रद्धालुओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार तथा सम्यक आचरण का निर्देश दिया।

पेपर लीक मामले में आयोग के गेट पर छात्रों ने किया हंगामा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। इसके पहले गुरूवार को भी छात्रों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाबुझा कर शान्त का दिया।

पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को कोअभयरथियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है।

इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

हंगामा करते परीक्षार्थी। अमृत विचार

- आयोग की तीन सदस्यीय आंतरिक समिति कर रही जांच

मोदी को पीएम बनाने को कर रहा हूं संघर्ष

अंबेडकरनगर : शुक्रवार को सुहेलदेव राजभर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय सुहेलदेव समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। कहा कि शिवपाल यादव बहुत जल्द बीजेपी में शामिल होने वाले हैं। वह पहले भी एनडीए के साथ तीन साल बीता चुके हैं। उन्हें अपनी चिंता करनी चाहिए, हमारी चिंता नहीं।

सपा से नाराजगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गलत खबर उड़ाई जा रही है और कारण बताया जा रहा है कि राज्यसभा के नामांकन में नहीं पहुंचे जबकि सही बात यह है कि कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण मैं नहीं पहुंच सका। इसी बात को लेकर लोग सूत्रों के हवाले से खबर चला रहे है। जबकि सही बात यह है कि मैं एनडीए में शामिल हूं और 2024 में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है।

एक नजर

दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न आदि घटनाओं को लेकर उत्पन्न तनाव पर चिंता जताई है। उन्होंने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर वहां की राज्य सरकार को इंगित करते हुए कहा कि संदेशखाली में महिला उत्पीड़न को लेकर जारी तनाव व हिंसा गंभीर मामला है। वहां की सरकार को मामले में बिना रियायत बरते दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

कांग्रेस शहर में बढ़ाएगी बूथों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : जिला कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि शहर में बूथो की संख्या बढ़ाई जाएगी। हमारा उद्देश्य हर बूथ को मजबूत करना है जिसके लिए हर बूथ पर दस कार्यकर्ता शामिल होंगे। ये कार्यकर्ता अपने बूथों पर जनता की समस्याओं को सुनेंगे।

प्रदेश में मजबूत है कानून व्यवस्था: मुख्यमंत्री

67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

- मीट की स्मारिका का किया विमोचन, प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को प्रदान की ट्रॉफी

अमृत विचार: मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की।

फील्ड में मिला अनुभव ही असली ज्ञान :मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिये उन्हे दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। वहीं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बहुत सारी चीजों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, डीजी आरपीएफ मनोज यादव आदि शामिल हुए।

सभी के सहयोग से प्रदेश बन सकता है बाल श्रम मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषयक राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न
- हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए

अमृत विचार: अगले पांच साल में उप्र को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए समाज में हर वर्ग को सहयोग करना होगा। क्योंकि प्रदेश व देश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथ में हैं, बच्चे राष्ट्र निर्माता हैं। साथ ही बाल श्रम से मुक्त कराए गए बच्चों के लिए हर जिले में बाल गृह खोलने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए।

यह बात शुक्रवार को विधान भवन स्थित तिलक हाल में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसके परिवार को भी बाहर निकालने के लिए ऐसे प्रयास किये जायें। परिवार की आय के स्रोत बढ़ेंगे तो बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बाल श्रमिक का आयु परीक्षण 24 घंटे में करा लिया जाय। बाल श्रम रेस्क्यू में आ रही दिक्कतों का समाधान किया जाए। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही गैर सरकारी संगठन, यूनिसेफ, श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी शामिल रहें।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने का खत्म होगा इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 19 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुरूआत, तैयारी पूरी

23 अंडरपास का भी मिलेगा तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत रेलवे स्टेशनों के अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले रोड ओवरब्रिज (आरओबी) और अंडरपास आरयूबी का भी शिलान्यास करेंगे। कुल 18 आरओबी व 23 आरयूबी का तोहफा जनता को मिलेगा. लखनऊ में दो आरओबी और 12 आरयूबी का शिलान्यास होगा।

यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत विकसित होने वाले रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्लेटफॉर्म सरफेस का अपग्रेडेशन, एसी, वेटिंग हॉल, आटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम, वाटर वेंडिंग मशीनें, एफओबी, डिजिटल घड़ियां, साइनेज बोर्ड, उन्नत लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्लो बोर्ड, सोलर प्लांट, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्धब कराई जाएंगी।

अमृत विचार: गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का इंतजार अब छह साल बाद खत्म होने जा रहा है। इस स्टेशन की नींव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। लेकिन विश्वस्तरीय बनाने का कार्य रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह ने किया। इसी के साथ यहां विस्तारीकरण का कार्य पूरा करके शुक्रवार को स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 19 फरवरी को इसकी शुरूआत कराने की तैयारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में लखनऊ आ रहे हैं। अटल जी के प्रधानमंत्रीत्व काल में गोमतीनगर स्टेशन दो पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव वाले हाल्ट से बढ़कर पांच प्लेटफार्मों वाला स्टेशन बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2018 में रेलवे लैंड डेवपलमेंट अथॉरिटी आरएलडी को करीब 385 करोड़ रुपये में स्टेशन को विकसित करने का जिम्मा मिला। आरएलडीए ने विभूतिखंड की तरफ कामर्शियल ब्लाक बनाकर उसे लीज पर दिया। इससे होने वाली आय से गोमतीनगर स्टेशन को भी बनाया गया। स्टेशन का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है। एयर कानकोर्स, वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, लाउंज की सुविधा भी दी गई है। नए टर्मिनल पर 14 लिफ्ट और 13 एस्केलेटर लगाए गए हैं। सोलर पावर से स्टेशन बिल्डिंग जगमगाएगी। गोमतीनगर स्टेशन पर आरएलडीए ने चार लाख वर्गफीट क्षेत्रफल में दो कॉमर्शियल ब्लॉक भी विकसित किए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ के मानकनगर, डालीगंज, सिटी स्टेशन सहित पांच अमृत रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले 18 अंडरपास व 23 ओवरब्रिज का भी पीएम शिलान्यास करेंगे। अमृत रेलवे स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के स्टेशनों को चुना गया है। इनकी कुल संख्या 64 थी. कई स्टेशनों पर काम पूरा हो चुका है।

पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को 18.50 करोड़ रुपये और ऐशबाग रेलवे स्टेशन को 20 करोड़ रुपये से विकसित किया जा चुका है, जबकि अगले चरण में विकसित होने वाले स्टेशनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लखनऊ यात्रा के दौरान शिलान्यास करेंगे। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 12 और उत्तर रेलवे के कुल 24 स्टेशन शामिल हैं, जिन्हें अमृत स्टेशन स्कीम के तहत विकसित किया जाएगा. दोनों मंडलों में लखनऊ के पांच स्टेशन शामिल हैं. उत्तर रेलवे के मानकनगर, मल्हौर और मोहनलालगंज स्टेशन के साथ ही पूर्वोत्तर रेलवे का डालीगंज व सिटी स्टेशन शामिल हैं।

8735 निवेश परियोजनाओं का जिलों में होगा भूमि पूजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 करोड़ से कम के निवेश वाले उद्यमियों का जिला मुख्यालय पर होगा पूजन समारोह

उद्योगों का होगा सत्यापन

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश है कि जिलों में होने वाले जीबीसी के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाए। साथ ही जीबीसी के लिए रेडी प्रोजेक्ट के ग्राउंड वैरिफिकेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा किया जाए। इस बात को भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि जीबीसी के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा हो। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने ''उद्यम प्रदेश'' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

अमृत विचार: प्रदेश में अबतक के सबसे बड़े निवेश के लिए होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10-15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का ये महाभियान कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाला मुख्य समारोह जहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, वहीं सभी 75 जिलों में भी 19 फरवरी को जीबीसी का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य आयोजन स्थल लखनऊ में देश विदेश के लब्ध उद्योगपतियों की उपस्थिति होगी। जबकि जिलों में 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों के साथ ही स्थानीय उद्योग से जुड़े गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। इसके अलावा जहां एक तरफ लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी मौजूदगी होगी तो वहीं जिलों में आयोजन के मुख्य कर्ता-धर्ता की भूमिका में जिलाधिकारी होंगे।

1 से 10 करोड़ की 8 हजार 735 परियोजनाएं: ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में कुल 10 लाख 15 हजार 583 करोड़ की 14 हजार 537 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को पूरी तरह तैयार हैं। इनमें 500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4 हजार 577 परियोजनाएं, 1 से 10 करोड़ की सर्वाधिक 8 हजार 735 परियोजनाएं शामिल हैं। सभी परियोजनाओं के धरातल पर आने के बाद 34 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। कुल मिलाकर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 संपूर्ण प्रदेश के साथ ही प्रत्येक जिले में भी औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

भूखंडों की बड़े स्तर पर होगी नीलामी

- ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों की प्रक्रिया की शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सेक्टर 12 व सिग्मा-3 समेत कई सेक्टर के प्लॉट होंगे आवंटित

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉट्स के आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है उनमें एमयू, ओमीक्रॉन-1ए, इटा-02, सिग्मा-3 सेक्टर 36 व सेक्टर 12 प्रमुख हैं। प्रक्रिया के अंतर्गत एमयू सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच-02ई (जिसका वर्ग क्षेत्र 18215 वर्ग मीटर निर्धारित है) का रिजर्व्ड प्राइस 87.78 करोड़ रुपये रखा गया है। इसी प्रकार ओमीक्रॉन-1ए सेक्टर में प्लॉट जीएच-01/जीएच01ए (जो कि 30470.52 स्क्वेयर मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 140.16 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। वहीं, इटा-02 सेक्टर के प्लॉट नंबर जीएच01ए (जोकि 28265 वर्ग मीटर में फैला है) का रिजर्व्ड प्राइस 143.02 करोड़ निर्धारित की गई है। वहीं, सिग्मा-3 सेक्टर के प्लॉट नंबर 151 (जो कि 30000 वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है) का रिजर्व प्राइस 138 करोड़ तथा प्लॉट नंबर 207 (जो कि 38771 मीटर वर्ग क्षेत्र में फैला हुआ है और स्कीम के तहत आवंटित होने वाला सबसे बड़े प्रसार क्षेत्र वाला प्लॉट है) का रिजर्व प्राइस 178.34 करोड़ रुपए रखा गई है जो कि सर्वाधिक है।

अमृत विचार: प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 18215 से लेकर 38711 वर्ग मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉटों का रिजर्व प्राइस 83.78 करोड़ से लेकर 178.34 करोड़ रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉटों का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। साथ ही, जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी। फिलहाल, इस स्कीम के तहत ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन प्लॉटों की नीलामी होनी है उनकी ब्रोशर डाउनलोडिंग व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा 1 अप्रैल 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

वर्ग पहेली-345

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित 3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली - 344 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना	
	ण		3 धा	
	सा		4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	
	र		6 च	क	ई
		7 ब	ल		
8 पां	व		9 झूँ	क	

सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			4					5
			9		3		1	
	8					6		9
		6			7			1
		3				7		
5			1				6	
6		1			8		3	
	2		3		9			6
4					5			7

सुडोकू - 61 का हल

1	2	8	9	5	4	3	6	7
6	5	3	2	1	7	9	8	4
4	7	9	3	6	8	2	5	1
9	4	2	5	7	3	8	1	6
8	6	5	1	4	2	7	9	3
3	1	7	8	9	6	5	4	2
2	9	1	6	3	5	4	7	8
5	3	4	7	8	1	6	2	9
7	8	6	4	2	9	1	3	5

रचनाधर्मिता को जीवंत रखने के लिए साहित्य जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकभवन में सचिवालय साहित्यिकी-2023 का हुआ विमोचन

अमृत विचार: साहित्य हमारे अंदर रचनाधर्मिता और मनुष्यता को जीवंत रखता है, साथ ही उसे गरिमा और विस्तार देता है। यह बात उप्र सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिव गोपाल सिंह ने 'सचिवालय साहित्यिकी- 2023' का विमोचन अवसर पर समाज में साहित्य के महत्व पर कही।

लोक भवन में शुक्रवार को संपन्न विमोचन समारोह में सचिवालय के विशेष सचिव राम नगीना मौर्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पत्रिका में प्रेरक कहानियां, कविताएं तथा साहित्य की अन्य विधाओं का ज्ञानवर्धक संकलन है। पत्रिका के संपादक शिव शंकर द्विवेदी ने कहा कि श्रेष्ठ समाज निर्माण में रचनाओं की विशेष भूमिका होती है। इस अवसर पर भास्कर पांडेय, मुक्ति नाथ झा, सर्वेश कुमार मिश्र, अतुल कुमार, मनोज कुमार सिंह, अजय ओझा, कमलेश कुमार निरंजन समेत राजपत्रित अधिकारी संघ की कार्यकारिणी सदस्य आदि मौजूद रहे।

भाजपा का मुखौटा उतर गया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन में आई नई ऊर्जा

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि भाजपा ने 'इलेक्टोरल बॉन्ड' में घालमेल किया है, भाजपाई राजनीति की जड़े भ्रष्टाचार के गहरे पाताल में चली गई है। 'मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी! हम सब साथ हैं!

सोशल मीडिया एक्स पर किसानों को संदेश देते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख ने कहा है कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाजे से भाजपा की हथेली गरम करके कृषि कारोबार पर कब्जा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ सिद्ध कर रहें थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा कहीं गई ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुँचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ़ साज़िश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना स्वार्थ साधती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियां बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान सरदार ज्ञान सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष — आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

मिथुन — आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

कर्क — आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह — आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्या — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

तुला — आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

वृश्चिक — आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर — आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

कुंभ — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

मीन — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	कीमत सुबह : 10.19	SONY PIX	एज ऑफ टूमारो सुबह : 10.54
	सपूत रात : 07.00		बुलेट ट्रेन रात : 09.00
SONY SMAX	जर्सी सुबह : 09.53	ZEECINEMA	एलोन सुबह : 10.30
	आंख मिचौली रात : 10.00		रईस रात : 07.30
colors CINEPLEX	दोस्ताना दोपहर : 12.47		
	गोविंदा नाम तेरा रात : 09.56		

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी, गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,426.64	22,040.70
बढ़त	376.26	129.95
प्रतिशत में	0.52	0.59

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शनिवार, 17 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14000-14700
अरहरस्पेशल1	12100-12300
चनादाल	7050-7150
मटरदाल	5250-5350
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	6950-7000
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000-5050
अलसी	4500-4600 रुपये।

पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है। आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस

बैंक शामिल हैं।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, 'कैशबैक' या 'रिफंड' ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय

लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,415
गिन्नी (प्रति नग)	47,250-47,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,600
सोना जेवरात गिन्नी	62,600
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,000।

कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा

और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल सहित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। जेपी नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया।

इंडिया के सत्ता में आने पर एमएसपी को कानूनी गारंटी मिलेगी: राहुल

रोहतास/सासाराम, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में किया दावा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा करते हुए कहा कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) सत्ता में आता है तो उनकी पार्टी देश में किसानों की लंबे समय से लंबित मांगों को स्वीकार करेगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करेगी।

गांधी अपनी ''भारत जोड़ो न्याय यात्रा'' के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी में आयोजित 'किसान न्याय महापंचायत' में पहुंचे और उन्होंने खाट पर बैठकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। गांधी ने किसान महापंचायत को संबोधित

करते हुए दावा किया कि किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस एमएसपी को कानूनी गारंटी देगी। उन्होंने कहा-जब भी किसानों ने कांग्रेस से कुछ मांगा हैं, उन्हें दिया गया है। चाहे कर्ज माफी हो या एमएसपी, कांग्रेस ने हमेशा किसानों के हितों की रक्षा की है और हमेशा ऐसा करती करेगी। गांधी का बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत बंद आहूत किया है।

आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

बिल्डर के आवास और कार्यालय पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला

इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी अधिकारी ने बताया-घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भर्ती के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

रांची। झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया

संदेशखालि हिंसा

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

कोलकाता। संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

खेल डायरी

मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

राजकोट, एजेंसी

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			445/10 (130.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट	112	225	9/2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9/1
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	04	24	0/0
ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान	46	104	2/3
रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान	37	89	6/0
जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड	26	28	3/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	03	21	0/0

अतिरिक्त: 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

इंग्लैंड (पहली पारी)			207/2 (35 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट नाबाद	133	118	21/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट नाबाद	09	13	1/0

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

बॉलीवुड हलचल

'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी। जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की

थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

संयुक्त राष्ट्र। तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देशीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर

डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन

को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

एक नजर

गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

राफा। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

बीजिंग/हांगकांग। हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

चेयेने। अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब

इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी

परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

इंफाल, एजेंसी

- हिंसा में दो लोग की मौत, 42 घायल, पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित की

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए

आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

न्यूयॉर्क, एजेंसी। कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

न्यूक्लियर प्लांट...

लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

अमेरिका: दोस्त की हत्या के आरोप में कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

अलास्का। अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें।

याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'आप हम पर दबाव नहीं बना सकते। हम इसे लिस्ट करेंगे और दोपहर बाद इस पर विचार करेंगे।

शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा

- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता

अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

फैक्टरी में आग से मौत का आंकड़ा बढ़ा, 11 की गई जान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान अभी भी जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला। आग इतनी भयानक थी कि लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रहीं थीं।

फैक्टरी में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग तेजी से फैल गई, चीख-पुकार के बीच कुछ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भगदड़ के बीच कई लोग मामूली घायल हो गए। आग ने स्टेशनरी व टेलर की दुकान, सैलून, ढाबा, किराना स्टोर व सामने वाले घरों को चपेट में ले लिया।